www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 6 जून 2025 । वर्ष – 35 । अंक –37 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु







युवा आबादी भारत की ताकत : ओम बिरला — पृष्ठ 3

- सीडीएस-सीजेआई के विदेशी धरती पर महत्वपूर्ण बयान
- रूस से आयात में भारी कटौती के लिए अमेरिका का भारत पर दबाव — पृष्ठ 4

- आतंकवाद विरोधी साझेदारी को बढ़ाने में मजबूती से आगे बढ़ रहा भारत
- यूएन आर्थिक व सामाजिक परिषद के लिए भारत निर्वाचित — पृष्ठ 9

गनेमत ने तीसरे राष्ट्रीय ट्रायल में महिला स्कीट में हासिल किया शीर्ष स्थान — पृष्ठ 10


## बेंगलुरु भगदड़ मामले में कार्रवाई

# आरसीबी सहित 3 के खिलाफ एफआईआर

**बेंगलुरु**, 5 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इन पर विक्ट्री परेड के दौरान आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि भगदड़ की घटना अव्यवस्था और जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही की वजह से हुई। हादसे के 24 घंटे बाद पुलिस ने ये एक्शन लिया है। आरसीबी ने 3 जून को आईपीएल का अपना पहला खिताब जीता था, जिसके बाद टीम की विक्ट्री परेड निकालने की बात सामने आई थी। 4 जून को सुबह से ही सड़कों पर भीड़ उमड़ने लगी। भीड़ को देखते हुए पुलिस ने विक्ट्री परेड की परमिशन नहीं दी और इसे कैंसिल कर दिया गया। पुलिस ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए उस जश्न को भी स्थगित करने का अनुरोध किया था। उनका मानना था कि अभी फैंस में बहुत उत्साह है, क्योंकि एक दिन पहले ही टीम ने ट्रॉफी जीती है। पुलिस चाहती थी कि आरसीबी ये प्रोग्राम रविवार को आयोजित करे, लेकिन आरसीबी ने तर्क दिया था कि उनके विदेशी खिलाड़ी अपने देश लौट जाएंगे इसलिए वे 4 जून को ही कार्यक्रम रखना चाहते हैं।

- आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया, हाईकोर्ट ने स्टेट्स रिपोर्ट मांगी
- पुलिस ने परेड की नहीं दी थी अनुमति
- जश्न स्थगित करने का अनुरोध किया था
- दस जून को हाईकोर्ट में अगली सुनवाई



"कर्नाटक सरकार बड़े आयोजनों, सभाओं और जश्न के लिए एक नई एसओपी तैयार करेगी ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके : **जी परमेश्वर**, गृहमंत्री कर्नाटक"

उधर, इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सी एम जोशी बेंच ने राज्य सरकार को हादसे पर स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी।

वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से कहा, 'राज्य सरकार को यह बताना चाहिए कि आरसीबी के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किसने लिया है। जो खिलाड़ी देश के लिए नहीं खेलते, उन्हें सम्मानित करने की क्या मजबूरी थी।' दरअसल, 4 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पहली बार आईपीएल खिताब जीतने पर बेंगलुरु में विक्ट्री परेड का आयोजन किया था। पहले राज्य सरकार ने विधानसभा परिसर में सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया। इसके बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम में हुआ। इससे पहले ही स्टेडियम के बाहर जुटी भीड़ में भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई। 33 घायल हैं। सभी मरने वाले 35 साल से कम उम्र के थे, 3 टीनएजर हैं।

**सहायता राशि देने का ऐलान किया-** इस घटना के बाद कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और आरसीबी ने एक संयुक्त बयान जारी कर मृतकों के लिए दुख जाहिर किया। केएससीए ने बुधवार को मृतकों के लिए 5 लाख की सहायता राशि देने का ऐलान किया, जबकि आरसीबी की तरफ मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया गया है। साथ ही, घायलों के लिए भी एक राहत कोष बनाया गया है।

# गौवंश तस्करी करने वालों की संपत्ति अब अटैच कर नीलाम की जाएगी

- संलिप्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को तत्काल विभाग से किया जाएगा बाहर

**रायपुर**, 5 जून (देशबन्धु)। गौ तस्करी में शामिल आदतन आरोपियों की संपत्ति अटैच कर नीलाम की जाएगी। यही नहीं गौ तस्करी में शामिल पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को तत्काल विभाग से बाहर किया जाएगा ।इस संबंध में उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में गौवंश तस्करी पर रोकथाम के लिए मंत्रालय में आयोजित बैठक में फैसला लिया गया।

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि गौवंश तस्करी को लेकर तमाम जिलों में एक एडिशनल एसपी स्तर के नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। इन सभी अधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी। कुछ जिलों में अच्छा कार्य हुआ है ।कुछ जगहों पर कार्य करने की आवश्यकता है। इन विषयों पर चर्चा हुई।



उप मुख्यमंत्री ने बताया कि गौवंश की तस्करी में संलिप्त पुलिस अधिकारी या कर्मचारी को तत्काल पुलिस विभाग से बाहर निकलने के साथ ही ऐसे प्रकरणों में उपयोग में आने वाली गाड़ियों को अनिवार्य रूप से राजसात कर गौ सेवा के कार्य के लिए नीलाम करने के निर्देश दिए गए हैं ।इसके साथ गौ सेवा आयोग से गौ सेवकों के लिए आईडी कार्ड बनाने का आग्रह किया जाएगा।

**आदतन आरोपियों पर लगेगा सफेमा**

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि गौ तस्करी में संल्पित आदतन आरोपियों पर सफ़ेमा लागू कर उनकी प्रॉपर्टी को अटैच कर नीलामी की जाएगी ।नीलामी से मिलने वाली राशि को गौवंश सेवा के लिए दिया जाएगा। इसके साथ ही पशुपालन विभाग में ऐसे मामलों में कठोर कानूनी कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है। वहीं जिन जिलों में कार्रवाई कम है, उन्हें कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सार संक्षेप

### आतंकवाद पर भारत के रुख का समर्थन करे विश्व समुदाय : खरगे

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को कहा कि भारत, पाकिस्तान पोषित आतंकवाद से पीड़ित है इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद पर भारत के रुख का समर्थन करते हुए पाकिस्तान को वित्त पोषण की अंतरराष्ट्रीय सूची में शामिल नहीं करना चाहिए क्योंकि वह इस राशि का इस्तेमाल आतंक फैलाने के लिए ही करता है। श्री खरगे ने एक बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद पर भारत का रुख समझने और उसका समर्थन करने का आग्रह करते हुए कहा है कि भारत को पाकिस्तान से चलाए जा रहे आतंकवाद के जरिए अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है।

### मध्य प्रदेश में बकरीद को लेकर एडवाइजरी जारी

**भोपाल**। ईद उल अजहा (बकरीद) के पर्व को लेकर मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड की ओर से एडवाइजरी जारी करते हुए कहा गया कि कुर्बानी बंद स्थान पर दें और खुले में नमाज न पढ़ें। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अधीन राज्य में मस्जिद, कब्रिस्तान, दरगाहें, मजार, कर्बला और स्कूल व मदरसे आते हैं। इनकी संख्या 1 5 हजार है। बोर्ड ने अपने अधीन आने वाले सभी मुतवल्लियों (प्रबंधक) और प्रबंध समितियों को निर्देश जारी किए हैं।

### बांके बिहारी मंदिर कॉरिडर बना तो भाजपा की हार तय : अजय राय

**मथुरा**। मथुरा स्थित बांके बिहारी मंदिर पहुंचे उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अगर भाजपा ने मंदिर और आस पास के क्षेत्रों में तोड़फोड़ की तो अगले चुनाव में उसकी हार तय है। अजय राय ने कहा, बांके बिहारी मंदिर जो एक ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल है उसे तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जो बहुत दुखद है। भाजपा ने जिन धार्मिक जगहों पर तोड़-फोड़ की है, वहां चुनाव हारी है। वाराणसी में तोड़-फोड़ हुआ था, नरेंद्र मोदी 7 राउंड चुनाव हारने के बाद मुश्किल से चुनाव जीते। उनके जीत का आंकड़ा बहुत कम हो गया।

### नोएडा में कोरोना से 3 साल की बच्ची की मौत

**नोएडा**। नोएडा में गुरुवार को कोरोना से तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची का इलाज दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल में चल रहा था। डिहाइड्रेशन की शिकायत पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## राहुल गांधी ने बिहार सरकार को घेरा

# सिर्फ सत्ता से चिपके रहना ही नीतीश कुमार का एजेंडा



- राज्य को सुरक्षा, सम्मान और विकास नहीं दे पाई डबल इंजन सरकार
- न्याय नहीं सत्ता की राजनीति का प्रतीक बनी सरकार

**नई दिल्ली**, 5 जून (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि बिहार में 20 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'डबल इंजन' सरकार राज्य को सुरक्षा, सम्मान और विकास नहीं दे पाई। उन्होंने दावा किया कि नीतीश सरकार न्याय नहीं, बल्कि सत्ता की राजनीति की प्रतीक बन चुकी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार के गयाजी में बलात्कार पीड़िता की मां का इलाज करने उसके घर पहुंचे एक चिकित्सक की आरोपियों द्वारा कथित तौर पर पेड़ से बांधकर बेरहमी से पिटाई किए जाने की घटना को लेकर बिहार की नीतीश कुमार सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि जनता को लाचार बनाकर सत्ता से चिपके रहना ही इनका एजेंडा है।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '20 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी नीतीश जी की डबल इंजन सरकार न तो बिहार को सुरक्षा दे पाई, न सम्मान और न ही विकास। अपराध, बेरोज़गारी और पलायन, यही नीतीश-बीजेपी सरकार की असली पहचान बन चुकी है।' उन्होंने कहा कि अब बहुत हुआ। समय आ गया है कि हम अन्याय के इस चक्र को तोड़ें और बिहार को सुरक्षा, स्वाभिमान और सम्मान की राह पर आगे ले चलें।'

**आज बिहार दौरे पर रहेंगे राहुल**–कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को एक दिन के दौरे पर बिहार आएंगे। चुनावी वर्ष में राहुल गांधी की यह पांचवीं बिहार यात्रा है। राहुल गांधी अपनी इस यात्रा में राजगीर और गया जाएंगे। राजगीर में वह अति पिछड़ा सम्मेलन में भाग लेंगे, जबकि गया में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं से संवाद करेंगे।

# प्रधानमंत्री के कश्मीर दौरे के मद्देनजर किए कड़े सुरक्षा प्रबंध

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 5 जून (देशबन्धु)। आज यानि 6 जून को इतिहास बनने जा रहे समारोह की सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रदेश प्रशासन और केंद्रीय एजेंसियां कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। यही कारण है कि कश्मीर से रेल यात्रा के शुभारंभ की खातिर आपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रदेश के दौरे के दौरान चिड़िया भी पर न मार सके जैसी फूल प्रूफ सुरक्षा के लिए हजारों सैनिक जमीन से आसमान तक सुरक्षा प्रदान करने में जुटे हैं। उनकी मदद को सैंकड़ों ड्रोन, लड़ाकू हेलिकाप्टर और मुश्की कुत्ते भी तैनात हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर जम्मू कश्मीर में अधिकतम हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है और वरिष्ठ पुलिस, अर्धसैनिक बल, सेना और खुफिया अधिकारी व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम स्थलों पर और उसके आसपास भारी सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं और कड़ी निगरानी के लिए ड्रोन समेत नवीनतम उपकरण तैनात किए गए हैं।

- ड्रोन, हेलिकाप्टर, हजारों जवान, जमीन से आसमान तक सुरक्षा प्रदान करेंगें
- आपरेशन सिंदूर के बाद हो रही मोदी की यात्रा
- इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है चिनाब पुल

प्रधानमंत्री मोदी 272 किलोमीटर लंबे उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक के पूरा होने पर वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने से पहले भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के प्रतीक चिनाब पुल और भारत के पहले केबल-स्टेड अंजी पुल का उद्घाटन करने वाले हैं, जो घाटी को सीधी ट्रेन कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। अधिकारियों के बकौल, घुसपैठ और राष्ट्रविरोधी तथा विध्वंसकारी तत्वों की आवाजाही को रोकने के लिए सीमाओं और अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत इलाके में दबदबा बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों के घरों पर छापेमारी तेज कर दी गई है, जिनमें ओवर ग्राउंड वर्कर और सीमा पार से सक्रिय आतंकवादियों के रिश्तेदार शामिल हैं।

# पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव अरूण प्रसाद का इस्तीफा



**रायपुर**, 5 जून (देशबन्धु)। भारतीय वन सेवा के अधिकारी अरुण प्रसाद पी ने सेवा से त्यागपत्र दे दिया है ।पर अभी उनका इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ है। इस्तीफा स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान में अरूण प्रसाद राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव पद पर हैं।

तमिलनाडू मूल के आईएफएस वर्ष-06 बैच के अधिकारी अरूण प्रसाद मुख्य वन संरक्षक स्तर के अफसर हैं। बुधवार को उन्होंने राज्य सरकार को अपना इस्तीफा भेज दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में व्यक्तिगत कारणों का जिक्र किया है। विभाग प्रमुख ने कहा कि राज्य सरकार इस्तीफा स्वीकृति की अनुशंसा कर केन्द्र सरकार को भेजेगी। अभी इस्तीफा स्वीकृत नहीं हुआ है। राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव अरुण प्रसाद लंबे समय तक सीएसआईडीसी के एमडी रहे हैं। वन विभाग में वो दंतेवाड़ा, और राजनांदगांव डीएफओ के पद पर काम कर चुके हैं। पिछली सरकार में वो सीएसआईडीसी के एमडी के साथ ही मंडी बोर्ड के एमडी भी थे ।चर्चा है कि अरूण प्रसाद निजी कंपनी की तरफ रुख कर सकते हैं।

## मायावती ने भी ईवीएम में धांधली के लगाए आरोप

# बैलेट पेपर से कराए जाए सभी चुनाव

**लखनऊ**, 5 जून (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि जातिवादी पार्टियां अपनी राजनीतिक लाभ के लिए ईवीएम में धांधली कराकर अब बसपा के उम्मीदवारों को भी नहीं जीतने दे रही हैं। वह ऐसा इसलिए कर रहे हैं ताकि दलित और अन्य उपेक्षित वर्गों के लोगों का बसपा से मोह भंग हो जाए। ईवीएम में धांधली को लेकर अब विपक्ष की पार्टियां भी काफी कुछ बोल रही हैं। ऐसे में हमारी पार्टी समेत विपक्ष की पार्टियां भी यही चाहती हैं कि देश में सभी छोटे-बड़े चुनाव पूर्व की तरह बैलेट पेपर के जरिए होने चाहिए। पिछले कुछ समय से हमें यह भी देखने के लिए मिल रहा है कि देश की राजनीति में एक-दूसरे के विरुद्ध द्वेष, विद्वेष, संकीर्णता व मुकदमेबाजी आदि की नकारात्मकता इस हद तक बढ़ गई है कि आए दिन नेताओं के बीच किसी न किसी विषय को लेकर होने वाली असभ्य एवं अभद्र आचरण से जनता काफी हैरान व दुखी भी है। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद का बिना नाम लिए जोरदार प्रहार किया। मायावती ने कहा कि जातिवादी पार्टियों एक सोची-समझी रणनीति के तहत बसपा के भोले-भाले लोगों को संगठन व पार्टियों आदि से जोड़ने के लिए कांशीराम और मेरा नाम लेकर घूमते रहते हैं। जिससे सावधान रहना होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष में बैठी जातिवादी पार्टियों ने पर्दे के पीछे से विशेषकर दलित एवं अन्य उपेक्षित वर्गों में से कुछ अवसरवादी व स्वार्थी किस्म के लोगों को मैनेज (खरीद-फरोख्त) करके, तथा उनके जरिए अभी तक जो भी अनेक संगठन व पार्टियां आदि बनवाई हैं।



- ईवीएम में धांधली कराकर बसपा उम्मीदवारों जीतने नहीं दे रही जातिवादी पार्टियां

# शर्मिष्ठा पनोली को मिली अंतरिम जमानत

**बंगाल**, 5 जून (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर पर चुप्पी साधने वाले अभिनेताओं के बारे में विवादास्पद टिप्पणी करने वाली लॉ स्टूडेंट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई। जस्टिस राजा बसु ने उन्हें जमानत दी है। साथ ही, शर्मिष्ठा पर कई तरह की शर्तें भी लगाई गई हैं, जिन्हें वह मानने के लिए बाध्य रहेंगी।



- कई तरह की शर्तों को करना होगा पालन

वहीं, शर्मिष्ठा के वकील डीपी सिंह ने कहा कि कोर्ट ने माना है कि यह संज्ञेय अपराध नहीं है। इसके अलावा, गिरफ्तारी का आधार जाहिर नहीं हो पा रहा है। इस मामले में धमकी का एंगल भी सामने आ रहा था। शर्मिष्ठा ने खुद न्यायालय में कहा कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं, लिहाजा उन्हें सुरक्षा दी जाए।

**पासपोर्ट जमा कराना होगा**

उन्होंने कहा कि इन्हीं सब पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने तय किया कि जमानत दी जा सकती है। शर्मिष्ठा को अपना पासपोर्ट जमा कराना होगा। उनके विदेश जाने पर पाबंदी लगाई गई है। साथ ही, शर्मिष्ठा पनोली के पिता ने अपनी बेटी की मिली जमानत पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि मेरी बेटी बाहर आ रही हैं। अभी जो कार्रवाई शेष रह गई है, उसे पूरा करना होगा। इसके बाद मेरी बेटी बाहर आ जाएगी।

# देशभर में बढ़ रहा कोराना संक्रमण

**नई दिल्ली**, 5 जून (एजेंसियां) देशभर में कोराना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा है और कुल सक्रिय मामलों की संख्या गुरुवार सुबह बढ़कर 4866 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4866 पहुंच गयी। अभी तक 3955 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 51 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आए हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण के 564 नए सक्रिय मामले सामने आये हैं और 674 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है लेकिन इस अवधि के दौरान सात और मरीजों की जान चली गयी। जिन सात मरीजों की मौत हुई है उनमें राष्ट्रीय राजधानी और कर्नाटक के दो-दो तथा महाराष्ट्र में तीन मरीज शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचना चाहिये, मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। स्थानीय प्रशासन को सभी तरह की स्वास्थ्य सेवा की तैयारी करने के निर्देश दिये गये। इसकी तैयारी परखने के लिए कल तैयारी मॉक ड्रिल की योजना बनाई गई है।

- सक्रिय मामलों की संख्या 4866 पहुंची
- पिछले 24 घंटों में 7 मरीजों ने तोड़ा दम



मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण में लगातार वृद्धि को नए वेरिएंट के प्रसार से जोड़ा जा रहा है, जिसमें एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और हाल ही में पहचाने गए एनबी.1.8.1 सबवेरिएंट शामिल हैं।

## करार — टाटा ग्रुप और दसॉल्ट के बीच हुआ समझौता, चार उत्पादन हस्तांतरण करार किए गए

# भारत में बनेगी राफेल फाइटर जेट की बॉडी

**नई दिल्ली, 5 जून (एजेंसियां)। भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन (टीएएसएल) के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण करार किए हैं, जिसमें तहत राफेल लड़ाकू विमान की मेन बॉडी का निर्माण भारत में किया जायेगा। इसे फ्यूजलाज कहा जाता है।**

दोनों कंपनियों ने यहां जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह करार देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुविधा भारत के एयरोस्पेस बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करती है और उच्च परिशुद्धता विनिर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेगी।

वित्त वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से पहला फ्यूजलाज बनने की उम्मीद है, इस सुविधा से हर महीने दो पूर्ण फ्यूजलाज तैयार होने की उम्मीद है। डसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, पहली बार राफेल फ्यूजलाज का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल निर्माण में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा, यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत में संपूर्ण राफेल बॉडी का उत्पादन टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते भरोसे और डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की ताकत को रेखांकित करता है। यह भारत द्वारा एक आधुनिक, मजबूत एयरोस्पेस विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में की गई उल्लेखनीय प्रगति को भी दर्शाता शेष पृष्ठ 2 पर

**हैदराबाद में किया जाएगा निर्माण**

साझेदारी के दायरे में, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पूरी बॉडी का निर्माण किया जाएगा।

विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष रिपोर्ट-

# दम तोड़ रही है मुंगेली की जीवनदायिनी 'आगर नदी'




**मुंगेली** 05 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़- एक तरफ पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण की बातें हो रही हैं, कार्यक्रम हो रहे हैं और सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं की बाढ़ आई हुई है, वहीं मुंगेली की आगर नदी अपनी ही भूमि में गुमनामी और गंदगी से जूझ रही है। कभी शहर की पहचान और जीवनरेखा कही जाने वाली यह नदी आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कुछ ही दिन पहले बड़े उत्साह से नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया था। नगरपालिका, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता से टनों कचरा और प्लास्टिक नदी से निकाला गया था। लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब हालात बदलेंगे। लेकिन पर्यावरण दिवस पर जब नदी की स्थिति देखी गई, तो नज़ारा दिल तोड़ देने वाला था। वही प्लास्टिक, वही गंदगी, और जलकुंभी का फिर से कब्ज़ा। यह स्थिति बताती है कि पर्यावरण संरक्षण एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि लगातार चलने वाली प्रक्रिया है।

**वादे बहुत, बदलाव नहीं**

पिछले कई वर्षों से आगर नदी के संरक्षण के वादे नेता और प्रशासन करते आ रहे हैं। कभी मास्टर प्लान की घोषणा होती है, तो कभी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की बात होती है। लेकिन हकीकत यह है कि आज भी शहर की गंदी नालियां सीधे इसी नदी में गिर रही हैं। बिना किसी शोधन के गंदा पानी, कचरा और रासायनिक अपशिष्ट नदी को बर्बाद कर रहे हैं। जल स्तर गिरता जा रहा है और पानी बदबूदार दलदल में बदल चुका है, जिससे मच्छरों का प्रकोप और बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है।

**समय है चेतने का**

स्थानीय पर्यावरण कार्यकर्ता रमेश वर्मा का कहना है कि अगर अभी भी लोग नहीं जागे, तो यह नदी भविष्य में केवल तस्वीरों और किताबों में रह जाएगी। उन्होंने कहा कि नदी को बचाने के लिए निरंतर सफाई, बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन और लोगों की भागीदारी बेहद जरूरी है।

**अब क्या किया जा सकता है**

नदी में गिरने वाले अपशिष्ट जल को रोकने के लिए नालियों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाएं,स्थायी सफाई टीम गठित हो, जो महीने में एक बार नदी की सफाई और निरीक्षण करे, स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाएं, खासकर स्कूल और कॉलेजों में, प्लास्टिक के खुले उपयोग पर प्रतिबंध लगे और उल्लंघन पर कड़ा जुर्माना हो, जलकुंभी हटाकर नदी किनारों पर स्थानीय पेड़ों और पौधों का रोपण किया जाए, वर्षाजल संग्रहण की तकनीकें अपनाकर नदी का पुनर्जीवन किया जाए

विश्व पर्यावरण दिवस सिर्फ पोस्टर, भाषण और फोटो खिंचवाने का दिन नहीं है। यह आत्ममंथन का अवसर है कि हमने प्रकृति को कितना सहेजा और कितना नुकसान पहुंचाया। आगर नदी मुंगेली की सांस्कृतिक और पारिस्थितिक धरोहर है। इसे बचाना सिर्फ सरकार या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, हर नागरिक का कर्तव्य है। बदलाव तभी आएगा, जब संकल्प सिर्फ शब्दों तक सीमित न रह जाए, बल्कि धरातल पर दिखे।

## वैभव ताम्रकार बने भाजपा मुंगेली नगर मंडल के कोषाध्यक्ष



**मुंगेली** 05 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला मुंगेली की ओर से नगर मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस नई कार्यकारिणी में वैभव ताम्रकार को कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। वैभव ताम्रकार इससे पहले भारतीय जनता युवा मोर्चा में नगर उपाध्यक्ष के पद पर तीन वर्षों तक सक्रिय रूप से कार्य कर चुके हैं।

उनकी मेहनत, संगठन के प्रति समर्पण और कुशल नेतृत्व को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।कोषाध्यक्ष के रूप में दायित्व मिलने पर वैभव ताम्रकार ने सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई।

## सीनियर फिफ्टी बॉल क्रिकेट ट्रायल 8 जून को



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 05 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के उभरते लेदर बॉल क्रिकेट खिलाड़ियों के एक और शानदार अवसर प्रदान करने जा रहा है 50 बाल्स क्रिकेट फेडरेसन ऑफ़ इंडिया जिसमे आयोजित होगी तृतीय सीनियर (अंडर 19) 50 बॉल क्रिकेट चैंपियन शिप 2025 जो की खेला जायेगा 10 से 15 जुलाई 2025 तक सी वी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी भूवनेश्वर ओड़िसा मे। इस चैंपियनशिप हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ के युवा लेदर बॉल क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन ट्रायल रविवार 8जून को प्रात: 8बजे से रॉयल इंडियन क्रिकेट अकेडमी गढ़ी पेंड्रा जीपीएम मे सम्पन्न होगा इस चयन ट्रायल मे 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के सभी खिलाडी हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच तक लेकर जाने मे सफलता हासिल कर सकता है ट्रायल मे चयनित खिलाड़ियों को दो टीम के माध्यम से केम्प लगाकर उनके प्रतिभा को निखारते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मे भेजा जायेगा चुंकि ये प्रतियोगिता लेदर बाल से खेली जाएगी इसलिए खिलाड़ियों को अपनी खेल समाग्री किट स्वयं लेकर आना होगा इस तरह से चयनित खिलाडी राष्ट्रीय मंच पर अपना जलवा बिखेरेंगे चुंकि ये प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर के मैदान पर टर्फ़ विकेट पर होनी है अत: ट्रायल मे हिस्सा लेने वाले सीनियर अंडर 19(1 जनवरी 2006 के बाद जन्मे) खिलाडी अपना आधार कार्ड जन्म प्रमाणपत्र निवास प्रमाणपत्र अनिवार्य लेकर आये यह चयन ट्रायल पूर्णत: निशुल्क होगा जबकि चयनित खिलाड़ियों को प्रतियोगिता मे हिस्सा लेने के समस्त व्यय स्वयं करना होगा चयन ट्रायल मे संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे अधिक जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ फिफ्टी बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के नंबर 9424174291, 9424160379, 9098467511 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## माँ की हत्या, आरोपी पुत्र को उम्रकैद की सज़ा



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** (देशबन्धु) अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल की अदालत ने महिला की हत्या के मामले में आरोपी पुत्र को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। यह मामला ग्राम टिहाईटोला, थाना मरवाही, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही से संबंधित है, जहां एक युवक ने अपनी ही मां की नृशंस हत्या कर दी थी। न्यायालय ने आरोपी देवीलाल खैरवार (30 वर्ष), पिता दादूराम खैरवार, निवासी टिहाईटोला को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के अंतर्गत दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं ?1000 के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त तीन माह का सश्रम कारावास भुगतना होगा। घटना 1 सितंबर 2023 को दोपहर लगभग 12ः30 बजे की है, जब देवीलाल ने पारिवारिक विवाद के दौरान अपनी ही मां धुनी बाई पर लकड़ी के डंडे से वार कर उसकी हत्या कर दी थी। यह घटना थाना मरवाही के ग्राम बेलझिरिया, टिहाईटोला में हुई थी। मामले में तत्कालीन सहायक उपनिरीक्षक नवीन कुमार मिश्रा ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए साक्ष्य एकत्र किए और आरोपी के विरुद्ध सशक्त चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक ने पैरवी करते हुए यह सिद्ध किया कि आरोपी ने जानबूझकर अपनी मां की हत्या की, जो एक सोची-समझी क्रूर कार्रवाई थी। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि,(आरोपी द्वारा की गई यह हत्या न केवल कानूनन गंभीर अपराध है, बल्कि यह सामाजिक और नैतिक रूप से भी अत्यंत निंदनीय है। आरोपी ने अपनी जननी की हत्या कर मानवता को शर्मसार किया है।)

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दीवान तालाब में पूजा मक्कड़ ने वृक्षारोपण किया

**तखतपुर** 05 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दीवान तालाब में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूजा मक्कड़ ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण से ही हमारी सबकी जीवन टिकी हुई है यदि पर्यावरण प्रदूषित हो गया तो हमारा जीवन भी प्रदूषण मय हो गया इसलिए हम सभी को प्रकृति को संरक्षित और प्रदूषण से मुक्त करने के लिए पौधों का रोपण कर उसे सहेजना चाहिए और इससे भविष्य में होने वाली परेशानीयों से हम बच सकेंगे। इस अवसर पर सीएमओं अमरेश सिंह, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र कौर मक्कड़, लवली हूरा, सुनील जांगड़े, रमन हूरा, शैलेंद्र निर्मलकर, चंद्रप्रकाश देवांगन, बबलू गुप्ता, योगेश प्रधान, राजवीर हूरा, गंगा ठाकुर, लल्लू पाण्डेय, विसम्भर साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।



**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-** विश्व पर्यावरण दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वृक्षारोपण किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश साहू और डाक्टर राजकिरण शर्मा ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर डॉ उमेश साहू ने कहा कि प्रकृति भी हमारी माँ है। जब तक हम उसकी रक्षा नहीं करेंगे, तब तक आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी सुरक्षित नहीं होगा। डॉ राजकिरण शर्मा ने संदेश दिया कि जल, जंगल और जमीन को जीवन का आधार माना जाता है हम सब मिलकर प्रकृति का संरक्षण करे। इस अवसर पर नर्सिंग सिस्टर के एम मसीहवृंदा साहू, युगलकिशोर कश्यप, सुमित्रा देवी, गजेन्द्र, बबलू निर्मलकर , प्रकाश सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर्स के अरपा बिजनेस पार्क में बुकिंग प्रारंभ

### इस नए प्रोजेक्ट में होगी आधुनिक सुविधाओं के साथ बिजनेस की नई व्यवसायिक सुविधाएं

ARPA BUSINESS PARK

**बिलासपुर**, 5 जून (देशबन्धु)। प्लास्टिक मुक्त भारत के सपने को साकार करते डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर्स ने अपने नए और व्यवसायिक प्रोजेक्ट अरपा बिजनेस पार्क को लांच किया है, जिसकी आज से बुकिंग प्रारंभ हुई है। शहर से लगे हुए प्रोजेक्ट नेशनल हाइवे रतनपुर रोड पर स्थित है। अपनी लोकेशन के कारण यह प्रोजेक्ट शहर का सबसे उन्नत और नवी व्यावसायिक केन्द्र बनने जा रहा है। इसकी बुकिंग आज 5 जून से शुरू हो रही है। इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात यही है कि ये भी रेरा अप्रूवल प्रोजेक्ट है। इसमें निवेशकों को सभी प्रकार की सुविधा प्रदान करने को डीएसटी रियल स्टेट डेवलपर्स प्रतिबद्ध है। आरपी बिजनेस पार्क में लोकेशन व्यवसायिक दृष्टिगत से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह प्रोजेक्ट नेशनल हाइवे से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ प्रोजेक्ट है, जिसमें शहर के विभिन्न हिस्सों से यहां पहुंचना आसान होगा। इसके अलावा चौड़ी सड़क, हरियाली से युक्त वातावरण और सुव्यस्थित व्यवसायिक योजना से परिपूर्ण आदर्श कमर्शियल हब बनाती है। यह प्रोजेक्ट अरपा बिजनेस पार्क के नाम से लांच है, जो ग्राहकों को भी खूब मन भा रहा है।

**भविष्य की योजना के लिए बेहतर**

बिलासपुर शहर में तेजी से विकास हो रहा है। आने वाले दिनों में बहुत कुछ और हरियाली से परिपूर्ण होगा। अरपा बिजनेस पार्क एक ऐसा प्लेट फॉर्म प्रदान करेगा जहां से भविष्य की नई व्यवसायिक सफलताओं की शुरुवात हो सकती है। यह प्रोजेक्ट न केवल शहर को आर्थिक गति प्रदान करेगा बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार के नए अवसर को प्रदान करेगा। बुकिंग के लिए डीसीटी के ऑफिस में हाइकोर्ट के पीछे छतौना रोड में संपर्क कर किया जा सकता है।

**व्यावसायिक कार्य के लिए बेस्ट**

डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर्स के इस अरपा बिजनेस पार्क में उन लोगों को जो व्यापारियों, निवेशकों और उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर है, जो तेजी से इस प्रोजेक्ट में उपलब्ध निवेश करेगा। इस प्रोजेक्ट में उपलब्ध प्लाट्स को विशेष रूप से रिटेल शॉप, शो रूम और अन्य कार्यों के लिए अन्य सुविधा भी दी जा रही है। डीसीटी प्रोजेक्ट के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत का मानना है कि यह प्रोजेक्ट योजना और आधुनिक सुविधाओं को दृष्टि से सबसे आगे ही रहेगा।

**बेहतर से बेहतर सुविधाएं है यहां**

राजेन्द्र सिंह राजपूत से जब इस संबंध की जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट दूरगामी परिणाम और भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। यहां निवेश करने वाले लोगों को न केवल बढ़िया लोकेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ परिपूर्ण प्लॉट मिलेगा, बल्कि चौड़ी और पक्की सड़क पर्याप्त पार्किंग की सुविधा, उन्नत जल निकाशी, पेयजल की सुविधा, स्ट्रीट लाइट, हरित क्रांति और एक सुरक्षित एवं सुव्यस्थित व्यवसायिक प्रोजेक्ट के साथ मिलेगा। व्यापारियों के लिए कामकाज करना और भी आसान तथा लाभकारी भी आने वाले समय में होगा।

## कलेक्टर ने कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के स्मार्ट क्लासेस का किया निरीक्षण

### विद्यालय के किचन गार्डन में कलेक्टर ने कटहल के पौधे का रोपण किया

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 5 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने मरवाही विकासखण्ड के कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुम्हारी के स्मार्ट क्लासेस का निरीक्षण किया। उन्होंने 100 सीटर आवासीय विद्यालय में तीनों कक्षाओं-छठवीं, सातवीं एवं आठवीं क्लास के बच्चों के लिए स्मार्ट क्लासेस के लिए सिस्टम के साथ दी गई एलईडी, टेबल, चेयर, पोडियम, माइक, वाईफाई कनेक्शन आदि उपकरणों का अवलोकन किया और अधीक्षिका एवं शिक्षिका से सिस्टम ऑपरेट करने की जानकारी ली।



उन्होंने कहा कि विद्यालय के स्टाफ को सिस्टम के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए तथा ऑपरेट करना भी आना चाहिए, इसके लिए मास्टर ट्रेनर से अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। कलेक्टर ने विद्यालय के किचन गार्डन में कटहल के पाधे का रोपण भी किया। उन्होंने अधीक्षिका को आवासीय विद्यालय के बेहतर रखरखाव एवं साफ-सफाई के निर्देश दिए। अधीक्षिका द्वारा परिसर में स्थित बिजली ट्रांसफार्मर को अन्यत्र शिफ्ट कराने के आग्रह पर कलेक्टर ने सहमति प्रदान करते हुए शिफ्टिंग की कार्यवाही करने की बात कही। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डी के पटेल एवं नोडल अधिकारी राहुल गौतम भी उपस्थित थे।

## मानसून सत्र पूर्व खुड़िया बांध में मॉक ड्रिल का आयोजन

**मुंगेली,** 05 जून (देशबन्धु)। खुड़िया बांध लोरमी में आगामी मानसून सत्र को देखते हुए नगर सेना द्वारा आपदा प्रबंधन हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में तत्परता सुनिश्चित करना और आवश्यक संसाधनों की समीक्षा करना रहा।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**भारत में बनेगी ...**

है जो वैश्विक प्लेटफार्मों का समर्थन कर सकता है। इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर करना भारत की 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर पहलों के प्रति डसॉल्ट एविएशन की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस साझेदारी का उद्देश्य वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है, साथ ही अधिक आर्थिक आत्मनिर्भरता के अपने लक्ष्य का समर्थन करना है।

## निधन

### गायत्री सिंग ठाकुर

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि श्री दलगन्जन सिंग ठाकुर जी की धर्मपत्नी व अतुल सिंग ठाकुर जी की माताजी श्रीमती गायत्री सिंग ठाकुर जी का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल शुक्रवार दिनांक 6 जून 2025 समय सुबह 10ः00 उनके निज निवास जूनीलाइन से सरकंडा मुक्तिधाम को जाएगी।

## पर्यावरण की रक्षा का दायित्व सभी का है -श्रीमती ज्योति अग्रवाल अपर सत्र न्यायाधीश

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 5 जून (देशबन्धु)। पेड़ पौधों से पर्यावरण शुद्ध रहता है पेड़ पौधे ही पृथ्वी पर वर्षा लाते हैं ऐसे में जरूरी है कि धरती पर अधिक से अधिक पेड़ लगाया जाए और उनकी रक्षा की जाए ताकि पर्यावरण शुद्ध रहे पर्यावरण की रक्षा का दायित्व सभी का है। उक्त बातें न्यायालय परिसर पेंड्रा रोड में आयोजित कार्यक्रम में अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने व्यक्त किये। छ. ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के सचिव अनिल कुमार चौहान जी के निर्देशन एवं तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमति ज्योति अग्रवाल के मार्गदर्शन में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन व्यवहार न्यायालय पेंड्रारोड परिसर में किया गया । जिसमें अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमति ज्योति अग्रवाल, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमति एकता अग्रवाल एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश बाबू साहू एवं समस्त न्यायालय के कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालिंटियर कुमारी लीलावती राठौर, अनिल कुमार उपस्थित होकर पर्यावरण केअवसर में फलदार एवं फूलदार तथा ऑक्सीजन युक्त पौधे जैसे पीपल, नीम, आम, जामुन, बरगद, कटहल इत्यादि पेंड़ पौधों का वृक्षारोपण किया गया तथा न्यायालय उपस्थित लोगों को विधिक जानकारियां दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता पवन त्रिपाठी अशोक सोनी अनिल अग्रवाल अयोध्या पटेल शैलेंद्र चतुर्वेदी इत्यादि उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**निविदा सूचना**

नि.क्रं. 05/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024-25 बिलासपुर दिनांक 05/06/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 26/06/2025 को सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्रं. 37 टिकरापारा के सामुदायिक भवन में अन्य निर्माण कार्य किए जाने हेतु। | 05.00 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जोन कमिश्नर-5
न.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

palikakharsia@gmail.com Tel Phone No. 07762-272277

क्रमांक/379/न.पा.प./लो.नि.वि./2025 खरसिया,दिनांक 29/05/2025

**// निविदा संशोधन सूचना //**

नगर पालिका परिषद् खरसिया द्वारा निकाली गई ई-प्रोक्योरमेंट ऑनलाईन निविदा सिस्टम क्रमांक 169187 दिनांक 26.05.2025 को प्रथम निविदा पढ़ा जावे। शेष अन्य नियम-शर्तें यथावत रहेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद खरसिया,
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**

ई-निविदा सूचना क्रमांक: COM/G/R/E-auction/25/ दिनांक: 30.05.2025

रायपुर मंडल में आय एवं लीज़िंग अनुबंध हेतु ई-नीलामी निम्नानुसार निर्धारित है :

Asset Description: रायपुर रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष की स्थापना हेतु निविदा।

नीलामी तारीख: 13.06.2025

नीलामी समय: 12:00 से 12:30 बजे तक

सभी ई-नीलामी अधिसूचनाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,
PR/R/SR.DCM/MS/54 द.पू.म. रेलवे, रायपुर
South East Central Railway @secrail

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SUNDER LAL JI DUGAR S/O NATHMAL DUGGAR resident of WARD NO. 13 MANEDRAGARH, DISTT KORIYA (C.G.) have changed my old name SUNDER LAL JI DUGAR S/O NATHMAL DUGGAR so in future I should be recognized by my new name that is SUNDAR LAL DUGGAR S/O NATHMAL DUGGAR in all Government and other documents.

SUNDAR LAL DUGGAR
WARD NO. 13
MANEDRAGARH,
DISTT KORIYA (C.G.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / अ-6/2024-25

पक्षकार- नीरज शुक्ला पिता स्व.राजकुमार शुक्ला वगैरह .... आवेदकगण

बनाम

छ.ग.शासन ........................अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण नीरज शुक्ला पिता स्व. राजकुमार शुक्ला वगैरह निवासी सिटी कोतवाली के पीछे काली मंदिर के पास खपरगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला खपरगंज नजूल शीट नंबर 33 प्लाट नं.17 रकबा 1640 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि आवेदकगण के पिता राजकुमार शुक्ला पिता स्व.देवीप्रसाद शुक्ला के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 11.06.2022 का हो चुकी है। आवेदकगण के द्वारा उक्त भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 13/04/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रशिक अग्रवाल (RASHIK AGRAWAL) पिता नरेश कुमार अग्रवाल (NARESH KUMAR AGRAWAL) मेरे पुत्र का पुराना नाम वरदान अग्रवाल (VARDAN AGRAWAL) पिता रशिक अग्रवाल (RASHIK AGRAWAL) को बदलकर नया नाम वरदान अग्रवाल (VARDAAN AGRAWAL) पिता रशिक अग्रवाल (RASHIK AGRAWAL) निवास रशिक बिहारी फ्रूड प्रोडक्ट प्रा.लि.कैम्पस, मिनी माता चौक, तरौद, अकलतरा, जांजगीर-चाम्पा छ.ग. 495552 रख लिया हूं अत: अब मेरे पुत्र को भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम वरदान अग्रवाल (VARDAAN AGRAWAL) पिता रशिक अग्रवाल (RASHIK AGRAWAL) से जाना एवं पहचाना जाये।

रशिक अग्रवाल
(RASHIK AGRAWAL)
रशिक बिहारी फ्रूड प्रोडक्ट
प्रा.लि.कैम्पस, मिनी माता चौक,
तरौद, अकलतरा, जांजगीर चाम्पा
छ.ग. 495552

**कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा जिला-सुकमा**

Phone no:- 07864-299155, Email ID-emrssukma2022@gmail.com Udise Code:-22210204046
CBSE Affiliation No:- 3320279, School Code:-17309, Website:-www.emrssukma.in

**-:: निविदा सूचना ::-**

क्रमांक/ प्राचार्य/ स्टोर/ निविदा/ 2025-26/843 सुकमा, दिनांक 05/06/2025

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा/ कोंटा/ छिंदगढ़, जिला सुकमा (छत्तीसगढ़) के संचालन हेतु शिक्षण सत्र 2025-26 हेतु निम्नदर्शित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु संबंधित पंजीकृत फर्मों/ आपूर्तिकर्ताओं से सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने के अंतिम तिथि 05.07.2025 है।

| क्र. | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | खाद्य सामग्री |
| 2 | दैनिक उपयोग की सामग्री |
| 3 | सब्जी सामग्री |
| 4 | फल सामग्री |
| 5 | मांसाहार सामग्री |
| 6 | स्टेशनरी सामग्री |
| 7 | बाल कटिंग |
| 8 | बेकरी एवं स्वीट |
| 9 | दवाई सामग्री |

उपरोक्तानुसार विस्तृत निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी, निविदा फार्म, नियम-शर्तें इत्यादि विद्यालय की वेबसाइट www.emrssukma.in अथवा कार्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा (छत्तीसगढ़)से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.)

संवाद- 44094/3

**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**लो.नि.वि.राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 03.06.2025

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आई डी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 47/CE/NH/TC/44-30/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH _862937_1 | Short term maintenance to Raipur-Durg Service Lane Raod section of NH-53 from Km 281.00 to Km 307.600 (Total lenght-36.800) in the state of Chhattisgarh. | Rs.212.87 Lakhs |
| 2. | 48/CE/NH/TC/44-31/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH _862938_1 | Short term maintenance of Raigarh-Sarangarh-Saraipali road section of NH-216(New 153) from Km.3.800 to Km. 25.600 (21.8Km) in the state of Chhattisgarh. | Rs. 399.00 Lakhs |
| 3. | 49/CE/NH/TC/44-32/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH _862939_1 | Short term maintenance of Raigarh-Sarangarh-Saraipali road section of NH-216(New 153) from Km.25.600 to 27.900 & Km 30.00 To 31.160 (3.460 Km) in the state of Chhattisgarh. | Rs.123.00 Lakhs |
| 4. | 50/CE/NH/TC/44-33/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH _862940_1 | Short term maintenance of Raigarh-Sarangarh-Saraipali road section of NH-216 (New 153) from Km 31.160 to Km 43.480 (12.32 Km)in the state of Chhattisgarh. | Rs.403.00 Lakhs |
| 5. | 51/CE/NH/TC/44-34/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH _862941_1 | Short term maintenance of Raigarh-Sarangarh-Saraipali road section of NH-216 (New 153) from Km 43.480 to Km 54.840 (11.360 Km) in the state of Chhattisgarh. | Rs.434.00 Lakhs |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.06.2025 सुबह 17.30 बजे तक है।

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड की जा सकती है।

जी- 252601377/3

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि.राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र
रायपुर (छ.ग.)

# देश

उवाच

बिहार चुनाव नजदीक आते ही पुन: भाजपा-आरएसएस मिथिलांचल को उन्माद की आग में झोंकना चाहती है। जिसका उदाहरण साफ तौर पर दरभंगा की डिप्टी मेयर नाजिया हसन के बयान पर भाजपा-आरएसएस के द्वारा सरकारी कार्यालय पर किया गया हमला है।

-धीरेन्द्र झा, भाकपा नेता




| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36 | 28 |
| मुंबई | 32 | 28 |
| कोलकाता | 29 | 28 |
| चेन्नई | 38 | 3 |

# युवा आबादी भारत की ताकत : ओम बिरला

## लोस अध्यक्ष ने ब्राजील में ब्रिक्स संसदीय मंच के दूसरे सत्र को किया संबोधित

नई दिल्ली/ब्राजीलिया (ब्राजील), 5 जून (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत ऐसी निष्पक्ष और विधिसम्मत वैश्विक व्यापार प्रणाली का समर्थन करता है जो ग्लोबल साउथ की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पर्याप्त रूप से मुखरित करती हो। ओम बिरला ने ब्रासीलिया, ब्राजील में ब्रिक्स संसदीय मंच के दूसरे कार्य सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणियां कीं। इस कार्य सत्र का विषय था आर्थिक विकास के नए रास्तों की तलाश में ब्रिक्स देशों की संसदों की कार्रवाई। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है। उन्होंने कहा कि 65 प्रतिशत से अधिक भारतीय 35 वर्ष से कम आयु के हैं। यह युवा विनिर्माण, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भारत को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत स्किल इंडिया, पीएम कौशल विकास योजना और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अपने युवाओं को कौशल प्रदान कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समय में जब कई विकसित देशों में



दुनिया को कौशल संपन्न मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाले केंद्र के रूप में उभर रहा है भारत : ओम बिरला

बढ़ती उम्र वाले लोगों की आबादी अधिक है और श्रम बल की कमी है, भारत दुनिया को कौशल सम्पन्न मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाले केंद्र के रूप में उभर रहा है। हम न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, बल्कि दुनिया को कुशल मानव संसाधन भी उपलब्ध करा रहे हैं। यह भारत की ताकत है, हमारी जिम्मेदारी है और हमारा योगदान भी है। भारत का मानना है कि इसे और मजबूत करने के लिए, हमें ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार, निवेश और वित्तीय सहयोग को बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हम ब्रिक्स ग्रुप के विस्तार का स्वागत करते हैं। इससे हमारा परस्पर सहयोग और अधिक समावेशी और प्रभावशाली होगा। ओम बिरला ने कहा कि पिछले दशक में भारत की आर्थिक प्रगति उल्लेखनीय रही है। विश्वव्यापी अनिश्चितताओं और घरेलू चुनौतियों के बावजूद, भारत ने लगातार वैश्विक औसत विकास से बेहतर कार्य प्रदर्शन किया है। वर्ष 2014 में 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से प्रगति करते हुए आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत की ठोस नीतियों और भारतवासियों के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

### ब्रिक्स संसदीय मंच को महत्वपूर्ण मंच मानता है भारत

लोस अध्यक्ष ने कहा कि भारत ब्रिक्स संसदीय मंच को एक महत्वपूर्ण मंच मानता है, जहां हम साझे प्रयासों और परस्पर संवाद के माध्यम से आर्थिक विकास की रूपरेखा को पुनर्परिभाषित कर सकते हैं। यह मंच आपसी सहयोग, एकजुटता और हमारे नागरिकों के कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, ब्रिक्स देशों ने आर्थिक विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। 2014-15 से 2024-25 तक, भारत की जीडीपी औसतन 7 प्रतिशत से अधिक दर से बढ़ी है, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गई है। बिरला ने यह भी कहा कि भारत न केवल दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे जीवंत लोकतंत्र है, बल्कि स्थिर शासन, सुदृढ़ संवैधानिक संस्थाओं, विधि के शासन, पारदर्शी और जवाबदेह कर प्रणाली और निर्णायक नेतृत्व वाला देश भी है, जिसमें पूरी दुनिया के निवेशकों ने विश्वास व्यक्त किया है।

## आतंकवाद को बताया विश्व शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा

ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक के उद्घाटन के दिन लोकसभा अध्यक्ष ने ब्राजील की फेडरल सीनेट के प्रेसिडेंट सेन डेवी अल्कोलंबर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने कहा कि दोनों देश वैश्विक मंच पर भागीदार रहे हैं। हमारे द्विपक्षीय संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, शांति, सहयोग, सतत विकास और समान उद्देश्यों पर आधारित हैं। यह टिप्पणी करते हुए कि आज आतंकवाद विश्व शांति और स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बिरला ने कहा कि भारत में जम्मू और कश्मीर में हाल ही में आतंकवादी हमला हुआ जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस घटना ने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र से संचालित आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफल रहा है। भारत ने भविष्य में इस तरह के हमलों को रोकने और अपनी रक्षा करने के लिए जवाबी कार्यवाही करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताते हुए बिरला ने कहा कि यह कार्यवाही संयत रूप से किसी को उकसाए बिना आनुपातिक रूप से और जिम्मेदाराना ढंग से की गई।

# जनगणना के तुरंत बाद परिसीमन सोची समझी रणनीति : चिदम्बरम

नई दिल्ली, 5 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदम्बरम ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जनगणना के बाद परिसीमन को ध्यान में रखते हुए सोची-समझी रणनीति के तहत काम कर रही है और ऐसा कर उसका मकसद दक्षिणी राज्यों की सीटें घटाकर उत्तर भारत की संसदीय सीटें बढ़ाना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदम्बरम ने कहा है कि राष्ट्रव्यापी जनगणना 2021 में होनी चाहिए थी, लेकिन कोविड-19 के कारण जनगणना स्थगित कर दी गई और इसका कारण समझ में आता है। इसके बाद 2022 या 2023 में जनगणना न करने का कोई कारण नहीं था।



दक्षिणी राज्यों की सीटें घटाकर उत्तर भारत की संसदीय सीटें बढ़ाना केंद्र सरकार का मकसद

लोकसभा चुनाव मई-जून 2024 में हुए थे और उसके तुरंत बाद जनगणना 2024 कराई जा सकती थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदम्बरम ने कहा है कि भारत की जनगणना संगठन का 2024-25 में बजट आबंटन 1000 करोड़ रुपए था, लेकिन 2025-26 में इसे घटाकर 500 करोड़ रुपए कर दिया गया, यह सब जानते हुए भी कि 500 या 1000 करोड़ रुपए के बजट में राष्ट्रव्यापी जनगणना नहीं कराई जा सकती है। अब 2024-25 बीत चुका है और 2025-26 चल रहा है। संविधान के अनुच्छेद 82 को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने 2021 के बाद जनगणना कराने की बाध्यता टाल दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदम्बरम ने कहा है कि 2026 के बाद देर से कराई गई जनगणना से यह बाध्यता सामने आएगी कि जनगणना के तुरंत बाद परिसीमन कराना है इसीलिए 2027 में जनगणना कराने की घोषणा कर दी गई है और फिर परिसीमन भी होगा। यदि परिसीमन होता है तो तमिलनाडु और कई राज्यों की कई लोकसभा में सीटें कम होंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार दक्षिणी राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व कम करने और उत्तरी राज्यों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-भारतीय जनता पार्टी (आरएसएस-भाजपा) के सोचे समझे लक्ष्य को हासिल करने के लिए कदम-दर-कदम आगे बढ़ रहे हैं। जब परिसीमन का विषय पहली बार उठाया गया था, तब उन्होंने भी मोदी सरकार की इस रणनीति की ओर इशारा किया था। प्रभावित होने वाले राज्यों के सभी राजनीतिक दल आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर परिसीमन के खतरों से अवगत नहीं हैं, लेकिन अच्छी बात यह है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने 2027 में जनगणना और उसके तुरंत बाद परिसीमन के खतरों से सबको अवगत करा दिया है।

## सार संक्षेप

### एनआईए ने आतंकी साजिश मामले में मारे छापे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को कथित आतंकी साजिश मामले में कई जगहों पर छापे मारे। छापेमारी में विभिन्न प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े ओवरग्राउंड वर्कर्स को निशाना बनाया गया। एनआईए की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, आरसी-5/222/ एनआईए, जेएमयू (आतंकवादी साजिश मामले) में विभिन्न आतंकी संगठनों के ओजीडब्ल्यू के खिलाफ छापेमारी की गई।

### मध्य प्रदेश में कई पुलिस अधिकारियों के तबादले

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पुलिस सेवा के कई अधिकारियों को नई नियुक्तियां दी गई हैं। राज्य शासन की ओर से कल जारी आदेश के अनुसार इंदौर रेंज विस बल पुलिस महानिरीक्षक चंद्रशेखर सोलंकी को पिछले दिनों जारी आदेश के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन बनाया गया था। उनकी इस नियुक्ति को निरस्त कर पुरानी नियुक्ति को यथावत रखा गया है। पुलिस महानिरीक्षक महिला सुरक्षा हिमानी खन्ना अब पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन बनाई गई हैं। अब तक उप पुलिस महानिरीक्षक प्रबंध सुनील कुमार पांडे उप पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज बनाए गए हैं।

### महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों पर राजनीतिक दांवपेंच शुरू

**मुंबई।** महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच राज्य भर में राजनीतिक दांवपेंच तेज हो गए हैं। नए बनते गठबंधनों और उभरती रणनीतियों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली शिवसेना और सांसद असदुद्दीन ओवैसी की अगुआई वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के बीच संभावित साझेदारी उभर रही है। एआईएमआईएम की महाराष्ट्र इकाई ने स्थानीय चुनावों के लिए शिवसेना के साथ गठबंधन करने का संकेत दिया है।

### ओडिशा में आयोजित समारोह में भाग लेंगे मोदी

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 12 जून को ओडिशा में भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होंगे। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री ने समारोह में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दे दी है। पात्रा ने कहा कि राज्य सरकार ने इस उपलक्ष्य के उपलक्ष्य में 12 जून को जनता मैदान में एक बड़े कार्यक्रम की योजना बनायी है। हर जिले, ब्लॉक और पंचायत में समारोह आयोजित किए जाएंगे।

# ऑटो पर पलटा ट्रक सात श्रद्धालुओं की मौत

## डॉ.मोहन यादव ने हादसे पर जताया शोक

रीवा, 5 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के रीवा जिले के सोहागी थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर सीमेंट की शीट से भरा एक ट्रक ऑटो के ऊपर पलट गया, जिससे ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ऑटो में कुल दस लोग सवार थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे लोगों के मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सीमेन्ट की सीट से भरा एक ट्रक प्रयागराज की ओर से आ रहा था, तभी वह सोहागी पहाड़ पर अनियंत्रित होकर ऑटो के ऊपर पलट गया, जिससे ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई। ऑटो सवार सभी श्रद्धालु मऊगंज जिले के निवासी बताए गए हैं, जो प्रयागराज गंगा स्थान के लिए गए थे। वहां से लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। ऑटो में दस लोग सवार थे। दुर्घटना में चार बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय ले जाया गया। वहीं, पुलिस द्वारा शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है।



नीतीश कुमार को पत्र लिख तेजस्वी ने की बिहार के लोगों के लिए बड़ी मांग

# बिहार विस का एक दिन का विशेष सत्र बुलाए सरकार

पटना, 5 जून (देशबन्धु)। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से तेजस्वी ने बिहार के लोगों के लिए बड़ी मांग कर दी है। तेजस्वी यादव ने बिहार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग करते हुए 85 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करते हुए विधेयक पारित कराकर उसे 9वीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पत्र में लिखा, मुख्यमंत्री जी, आपको ज्ञात है कि विपक्ष में रहते हुए अगस्त 2022 में सरकार में आने के बाद हमारे अथक प्रयासों से महागठबंधन सरकार द्वारा वर्ष 2023 में बिहार में जाति आधारित गणना का कार्य पूर्ण कराया गया था। गणना उपरान्त राज्य की विभिन्न जातियों की जनसंख्या एवं उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर विधेयक पारित करा कर राज्य के पिछड़े, अति पिछड़े, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की सीमा 65 प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। फलस्वरूप बिहार में सरकारी नौकरियों एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन हेतु कुल 75 प्रतिशत आरक्षण सीमा निर्धारित की गई थी। दलित-आदिवासी, पिछड़े अति पिछड़े के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों को महागठबंधन सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से बढ़े हुए आरक्षण का लाभ दिलाना सुनिश्चित हुआ था। उन्होंने आगे लिखा, इस कानून को उच्च न्यायालय, पटना द्वारा यह कहकर रद्द किया गया कि राज्य की सरकारी नौकरियों एवं अध्ययन संस्थानों के नामांकन हेतु इन जातियों के लोगों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व का अध्ययन नहीं करा कर आरक्षण सीमा को बढ़ाया गया है।



आरक्षण को लेकर सर्वदलीय समिति का किया जाए गठन : तेजस्वी यादव

## दलित व पिछड़ों को मिले बढ़े हुए आरक्षण का यथा शीघ्र लाभ

तेजस्वी ने सीएम नीतीश कुमार से पूछा कि क्या भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की नीतियों पर चल रही यह एनडीए सरकार नहीं चाहती कि वंचित वर्गों के आरक्षण की वर्तमान सीमा को बढ़ाकर 85 प्रतिशत किया जाए जिससे कि राज्य के दलित-आदिवासी, पिछड़ा-अति पिछड़ा एवं अन्य दबे-कुचले लोगों को बढ़े हुए आरक्षण का यथाशीघ्र लाभ मिले तथा उन्हें शिक्षण संस्थानों में नामांकन के साथ-साथ सरकारी नौकरियों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिल सके। उन्होंने लिखा, मुख्यमंत्री जी, अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो यह समझा जाएगा कि आप और आपकी सरकार जान-बूझकर इस मामले को लटका और भटका रही है। आपको मालूम है कि 17 महीनों की महागठबंधन सरकार के दौरान लाखों नौकरियां दी गई तथा लगभग 3,50,000 नौकरियां प्रक्रियाधीन की गई। हमारी सरकार द्वारा बढ़ाए गए अतिरिक्त 16 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं मिलने की वजह से दलित-आदिवासी, पिछड़े-अति पिछड़े अभ्यर्थियों को प्रक्रियाधीन नियुक्तियों में लाखों नौकरियों का नुकसान हो रहा है जो कि आरक्षण एवं समानता की अवधारणा तथा उस विधेयक के उद्देश्यों के साथ खिलवाड़ है।

# पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रति व्यक्ति बने सहभागी : हेमंत सोरेन

## 2.34 किमी लंबे सिरमटोली फ्लाईओवर व एलिवेटेड कॉरिडोर का किया लोकार्पण

रांची, 5 जून (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रांची में मेकॉन चौक डोरंडा से सिरमटोली के बीच नवनिर्मित फोर लेन फ्लाईओवर और एलिवेटेड रोड का लोकार्पण किया। इसी दौरान पर्यावरण दिवस समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसे संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पर्यावरण के संरक्षण में हर व्यक्ति से सहभागी बनने की अपील की। 2.34 किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर का निर्माण झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग की देखरेख में 355.76 करोड़ की लागत से कराया गया है। एक साल से कम समय में रांची में यह दूसरा फ्लाईओवर है, जिसे जनता को समर्पित किया गया है। इस



फ्लाईओवर के रैंप से जुड़े विवाद को लेकर बुधवार को कई आदिवासी संगठनों ने झारखंड बंद का ऐलान किया था और उसके ठीक अगले दिन अचानक इसका लोकार्पण कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सबको चौंका दिया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस फ्लाईओवर का नामकरण पूर्व केंद्रीय मंत्री और अपने दौर के कद्दावर आदिवासी नेता रहे कार्तिक उरांव के नाम पर करने का ऐलान किया। हेमंत सोरेन ने इस मौके पर डोरंडा स्थित वन भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

### देश में मुंबई सी-लिंक के बाद यह पहली परियोजना

फ्लाईओवर के लोकार्पण के कार्यक्रम में उपस्थित पथ निर्माण सचिव ने बताया कि रेलवे लाइन के ऊपर करीब 132 मीटर केबल स्टे ब्रिज इस फ्लाईओवर का मुख्य आकर्षण है। झारखंड में यह पहला फ्लाईओवर है, जहां केबल स्टे ब्रिज का निर्माण कराया गया है। देश में मुंबई सी-लिंक के बाद यह पहली परियोजना है, जहां मोनो पाइलिंग तकनीक और प्री कास्ट स्लैब का इस्तेमाल किया गया है।

# असम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 14 हुई

गुवाहाटी, 5 जून (एजेंसियां)। असम के 19 जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों सहित 6,78,877 लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ से संबंधित मौतों का आंकड़ा बढ़कर 14 हो गया है। राज्य में बाढ़ से संबंधित मौत के अलावा पिछले महीने राजधानी गुवाहाटी में भूस्खलन के कारण पांच लोगों की मौत हो गई थी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) द्वारा गुरुवार को जारी बुलेटिन में कहा गया कि 63 राजस्व क्षेत्रों के कुल 1474 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। सरकार ने बाढ़ प्रभावित विभिन्न जिलों में पीड़ितों के लिए 190 राहत शिविर और 215 राहत वितरण केंद्र खोले हैं ताकि बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक खाद्यान्न और अन्य बुनियादी वस्तुएं मिल सकें। एएसडीएमए के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में बाढ़ के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सैलाब से एक नागांव और दूसरा कछार जिले से है। 41,000 लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। जिला प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है और बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव मदद देने के लिए कहा गया है।



छह लाख लोग प्रभावित

# साइबर ठगों ने बिहार में डॉक्टर दंपति से दो करोड़ रुपए ठगे

## पटना के साइबर थाने में कराया मामला दर्ज

पटना, 5 जून (देशबन्धु)। बिहार में साइबर अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ते जा रहा है। अब साइबर ठगों ने पटना के डॉक्टर पति-पत्नी को अपना शिकार बनाया है। साइबर क्रिमिनल्स ने डॉक्टर दंपति को 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ रुपए ठग लिए। पीड़ित डॉक्टर दंपति ने पटना के साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। दरअसल, साइबर अपराधियों ने पटना के पीएमसीएच के रिटायर्ड डॉक्टर राधे मोहन प्रसाद और उनकी डॉक्टर पत्नी को बीते 21 मई से ही डिजिटल अरेस्ट कर रखा था। डॉक्टर राधे मोहन प्रसाद को बीते 21 मई को अनजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले शख्स ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और कहा कि मुंबई में उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ है। साइबर ठगों ने डॉक्टर दंपति को जितनी जल्द हो सके मुंबई पहुंचने के लिए कहा, लेकिन डॉक्टर



दंपति ने मुंबई जाने से इनकार कर दिया। जिसके बाद साइबर अपराधियों ने उन्हें दूसरा मोबाइल नंबर दिया और उसपर फोन करने को कहा। जब दूसरे नंबर पर डॉक्टर दंपति ने कॉल किया तो शख्स ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया और डॉक्टर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज होने की बात बताई। साइबर ठगों ने पति-पत्नी को कई बार फोन कॉल और वीडियो कॉल किया और उन्हें ऐसा झांसा दिया कि पति-पत्नी डर गए और उनके झांसे में आ गए। बदमाशों ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के करिए डॉक्टर राधे मोहन प्रसाद और उनकी डॉक्टर पत्नी से दो करोड़ अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए।


अपील

पहलगाम हमले के बाद पर्यटन से जुड़े हितधारकों की प्रशासन से अपील

# लंबे समय से बंद पार्क और उद्यानों को फिर खोले सरकार

**जम्मू, 5 जून (देशबन्धु)। इस साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 43 दिन बाद भी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, कश्मीरी पर्यटकों की भीख मांग रहे हैं। हर दुआ में वे रब से चाहते हैं कि पर्यटकों की बरसात हो। साथ ही वे यह भी पुकार रहे हैं कि।**

पार्क और उद्यानों को फिर से खोल दिया जाए। हालत यह है कि पहलगाम नरसंहार के उपरांत दक्षिण कश्मीर का यह खूबसूरत शहर पहलगाम अभी भी इसके असर से जूझ रहा है। इस आतंकी हमले ने पर्यटन उद्योग से जुड़े सैकड़ों लोगों को बेरोजगार कर दिया है। पहलगाम के एक स्थानीय व्यक्ति का कहना था कि यहां एक भी व्यक्ति ने हफ्तों से एक पैसा नहीं कमाया है। कुछ लोगों ने तो एक महीने से 10 रुपए भी नहीं कमाए हैं। घुड़सवारों, होटल व्यवसायियों, ड्राइवरों और दुकानदारों सहित हितधारकों ने प्रशासन से इलाके में पार्क और उद्यानों को फिर से खोलने का आग्रह किया है, क्योंकि लंबे समय से बंद रहने की वजह से सबसे ज्यादा ग़रीब लोग प्रभावित हो रहे हैं। यह पूरी तरह से सच है कि पहलगाम शहर से लगभग 6 किलोमीटर दूर बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद एक समय में चहल-पहल से भरा यह पर्यटन



आतंकी हमले ने सैकड़ों लोगों को किया बेरोजगार

स्थल खामोश हो गया है। हितधारकों का कहना था कि आतंकी हमले के कारण पर्यटकों ने अपनी यात्रा की योजनाएं रद्द कर दी हैं और इसके बाद बेताब घाटी, अरु घाटी और चंदनवारी जैसे प्रमुख पर्यटक आकर्षण बंद हो गए हैं। वे कहते थे कि अनिश्चितता और बढ़ी हुई सुरक्षा के कारण इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण पर्यटन अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। कई हितधारकों ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से हस्तक्षेप करने की अपील की। पहलगाम के एक स्थानीय दुकानदार का कहना था कि सब कुछ बंद है। पूरा पहलगाम बंद है। हर जगह सन्नाटा है। हम उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से पर्यटन को पुनर्जीवित करने में मदद करने का आग्रह करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना था कि हमले के दिन से स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। एक होटल मालिक के बकौल, कुछ पर्यटक आते हैं शायद 200 से 400 प्रतिदिन लेकिन उन्हें उनके होटलों तक ही सीमित रखा जाता है और सुबह जल्दी वापस भेज दिया जाता है। उन्हें किसी भी जगह पर जाने की अनुमति नहीं है। टूरिज्म से जुड़े समुदाय ने घुड़सवारों और ड्राइवरों जैसे दैनिक वेतन भोगियों के लिए विशेष चिंता व्यक्त की, जो अब पूरी तरह से बेरोजगार हो गए हैं। एक घुड़सवार का कहना था कि ये लोग मुश्किल से अपना गुजारा कर पाते हैं। पर्यटकों की गतिविधि के बिना, उनके पास कुछ भी नहीं है। यहां तक कि शिकारगाह और कोलाहोई जैसे दर्शनीय स्थल, जहां घुड़सवारी एक प्रमुख आकर्षण था, बंद कर दिए गए हैं।

देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 6 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन




# एक और भगदड़, अब जनता ही सावधान रहे

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का स्वागत कार्यक्रम एक बड़े हादसे का शिकार हो गया। एक तरफ स्टेडियम के भीतर जश्न चल रहा था और दूसरी तरफ स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ उमड़ी थी, जिसे संभालने में पुलिस नाकाम रही और नतीजा भगदड़ के रूप में सामने आया। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि 30-35 हजार की क्षमता वाले स्टेडियम में समाने के लिए करीब ढाई-तीन लाख लोग आ गए थे। इस घटना ने एक बार फिर भारत में बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की गंभीर समस्या को उजागर किया है। इससे पहले इसी साल महाकुंभ, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन और उससे पहले हाथरस में ऐसी ही भगदड़ें हुई थीं, जिनमें बड़ी संख्या में मौतें हुईं। इन मौतों का सही आंकड़ा कभी सामने नहीं आता, कभी यह पता नहीं चल पाता कि दोषियों की शिनाख्त हुई या नहीं, उन्हें सजा मिली या नहीं और न ये पता लगता है कि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई नीति बनाई जाएगी या नहीं। अगर ऐसा होता तो हर दो-चार महीने में भगदड़ के हादसे नहीं होते।

दरअसल हिंदुस्तान में आम आदमी की जान की कोई कीमत ही नहीं रह गई है। बाढ़, बारिश, लू, ठंड, कुपोषण, इलाज न मिलना, सड़क हादसे, भगदड़ वजह कोई भी हो सकती है, लेकिन हर साल ऐसे ही किसी बहाने की आड़ में सैकड़ों जिंदगियां अकाल मौत का शिकार होती हैं। ऐसी मौतों पर सरकारों का कितना अफसोस होता है, यह तो कहा नहीं जा सकता, अलबत्ता इन पर राजनीति खूब होती है। शायद इसलिए, इन्हें रोकने की कोई कोशिश भी नहीं होती। वर्ना बाढ़, बारिश, गर्मी सबकी भविष्यवाणी पहले से मौसम विभाग कर देता है, तो सरकारें उस हिसाब से व्यवस्था कर सकती है ताकि लोगों को कम से कम तकलीफ हो। इसी तरह अस्पतालों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर व्यवस्था चाक-चौबंद करके हादसों को रोका जा सकता है। अब तो आपदा प्रबंधन विभाग भी है। लेकिन फिलहाल देश में आपदा प्रबंधन आग लगने पर कुआं खोदने की तर्ज पर काम करता है।

बंगलुरू मामले में गनीमत इस बात की है कि यहां कांग्रेस की राज्य सरकार मुंह छिपाती नहीं फिर रही है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सब मीडिया के सामने आकर अपनी बात कह रहे हैं, अस्पतालों में पीड़ितों से मिल रहे हैं। जबकि हाथरस और प्रयागराज में महाकुंभ में हुई भगदड़ में भाजपा सरकार का रवैया बिल्कुल उलट रहा। महाकुंभ में तो असल में कितने लोगों की मौत हुई और कितनी भगदड़ मची, यह भी अब तक स्पष्ट नहीं है। अलबत्ता इस बार भाजपा को कांग्रेस सरकार को घेरने का मौका मिल रहा है, तो वह जरा सी कसर नहीं छोड़ रही। राज्य सरकार पर घोर लापरवाही के इल्जाम लगाए जा रहे हैं, इस्तीफा मांगा जा रहा है। लोकतंत्र में विपक्ष का रवैया बिल्कुल ऐसा ही होना चाहिए, साथ ही जनता की जान को एक जैसा ही कीमती समझना चाहिए। बहरहाल, इस मामले में बैंगलोर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर गुरुवार को सुनवाई की थी, जिसमें सरकार का पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने कहा कि राज्य सरकार कोई प्रतिकूल रुख नहीं अपना रही है, इसलिए इसे एक दूसरे पर कीचड़ उछालने वाली बात नहीं करनी चाहिए, हमारा ध्यान घटना की जांच करने और कार्रवाई करने पर है। अदालत जो आदेश देगी हम उस अनुसार काम करने को तैयार हैं। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ऐसा फिर इस तरह की घटनाएं होती हैं तो एक एसओपी यानी मानक प्रक्रिया होना चाहिए। अदालत ने कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन और आरसीबी दोनों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई अब संभवतः मंगलवार को होगी।

फिलहाल सरकार और आरसीबी ने पीड़ितों के लिए अलग-अलग मुआवजे का ऐलान कर दिया है। लेकिन एक शाश्वत सवाल है कि क्या चंद लाख रुपयों से जो जानें गई हैं, वो क्या वापस आ जाएंगी। असली मुआवजा तो यही होगा जब ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मगर जिस तरह इस मामले को राजनैतिक हिसाब-किताब चुकता करने का जरिया बनाया जा रहा है, उसमें अच्छाई की उम्मीद नहीं दिखती।

अब इस देश की जनता को विचार करना होगा कि आखिर वह कब तक अकारण जान दांव पर लगाती रहेगी। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल का खिताब जीता, बहुत अच्छी बात है। लेकिन यह बात मैच खत्म होने और विजेता को ट्रॉफी मिलने के साथ ही खत्म भी हो जानी चाहिए। मगर मीडिया, सोशल मीडिया इन सबके बनाए चकाचौंध वाले माहौल में आम आदमी अपनी सुधबुध खोकर वही करने लगता है, जो ये चाहते हैं, जिनसे इन्हें मुनाफा होता रहे। विजेता टीम को खुली बस में घुमाना, जीत की परेड निकालना, उनके स्वागत में जश्न रखना, इन सबमें खिलाड़ियों, टीमों और उनके प्रायोजकों को भारी-भरकम कमाई होती है। आईपीएल जैसे विशुद्ध व्यावसायिक आयोजन में तो कोई भी टीम हारे या जीते कमाई हर हाल में होती है। पर्दे के पीछे बैठे कारोबारी हर ओवर पर अरबों की कमाई करते हैं। ये वही लोग होते हैं जो करोड़ों में खिलाड़ियों को खरीदते हैं, फिर उनसे जुड़े किसी भावनात्मक पहलू को लेकर माहौल बनाते हैं। जैसे अभी विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया तो इस बार उनका माहौल बना था और इसलिए आरसीबी की जीत में विराट नायक की तरह पर्दे पर पेश किए गए। आईपीएल के कर्ता-धर्ता जानते हैं कि विराट की प्रसिद्धि से मुनाफा कैसे कमाया जा सकता है। उन्होंने मुनाफा कमा लिया, 11 लोगों ने अपनी जान से हाथ धोया और विराट कोहली यह कहकर चलते बने कि उनके पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं।

कम से कम जनता से इतनी अपील ही कर देते कि आगे से ऐसे आयोजनों में जान जोखिम में डालकर शामिल न हो, कम से कम नेताओं से अपील कर देते कि इस हादसे पर न्याय दें, राजनीति न करें। लेकिन विराट कोहली के पास शब्द नहीं हैं, और अरबों की कमाई करने वाले उन जैसे खिलाड़ियों का भी यही हाल होगा, दरअसल इनके पास शब्दों नहीं हिम्मत का अकाल है। खैर अब जनता को ही विचार करना चाहिए कि अपना धन और अपनी जान दोनों देकर भी उसे आखिर में क्या हासिल हो रहा है।

# सीडीएस-सीजेआई के विदेशी धरती पर महत्वपूर्ण बयान

हम अक्सर नेताओं के भाषण सुनते हैं जिनमें लगभग सभी का यही दावा होता है कि वे जो कह रहे हैं वही जनता के हित में है। अवसर मिलते ही वे हर मुद्दे पर बोलते हैं। फिर चाहे उस मुद्दे पर इनका ज्ञान लगभग शून्य ही क्यों न हो। ऐसे में देखा गया है कि विशेषज्ञ और बड़े पदों पर बैठे बुद्धिमान और ज़िम्मेदार दिमाग ज़्यादातर चुप्पी साध लेते हैं क्योंकि वे जब भी बोलते हैं सत्ता के पिट्ठू या तो समझ नहीं पाते या फिर उन्हें इस तरह घेरते हैं जैसे उन्होंने कोई देश विरोधी बात कह दी हो, गुनाह कर दिया हो। वही घिसे-पिटे चेहरे टीवी चैनलों पर आकर उन्हें दोषी ठहराने लगते हैं। कई गंभीर मुद्दे यहां 'ऐलिस इन वंडरलैंड' की तरह खो जाते हैं। सियासी दलों को भले ही तुरंत लाभ मिल जाता है लेकिन देश हित में कोई सार्थक विचार कभी आगे नहीं बढ़ पाते। शायद यही वजह है कि विशेषज्ञ देश के भीतर कुछ बोलने में हिचकते हैं लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलने का अवसर मिलता है तो वे बेहद सधे हुए ढंग से अपनी बात रखते हैं क्योंकि बड़े मंचों पर आप केवल 'पॉलिटिकली मोटिवेटेड+ नहीं हो सकते। वहां आप अपने विषय के विशेषज्ञ हैं। इस सप्ताह देश के दो बड़े ओहदों से देश के बाहर से ज़रूरी बातें सामने आई हैं जिसे सबको सुनना चाहिए। ये दो आवाज़ें हैं-भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और चीफ़ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की।

भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरुआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फ़ीसदी समय फ़र्ज़ी खबरों से निपटने में लगा। सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में बोलते हुए जनरल ने कहा कि-भारत की रणनीति तथ्यों पर आधारित रही, फिर भले ही जवाब देने में थोड़ी देरी हुई हो। उन्होंने कहा कि इससे साफ होता है कि भारत को सूचना युद्ध (इनफार्मेशन वारफेयर) के लिए एक अलग और विशेष शाखा की जरूरत है। जनरल चौहान ने कहा कि आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो बिना लड़ाई के लंबे समय तक सेना को तैनात करना बहुत महंगा पड़ता है। इसलिए भारत ऑपरेशन के बाद जल्दी से डिसइंगेज कर लेता है। लंबे युद्ध देश के विकास में बाधा डालते हैं और यह बात दुश्मन भी जानता है। जनरल चौहान ने शनिवार (31 मई) को सिंगापुर में आयोजित शांगरी-ला डायलॉग में ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर जो बातचीत की उसे ऑपरेशन सिंदूर पर दी गई बेहद दुर्लभ लेकिन आधिकारिक जानकारी माना गया है। अजीब यह है कि ऐसे संवाद अब देश के भीतर सुनने को नहीं मिलते, जैसे कोई सुनियोजित ढंग से इसे ख़त्म करना चाह रहा हो।

**उनकी तीन खास बातों में पहल.**

दिन भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान खोने का ज़िक्र भी था। जनरल चौहान ने पहली बार यह स्वीकार किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली रात भारतीय वायुसेना के कुछ लड़ाकू विमान नष्ट हो गए थे। उन्होंने इन 'प्रारंभिक नुकसानों' के लिए रणनीतिक चूक को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने विमान गिरे थे। उन्होंने पाकिस्तान के उस दावे को 'पूरी तरह ग़लत' कहा जिसमें छह भारतीय फाइटर जेट्स को मार गिराने की बात कही गई थी। जनरल चौहान ने ज़ोर दिया कि संख्या नहीं, बल्कि यह समझना ज़रूरी है कि ये नुकसान क्यों हुए और उनसे कैसे सबक लिया गया। इन नुकसानों के बाद, भारतीय वायुसेना ने लगभग दो दिन तक अपने सभी फाइटर जेट्स की उड़ानें रोक दी थीं। इस दौरान रणनीति की समीक्षा की गई और सुधार किए गए। ब्लूमबर्ग से बातचीत में जनरल चौहान ने कहा, 'हमने यह समझा कि हमने किस स्तर पर टैक्टिकल गलती की थी। उसे ठीक किया, उसमें सुधार किया और दो दिन बाद फिर से सभी विमान उड़ाए और लंबी दूरी से लक्ष्य साधा।' इस रणनीतिक विराम से वायुसेना को फिर से संगठित करने और पाकिस्तान के भीतर गहराई तक सटीक हमले करने का मौका मिला। एक और बात जिससे पाकिस्तान को 'कट्टर दुश्मन' बताने का भारतीय मीडिया का नैरेटिव ख़राब होता है, वह भी जनरल चौहान ने कही कि तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद दोनों देशों ने संयम और समझदारी दिखाई। किसी भी पक्ष ने स्थिति को परमाणु युद्ध की ओर नहीं बढ़ने दिया। रॉयटर्स से बातचीत में उन्होंने कहा,- 'ऑपरेशन सिंदूर के हर चरण में दोनों पक्षों ने सोच-समझकर और जिम्मेदारी से कदम उठाए।' उन्होंने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना को 'बहुत दूर की बात' कहकर खारिज किया और यह भी बताया कि दोनों देशों के बीच संवाद के रास्ते खुले रहे, जिससे संकट को नियंत्रित किया जा सका।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> **भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरुआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फ़ीसदी समय फ़र्ज़ी खबरों से निपटने में लगा।**

होना तो यह चाहिए था कि इन गंभीर बातों को गंभीरता से लिया जाता लेकिन देश के ज़िम्मेदारों की रुचि तो तीनों सेना प्रमुखों को आईपीएल मैच देखने के लिए न्यौता देने में (जिसे स्वीकार नहीं किया गया) रही, कर्नल सोफ़िया कुरैशी के परिवार से सरकार पर फूल बरसवाने में और मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री की सुनें तो यह बताने में रही कि 'देश की सेना भी हमारे नेता के चरणों में नतमस्तक है।' अफ़सोस कि देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रतिबद्धता के साथ जीने वालों की शान के ख़िलाफ़ आए इस बयान पर कोई सशक्त प्रतिकार सत्ता पक्ष की ओर से नहीं आता। बहरहाल जनरल चौहान की टिप्पणियों के बाद अब मोदी सरकार से यह मांग उठनी शुरू हो गई है कि ऐसे संवेदनशील मामलों पर आधिकारिक रूप से और ज़्यादा पारदर्शिता बरती जाए, क्योंकि यह अहम खुलासे देश के बाहर, विदेशी धरती पर किए गए थे। वैसे शांगरी-ला डिफ़ेंस कॉन्फ़्रेंस प्रमुख देशों के रक्षा मंत्रियों का सम्मलेन भी है। सवाल ये भी हैं कि हमारे रक्षा मंत्री क्यों नहीं गए? जवाब मिलने चाहिए कि जो नुकसान हुआ वह राफेल का था या किसी और फाइटर जेट का, क्या पाकिस्तान को पहले सूचना देने का भी इस हानि से कोई ताल्लुक है; और जब सीडीएस खुद मान रहे हैं कि चूक हुई है तब क्या भारत ने पाकिस्तान के पास मौजूद चीनी मिसाइलों को अनदेखा किया और क्या यह भी एक चूक ही कही जाएगी कि भारत ने मान लिया कि बालाकोट की तरह इस बार भी पाकिस्तान चुप रहेगा? जो तात्कालिक नुक़सान साफ़ दिख रहा है वह यह है कि दुनिया अब भारत-पाकिस्तान को एक पलड़े पर रखती हुई नज़र आ रही है।

विदेशी धरती से दूसरी बड़ी आवाज़ भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई की सुनाई दी है जो मंगलवार को लंदन में आयोजित ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट की चर्चा में भाग ले रहे थे। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद जजों की सरकारी पदों पर नियुक्ति और चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि ये गंभीर नैतिक चिंताएं हैं। उन्होंने कहा- 'अगर कोई जज रिटायरमेंट के तुरंत बाद सरकार से कोई पद लेता है या चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दे देता है तो उससे कई सवाल खड़े होते हैं। लोग सोचते हैं कि न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं है। उन्हें लगता है कि जज सरकार से फायदा लेने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह की चीज़ें न्यायपालिका की ईमानदारी पर सवाल उठाती हैं। लोगों को लगता है कि जजों ने भविष्य में पद पाने के लिए फैसले दिए थे।' दरअसल 2014 से, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एस. अब्दुल नज़ीर (आंध्र प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त) और न्यायाधीश रंजन पी. गोगोई (राज्यसभा में नियुक्त) को सेवानिवृत्ति के बाद हाई प्रोफ़ाइल पद मिले। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने पद से इस्तीफ़ा देकर भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ा और आज सांसद हैं। ऐसे मामलों से इस बात पर बहस होती है कि क्या ये नियुक्तियां न्यायिक अखंडता से समझौता नहीं करतीं, जिसकी ओर सीजेआई साफ इशारा करते हैं? इस चर्चा में उन्होंने न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और कदाचार की बात भी कही थी। हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं जिनके दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। विडंबना ही है कि देश के विशेषज्ञ बाहर अपनी बात तर्कसंगत होकर समझाते हैं और देश के भीतर हम मजबूर किए जाते हैं नकली बहस और कुतर्की बयान सुनने के लिए।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# रूस से आयात में भारी कटौती के लिए अमेरिका का भारत पर दबाव

■ अंजन रॉय

भारत द्वारा रूसी हथियारों और शस्त्रों की खरीद 'अमेरिका को परेशान करती है'। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के अनुसार, यह भारत-अमेरिका संबंधों में एक परेशानी है।

इतना कहने के बाद, यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि भारत विविध संपत्तियों वाला एक बड़ा देश है, विशेष रूप से इसके प्रतिभाशाली लोग जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में सक्षम हैं। वाशिंगटन, डीसी में भारतीय टीवी नेटवर्क, एएनआई के साथ बात करते हुए अमेरिकी वाणिज्य सचिव लुटनिक ने अमेरिकी विचारों को स्पष्ट किया।

लुटनिक ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहली प्राथमिकता उन्नत विनिर्माण में अमेरिका फर्स्ट है। हालांकि, इसके अलावा अमेरिका के पास मित्रों और सहयोगियों के साथ सहयोग के कई क्षेत्र खुले हैं, जिन्हें भारत द्वारा खोजा जा सकता है। लुटनिक ने बताया कि विनिर्माण के इन उच्चतम तकनीक और उन्नत क्षेत्रों में से कुछ को अमेरिका द्वारा एक सुविचारित नीति के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है।

> **विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है। वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है।**

विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है।

वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है। आम अमेरिकियों की खपत की जरूरतों को पूरा करने वाले 90पतिशत से अधिक सामान्य माल की आपूर्ति वर्तमान में चीन द्वारा की जा रही थी। इसके परिणामस्वरूप अमेरिका के मुकाबले चीन का व्यापार अधिशेष बहुत अधिक हो रहा था।

डोनाल्ड ट्रंप की नीति के तहत, अमेरिका इस असंतुलन को ठीक करने और इन क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने की कोशिश कर रहा है। यह अमेरिकी रणनीति का हिस्सा है और देश को भारत को एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरते हुए देखकर खुशी होगी।

दूसरी ओर, अमेरिकी वाणिज्य सचिव ने सहजता से कहा कि यूक्रेन पर मौजूदा शत्रुतापूर्ण स्थिति के संदर्भ में यदि भारत रूस से अपने सभी हथियारों की खरीद जारी रखता है तो इससे भारतीय वस्तुओं की खरीद नीति निर्माताओं के बीच भारत के प्रति प्रतिकूल भावनाएं पैदा करेगी।

अमेरिका के लिए सबसे ज़्यादा परेशान करने वाली बात सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली - तथाकथित एसएएम-400 की खरीद थी, जो पहलगाम में आतंकवादी हमले की घटना को लेकर भारत-पाक टकराव में बेहद मूल्यवान साबित हुई थी। भारत देश में एसएएश-400 मिसाइल प्रणाली का एक और सेट तैनात करने की योजना बना रहा है।

आतंकवादी हमले पर हालिया विवाद से ठीक पहले भारत ने धीरे-धीरे रक्षा उपकरणों और हथियार प्रणाली की खरीद में विविधता ला दी है, जिसमें अमेरिकी हार्डवेयर की खरीद भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत ने अमेरिकी प्रणालियों और हथियारों की खरीद शुरू की है।

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग का एक और क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हो सकता है। उन्नत एआई सिस्टम भारतीय और अमेरिकी विशेषज्ञों के बीच मिलकर बनाये जा सकते हैं और इससे बहुत फ़ायदा होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि इन क्षेत्रों में भारतीय दक्षता की आम तौर पर सराहना की जाती है और इनका उपयोग दोनों देशों के लाभ के लिए किया जा सकता है।

वास्तव में, राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपने 'पारस्परिक टैरिफ की घोषणा के बाद, भारत और अमेरिका ने व्यापार वार्ता में भाग लिया है। वर्तमान में केवल कुछ ही देश गंभीर और बहुत आगे बढ़कर व्यापार वार्ता कर रहे हैं, और भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है। अमेरिका जापान के साथ इसी तरह की व्यापार वार्ता कर रहा है और दक्षिण कोरिया भी इसी तरह की वार्ता कर रहा है।

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता कम समय में पूरी हो सकती है। आम तौर पर, एक व्यापार वार्ता कम से कम दो साल तक चलती है, क्योंकि कई नाजुक और जटिल मुद्दों को सुलझाना होता है। फिर भी, अफवाहों के अनुसार, इन्हें कुछ महीनों की अवधि में ही समेट दिया जा रहा है।

अंदरूनी जानकारी से संकेत मिलता है कि अगर विनिर्माण गतिविधियों को इस तरह से व्यवस्थित किया जा सके तो भारत-अमेरिका व्यापार कारोबार कम समय में 500अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। हालांकि,भारत को इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भूमि और श्रम बाजारों के सुधारों जैसे कुछ बड़े आंतरिक सुधारों की आवश्यकता होगी।

फिर भी इन सुधारों को लागू करना आसान नहीं है। ये मूल रूप से एक लोकतांत्रिक और संघीय ढांचे में घरेलू राजनीतिक मुद्दे हैं। इसके लिए विभिन्न राज्यों में सत्तासीन प्रमुख राजनीतिक दलों और केंद्र के बीच लंबी बातचीत की आवश्यकता हो सकती है, और यहीं पर समस्या है।

आशाजनक संकेत यह है कि कुछ राज्य इन बाध्यताओं के बारे में बढ़ती जागरूकता दिखा रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि जो राज्य इन बाध्यताओं के प्रति सजग हैं, वे स्पष्ट प्रगति कर रहे हैं, जबकि जो राज्य अपनी कट्टर राजनीतिक स्थिति में अड़े हुए हैं, वे पिछड़ रहे हैं। इससे देश के भीतर प्रगतिशील और प्रतिगामी राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा हो सकती है जो विकास के लिए संयुक्त मार्ग निर्धारित कर सकती है।

## आपके पत्र

### शिक्षा का उज्ज्वल चेहराः मिजोरम से क्या सीख सकते हैं हम!

जब भारत के कई राज्य अब भी शिक्षा के बुनियादी लक्ष्यों को छूने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे समय में मिजोरम ने इतिहास रच दिया है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि वह मशाल है, जो देश के लिए दिशा और प्रेरणा दोनों बन सकती है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2023-24 के अनुसार, मिजोरम ने 98.2 प्रतिशत की साक्षरता दर के साथ 'पूर्ण साक्षरता' का गौरव प्राप्त कर लिया है और इसी के साथ यह भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां हर दस में लगभग दस व्यक्ति पढ़ना-लिखना जानते हैं। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि उस सामाजिक चेतना, प्रतिबद्ध प्रशासन और शिक्षकों की निःस्वार्थ भागीदारी की गाथा है, जिसने शिक्षा को अधिकार नहीं, ज़िम्मेदारी माना। अक्सर हाशिए पर रखे जाने वाले उत्तर-पूर्वी राज्यों में से एक, मिजोरम ने दिखा दिया है कि विकास केवल संसाधनों पर नहीं, संकल्प और सहभागिता पर निर्भर करता है।

शिक्षा को लेकर यह राज्य जिस प्रकार आगे बढ़ा है, वह भारत की समग्र शिक्षा नीति पर एक मौन प्रश्नचिह्न भी है कि जो छोटे और संसाधन-वंचित राज्य कर सकते हैं, वह बड़े और अपेक्षाकृत समृद्ध राज्य क्यों नहीं? 2023 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'उल्लास' नव-साक्षरता अभियान को मिजोरम ने केवल सरकारी योजना की तरह नहीं लिया, बल्कि उसे एक सामाजिक आंदोलन में तब्दील कर दिया। समग्र शिक्षा और नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को जोड़ते हुए इसे मिशन मोड में उतारा गया। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण का गठन हुआ, और एससीईआरटी के अंतर्गत एक 'राज्य साक्षरता केंद्र' की स्थापना की गई। यहां मिज़ो भाषा में 'वर्टियन' नामक अध्ययन सामग्री तैयार की गई, स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए 'मार्गदर्शक' पुस्तिका बनाई गई और छात्रों के लिए 'रोमी' जैसे संसाधन विकसित किए गए।

भारत आज जिस 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' की बात करता है, वह केवल जनसंख्या के आंकड़े नहीं हैं। वह एक ज़िम्मेदारी है देश की युवा शक्ति को सही दिशा देने की। सवाल यह है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था इस ज़िम्मेदारी के योग्य है? क्या हम केवल डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी पैदा करना चाहते हैं, या फिर ऐसे विवेकशील, संवेदनशील और सजग नागरिक, जो राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें? मिजोरम इस प्रश्न का उत्तर है।

एक छोटा राज्य, सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा को लेकर उसकी सोच और क्रियान्वयन यह दिखाता है कि परिवर्तन नीचे से आता है, ऊपर से नहीं। जब शिक्षक बच्चों के नाम और उनके घरों को जानता है, अभिभावक शिक्षक से संवाद करता है, और समाज विद्यालय को अपना दायित्व मानता है, तब शिक्षा एक सामाजिक अभियान बन जाती है—न कि कोई सरकारी आदेश। मिजोरम की शिक्षा पद्धति में यह भी विशेष है कि वहां शिक्षा को जीवन मूल्यों से जोड़ा गया है। बच्चे वहां नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता और आदिवासी अधिकार जैसे मुद्दों से भी परिचित होते हैं। इस समावेशी मॉडल का प्रभाव यह है कि वहां शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक अर्जित करना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण है। यह दृष्टिकोण उस भ्रामक प्रतिस्पर्धा से मुक्त करता है जो आज अधिकांश राज्यों में विद्यार्थियों पर बोझ बन चुकी है।

मिजोरम का उदाहरण यह बताता है कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो सीमित संसाधनों के बीच भी शिक्षा को सामाजिक क्रांति में बदला जा सकता है। इसके लिए न केवल नीति चाहिए, बल्कि नीयत भी चाहिए। हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां शिक्षा केवल मंत्रालयों का विषय न होकर हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी बने।अब समय आ गया है कि देश

इस मॉडल को केवल सराहे नहीं, बल्कि इसे अपनाए। जब तक हम शब्दों से निकलकर ज़मीन पर नहीं उतरेंगे, तब तक 'ज्ञान की महाशक्ति' बनने का सपना अधूरा ही रहेगा।

**-सोनम लववंशी**



## ललित सुरजन की कलम से

### स्थानीय स्वशासन कितना सार्थक?

*'सिंहदेवजी ने एक दिन कहा कि चुनाव के समय दूरदराज के मतदाता भी रातभर अपनी झोपड़ी की फटकी को आधा खुला रखते हैं और ढिबरी जलने देते हैं। यह बताने के लिए कि हम जाग रहे हैं, प्रतीक्षा कर रहे हैं, मतदान के पहले जो देना हो दे जाओ। मतलब यह कि चुनावों के समय उम्मीदवार अगर साड़ी, शराब, रुपया बांट रहे हैं तो उसे लेने से वे इंकार नहीं करते, फिर भले ही वोट किसी को भी दें। इतना तय है कि जिसने कुछ नहीं दिया उसे वोट पाने की उम्मीद भी नहीं करना चाहिए।'*

*'यह किस्सा इसलिए ध्यान में आया क्योंकि रायपुर नगर निगम के चुनाव में ही मुझे यहां-वहां से बहुत सारी खबरें सुनने मिलीं। मसलन, जुलूस निकालने और पर्चियां बांटने का रेट दो सौ-ढाई सौ रुपए प्रतिदिन था, भाजपा के उम्मीदवारों ने गरीब बस्तियों में तीन-तीन सौ रुपया बांटे, तो कांग्रेसियों ने दो सौ। कहीं-कहीं पांच सौ रुपए तक बांटने की खबरें आईं। चेपटी याने देशी दारू के पाउच तो बांटे ही गए। इस बार कुछ उम्मीदवारों ने अक्ल का परिचय देते हुए पैसा ब्राह्म मुहूर्त में बांटा जब विरोधी भी सोए हों, रात को जब पकड़े जाने की आशंका न हो। एम्बुलेंस गाडियों का उपयोग भी इस वितरण के लिए किया गया जिन पर सामान्यतः शंका नहीं होती और कई जगह पुलिस वालों ने देखकर भी नहीं देखा। जो रायपुर में हुआ वही अन्यत्र भी हुआ होगा। जब ये हाल हैं तो आने वाले दिनों की तस्वीर क्या होगी? इसकी कल्पना करना कठिन नहीं है। जो राजनीतिक कार्यकर्ता स्थानीय चुनावों में ऐसे पाठ पढ़ा रहे हैं उनका भविष्य कितना उज्जवल होगा इसका भी अनुमान किया जा सकता है।'*

**(देशबन्धु में 1 जनवरी 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/

## पावन प्रसंग

### ईद-उल-अज़्हा : कुर्बानी का त्योहार और इसकी सामाजिक व समकालीन उपयोगिता

ईद-उल-अज़्हा, जिसे ईद-ए-कुर्बान भी कहा जाता है, इस्लामी कैलेंडर का एक बेहद महत्वपूर्ण और पाक अवसर है। यह न केवल हज़रत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) की आज्ञा पालन और वफ़ादारी की याद दिलाता है, बल्कि इसमें त्याग, दानशीलता, सामाजिक सहानुभूति, और रूहानी तर्बियत का एक मुकम्मल पैग़ाम भी छुपा होता है। यह त्योहार हमें सिर्फ जानवर ज़बह करने का नहीं बल्कि ज़िन्दगी के हर पहलू में कुर्बानी, सब्र और ज़िम्मेदारी अपनाने की तालीम देता है।

क़ुर्बानी की असल रूह-हज़रत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) का अमल हमें यह सिखाता है कि एक मोमिन इंसान को अपनी सबसे अज़ीज़ चीज़ भी अल्लाह की राह में देने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह ईमानदारी और फ़रमानबरदारी की बेहतरीन मिसाल है, जो न सिर्फ़ हमारी ज़ाति ज़िन्दगी बल्कि पूरे समाज पर असर डालती है।

'अल्लाह तक न उनका गोश्त पहुंचता है और न खून, बल्कि तुम्हारा तक़्वा पहुंचता है।'

-(सूरह अल-हज्ज- 37)

सामाजिक समानता और सहानुभूतिः ईद-उल-अज़्हा हमें यह एहसास दिलाती है कि ख़ुशी और नेमतों पर हर इंसान का हक़ है — चाहे वो अमीर हो या ग़रीब। जब क़ुर्बानी का गोश्त तीन हिस्सों में तक़सीम किया जाता है— तो यह सिर्फ़ एक रस्म नहीं बल्कि सामाजिक इंसाफ़ और भाईचारे की एक ज़िंदा मिसाल होती है।

पर्यावरणीय पहलू- आज के दौर में कुर्बानी के मौक़े पर माहौलियाती हिफ़ाज़त एक अहम मुद्दा बन चुका है।

जानवरों के ज़बह के बाद उनका फ़ुज़ला, खून, खाल वग़ैरह अगर सही तरीक़ेसे नहीं निपटाया गया, तो यह माहौल को गंदा और नुक़सान पहुंचा सकता है।

इस्लाम हमें सिखाता हैः सफ़ाई आधा ईमान है। इसलिए ज़रूरी है कि हम क़ुर्बानी करते हुए ऐसी जगहों और तरीक़ों को अपनाएं जहां शरई उसूलों का भी ख़याल रखा जाए और माहौल की भी हिफ़ाज़त हो।-

क़ुर्बानी में अनुशासन ईद-उल-अज़्हा के दिन लाखों जानवरों की क़ुर्बानी एक बड़ा और मुनज़्ज़म अमल होता है। इसमें नज़्म-ओ-ज़ब्त, वक़्त की पाबंदी, सफ़ाई का ख्याल, और दूसरों के जज़्बात का एहतेराम शामिल होना चाहिए।

जानवर का सही चुनाव, ज़बह का तरीका, गोश्त की तकसीम—सब कुछ शरीअत के मुताबिक़ हो। बिना जानकारी क़ुर्बानी, गंदगी फैलाना, या दिखावा करना इस इबादत की रूह के ख़िलाफ़ है।

आधुनिक दौर में क़ुर्बानी का मतलब- आज के दौर में क़ुर्बानी सिर्फ़ जानवर के ज़बह तक महदूद नहीं रहनी चाहिए। हमें इस रूह को अपनी ज़िन्दगी में भी अपनाना होगाः वक़्त की क़ुर्बानी दूसरों के लिए, माल की क़ुर्बानी ज़रूरतमंदों के लिए, अना की क़ुर्बानी रिश्तों की भलाई के लिए, और ख्वाहिशों की क़ुर्बानी अल्लाह की रज़ा के लिए।

अगर हम सिर्फ़ एक दिन गोश्त बांट कर पूरे साल बे-परवाह रहें, तो क़ुर्बानी का असल मक़सद खो जाएगा। ईद-उल-अज़्हा हमें सिखाती है कि असली क़ुर्बानी वही है जो इख़लास, नियत, और इंसानियत की भलाई के साथ हो। यह एक ऐसा मौक़ा है जब हम न सिर्फ़ अल्लाह की रज़ा हासिल करते हैं, बल्कि समाज में सहानुभूति, साफ़-सफ़ाई, अनुशासन, और पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाते हैं।

अगर हम इस त्योहार की असल रूह को समझकर उस पर अमल करें, तो यह हमारे समाज में त्याग, बराबरी, भाईचारा, और शऊर की बेदारी का सबब बन सकता है।

**-नुजहत सुहैल पाशा**

उल्टा पुल्टा

पत्नी से परेशान पति एक दिन पंडित जी के पास पहुंचा और बोला- पंडित जी एक बात बताइए कि ये जनम-जनम का साथ वाली बात क्या सही है।

पंडित जी- सौ फीसदी सही है।

# सिम्स में कोविड संक्रमण से निपटने मॉकड्रिल



**बिलासपुर**, 5 जून (देशबन्धु)। सिम्स चिकित्सालय में कोविड की आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉकड्रिल सिम्स के अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ अर्चना सिंह, नोडल अधिकारी डॉ भूपेन्द्र कश्यप के निर्देशन में संपन्न हुआ। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार ने कोविड संक्रमण को देखते हुए समस्त चिकित्सालय को अलर्ट मोड में रहने के लिए पत्र लिखकर आदेश दिया गया है।



ऐसे मरीज जिन्हें सांस लेने में दिक्कत लंबे समय से खांसी, सर्दी-जुकाम, लूज मोशन, हॉथ-पैर में जकड़न, बुखार सुगंध एवं दुर्गन्ध का महसूस न कर पाने वाले मरीजों को चिकित्सालय में लाए जाने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए स्ट्रेचर पर स्टेबलाइज किया गया। ऑक्सीजन मास्क लगाया गया तथा तत्पश्चात उसे वार्ड में सिफ्ट किया गया। मेडिसीन विभाग के चिकित्सक उपस्थित थे। मरीज को बेड पर लेटाने के पश्चात सबसे पाहले उसे वाइटल साइन (ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन के स्तर आदि) की निगरानी की गई उसकी चेतना की स्थिति का मुल्यांकन किया गया। मरीज के नाक एवं गले से सेंपल लेकर वायरोलॉजी विभाग कोविड जांच के लिए भेजा गया। इसके पश्चात आई.वी. लाइन के माध्यम से जीवन रक्षक दवाईयां दी गई।

इस मॉकड्रिल के माध्यम से आपातकालीन स्थितियों में त्वरित और समन्वित चिकित्सीय सेवायें प्रदान करने की तैयारी का मुल्यांकन किया गया। उक्त मॉकड्रिल में सिम्स चिकित्सालय में कार्यरत डॉ सुनील कुमार पेंड्रो, चिकित्सा अधिकारी, डॉ आद्या सिंगरौल, कैजुअल्टी मेडीकल ऑफीसर, श्रीमती स्वाती कुमार, सहायक नर्सिंग अधीक्षक, श्रीमती सरिता बहादुर, नर्सिंग सिस्टर, श्रीमती पुष्पलता शर्मा, श्रीमती कंचन चौबे, कु. शिरोमणी नायक एवं गोल्डन काशी, लैब टेक्निीशियन, वार्ड ब्वाय संजय श्रीवास, मुकेश भोई, मणी श्रीवास, गोविंद एवं सलीम टीम वर्क के साथ कार्य का संपादन हुआ।

## संभागायुक्त अधूरे निर्माण कार्यों सहित उपकरणों की धीमी आपूर्ति पर हुए तल्ख

### मरीजों की सुविधा के लिए आईपीडी जल्द शुरु करने के निर्देश



### संभागायुक्त ने ली मल्टी सुपर स्पेश्यालिटी प्रबंधन की बैठक

**बिलासपुर**, 5 जून (देशबन्धु)। संभागायुक्त सुनील जैन ने आज कुमार साहब स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव सुपर स्पेश्यालिटी हॉस्पिटल में आईपीडी शुरू करने सहित अन्य अहम मुद्दो पर अस्पताल प्रबंधन की बैठक ली। सभी 8 ऑपरेशन थियेटर जल्द से जल्द फंक्शनल करने कहा। उन्होंने अस्पताल में मरीजों की भर्ती कर इलाज करने की सुविधा (आईपीडी) जल्द शुरू करने कहा। बैठक में बताया गया कि एक माह के भीतर यूरोलॉजी की आईपीडी शुरू कर ली जाएगी। संभागायुक्त ने मेडिकल उपकरण की आपूर्ति में हो रहे विलंब पर भी गहरी नाराजगी जताई। संभागायुक्त कार्यालय में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, डिप्टी कमिश्नर श्रीमती स्मृति तिवारी, सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, सुपर स्पेश्यालिटी हॉस्पिटल कोनी के चिकित्सा अधीक्षक सह संचालक डॉ. बी.पी. सिंह, डॉक्टर्स सहित निर्माण एजेंसियों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

बैठक में संभागायुक्त सुनील जैन ने रिक्त पदों पर विज्ञापन जारी कर शीघ्र भर्ती करने कहा। निर्माण एजेंसी केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को अधूरे कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश दिए। चिकित्सा अधीक्षक ने बाताया कि यूरोलॉजी आईपीडी एक महीने में शुरू कर ली जाएगी। संभागायुक्त ने ब्लड बैंक का काम अब तक अधूरा होने पर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने आईपीडी शुरू करने के लिए आवश्यक सेवा गैस मेनीफोल्ड सर्विसेस के लिए एम्स का विजिट करने कहा। इसके लिए चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। उन्होंने लॉन्ड्री, मार्चूरी भवन, जन उपयोगी भवन, बायोमेडिकल वेस्ट भवन निदान सहित स्टाफ आवास का प्राक्कलन जल्द बनाने के निर्देश सीपीडब्ल्यूडी को दिए। वहीं उपकरण प्रदान करने वाली एजेंसी हाईट्स को बचे हुए उपकरण की आपूर्ति करने कहा। अस्पताल में कैथलैब, डायलिसिस जैसे मशीनों की आपूर्ति अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है।

## संपादकीय

### बिलासपुर आगजनी के सबक

*राजधानी के बाद छत्तीसगढ़ का सबसे प्रमुख तथा बड़ा शहर बिलासपुर है। यहां पर स्थित शनिचरी बाजार वर्षों पुराना तो है ही, यहां के निवासियों के लिये दैनंदिन वस्तुएं प्राप्त करने का एक प्रमुख केन्द्र भी है। यहां ज्यादातर मनिहारी, फैशन, प्रसाधन आदि की वस्तुओं के साथ कपड़े-लत्तों, जूतों, खिलौनों की दुकानों में बहुतेरी वस्तुएं बिकती हैं। इसके निकट सब्जियां, फल आदि भी मिलते हैं। शहर के जो प्रमुख बाजार हैं उनमें यह भी है जहां बिलासपुरवासी ही नहीं बल्कि आसपास के गांव-कस्बों कते लोग भी भरपूर खरीदारी करते हैं।*

*यह भीड़-भाड़ वाला बाजार तो है ही, वर्षों से यह विकसित हुआ है। किसी नये बसे शहर के बाजार की तरह नियोजित न होने के कारण इसमें कई तरह की असुविधाएं, यथा अव्यवस्थित दुकानें, पार्किंग न होने जैसी समस्याएं हैं, परन्तु शहर के बीचें-बीच में स्थित होने के कारण लोगों के लिये सहूलियत भी प्रदान करता है। ऐसे बाजार या बसाहट हमेशा विभिन्न तरह के खतरों को आमंत्रित करते हैं। भगदड़ होने पर इनमें से निकल पाना तो मुश्किल होता ही है, कोई अनहोनी होने पर भी जन हानि होती है।*

*बुधवार को तड़के इस बाजार में आग लग गई जिसका कारण एक दूकान में शॉर्ट सर्किट होना बतलाया जा रहा है। इसने देखते ही देखते 17 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी जिससे दोनों विभागों के कर्मचारियों ने बेहद चुस्ती दिखलाते हुए वहां आमद तो दी परन्तु बाजार के घने बसे होने और आग काफी अंदर की दुकानों में लगी होने से वहां तक होस पाइपों को पहुंचाने में फायर ब्रिगेड को काफी समय लगा। 5-5 मीटरों के पांच होस पाइपों को जोड़ने के बाद ही वहां पानी का छिड़काव हो सका। लगभग 5 घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बहुत सुबह आगजनी के कारण न तो दूकानदार थे, न ही ग्राहक। यदि यह दुर्घटना दिन में या ग्राहकों की भीड़-भाड़ के वक्त होती तो जन हानि होने की आशंका से कोई इंतज़ार नहीं कर सकता।*

*इस वाकये से सबक लेते हुए सरकार को राज्य के ऐसे सारे इलाकों का जायजा लेना चाहिये जो घने बसे हैं और शनिचरी बाजार की तरह कोई हादसा होने पर सहायता का पहुंच पाना मुश्किल होता हो। आगजनी ही नहीं, अन्य तरह की भी दुर्घटनाएं हो सकती हैं जिसके चलते पुलिस, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि का वहां पहुंचना ज़रूरी हो। सभी शहरों-कस्बों के ऐसे बाजार, हाट को सुविधायुक्त बनाया जाये। उनमें पहुंचने के लिये पर्याप्त जगहें हों। संकरे रास्ते और तंग गलियों वाले बाजारों को भी व्यवस्थित किया जाये। इनमें पार्किंग की जगहें हों तथा कोई आपदा हो तो उनसे निपटने के लिये पर्याप्त उपाय प्रशासन, नगरीय निकाय और स्वयं दुकानदारों के संगठनों की ओर से हों।*

# रेलवे में मानव तस्करी रोधी जागरूकता पर कार्यशाला



**बिलासपुर**, 5 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया के. रहाटकर के तत्वावधान एवं पहल पर रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 04 जून को बिलासपुर स्थित एन.ई. इंस्टीट्यूट ऑडिटोरियम में मानव तस्करी रोधी जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर निगम बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. संजीव शुक्ला (पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज), मुनव्वर खुर्शीद (महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल), राजमल खोईवाल (मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर), श्रीमती नौशीना आफरीन अली (वरिष्ठ अधिवक्ता, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय), अमिया कुमार (वरिष्ठ विधि सलाहकार, रेलवे), एवं राज्य महिला आयोग एवं विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत शॉल व श्रीफल भेंट कर मुनव्वर खुर्शीद द्वारा किया गया। कार्यशाला में मानव तस्करी के कानूनी, सामाजिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर सारगर्भित व्याख्यान दिए गए। डॉ. संजीव शुक्ला, श्रीमती नौशीना आफरीन अली एवं अमिया कुमार द्वारा दी गई जानकारी मानव तस्करी की रोकथाम हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई।

इस जागरूकता कार्यशाला में रेलवे सुरक्षा बल, राष्ट्रीय महिला आयोग, पुलिस बल, बाल विकास विभाग, रेलवे टीटीई, एनजीओ, लायंस क्लब एवं समाजसेवियों सहित कुल 326 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

समापन सत्र में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, दिनेश सिंह तोमर द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग को इस कार्यशाला को आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया गया तथा सभी विभागों एवं सहभागी व्यक्तियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह कार्यशाला मानव तस्करी जैसे गंभीर विषय पर जन-जागरूकता हेतु एक प्रभावशाली पहल रही।

# रीवा-पुणे के मध्य द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा

**बिलासपुर**, 5 जून (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे क्षेत्र के लोगों की बहूप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुये इस क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा हेतु रीवा एवं पुणे के मध्य 20152/20151 रीवा-पुणे-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन का द्वि-साप्ताहिक परिचालन सेवा शुरू किया जा रहा है ।

इस गाड़ी के शुरू होने से इस क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा हेतु पुणे के लिए तीव्र गति के साथ सुगमता से पहुंचने की सीधी सुविधा मिलेगी ।साथ ही पूरे क्षेत्र में व्यापारिक तथा आर्थिक गतिविधियों के उन्नयन में इस ट्रेन की महत्वपूर्ण भूमिका सिद्ध होगी ।यात्रियों के परिवहन के साथ ही इस क्षेत्र के विभिन्न उत्पादों का भी परिवहन संभव हो सकेगा ।छात्रों को बेहतर उच्च शिक्षा के लिए पुणे तक पहुंच आसान होगा

**व्हाया सतना, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, भुसावल, मनमाड, कोपरगाँव, अहमदनगर एवं दौण्ड कॉर्ड लाईन मार्ग से चलेगी**

गाड़ी संख्या 20152/20151रीवा-पुणे-रीवा एक्सप्रेस का द्वि - साप्ताहिक नियमित परिचालन किया जाएगा ।गाड़ी संख्या 20152 रीवा - पुणे एक्सप्रेस, (बुधवार) को रीवा से यह गाड़ी 06.45 बजे रवाना होकर कछपुरा 11.10 बजे, गोंदिया आगमन 16.01 बजे प्रस्थान 16.06 बजे, नागपुर आगमन 18.20 बजे प्रस्थान 18.30 बजे एवं पुणे 09.45 बजे(गुरुवार) को पहुंचेगी ।इसी प्रकार विपरीत दिशा पुणे से चलकर यह गाड़ी संख्या 20151 पुणे - रीवा एक्सप्रेस, (गुरुवार) को पुणे से 15.15 बजे रवाना होकर नागपुर आगमन 05.25 बजे, प्रस्थान 05.30 बजे, गोंदिया आगमन 07.50 बजे प्रस्थान 07.55 बजे, कछपुरा 12.40 बजे एवं रीवा 17.30 बजे (शुक्रवार) को पहुंचेगी ।इस गाड़ी का ठहराव सतना, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, भुसावल, मनमाड, कोपरगाँव, अहमदनगर एवं दौण्ड कॉर्ड लाईन में होगा ।यह गाड़ी 01 सामान ब्रेक कार, 01 जेनेरेटर/ब्रेक कार, 04 सामान्य, 06 शयनयान ,3 एसी - 03 (इकॉनमी), 3 एसी- 03 (एलएचबी) तथा 02 एसी चेयर कार सहित कुल 20 कोचों के साथ चलेगी ।

# जीएम तरुण प्रकाश ने अमेरी फाटक पर अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता कार्यक्रम में की सहभागिता

### अंतर्राष्ट्रीय समपार सप्ताह के अवसर पर जागरुकता अभियान निरंतर जारी



**बिलासपुर**, 5 जून (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय समपार (फाटक) जागरुकता दिवस के अवसर पर समपार फाटकों में होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क उपयोगकर्ताओं में सुरक्षित समपार फाटक पार करने के दौरान ली जाने वाली सावधानियों एवं नियमों के प्रति जागरूकता लाने बिलासपुर मंडल संरक्षा विभाग व्दारा 03 जून से 09 जून तक समपार फाटक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।

इसी क्रम में आज 05 जून को बिलासपुर मंडल के अमेरी फाटक में अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में भारत स्काउट एवं गाइड के सदस्यों द्वारा बंद फाटक पार करने के दुष्परिणामों पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

महाप्रबंधक ने स्काउट-गाइड द्वारा प्रस्तुत इस जागरूकता नाटक की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक प्रयास आम जनमानस में रेल संरक्षा के प्रति चेतना जागृत करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे रेलवे फाटकों पर पूरी सावधानी और नियमों का पालन करें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

इस दौरान महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा अमेरी फाटक का संरक्षा निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने फाटक की संरचनात्मक स्थिति, परिचालन प्रक्रिया, सिगनलिंग व्यवस्था तथा सुरक्षा उपायों की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री राजमल खोईवाल, मुख्यालय व मंडल के वरिष्ठ रेल अधिकारीगण एवं स्थानीय नागरिकगण उपस्थित थे।

# भोजली महोत्सव समिति ने सफाई अभियान चलाया



**बिलासपुर**, 5 जून (देशबन्धु)। पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर सफाई अभियान चलाया गया। अरपा नदी किनारे तोरवा भोजली घाट का भोजली महोत्सव समिति बिलासपुर के सदस्य के द्वारा पर्यावरण दिवस में पर्यावरण ही पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के आधार है इनके बिना जीवन कल्पना भी नहीं की जा सकती है ।जीवन के लिए हमें शुद्ध शुद्ध, हवा ,स्वस्थ, पानी और हमारे आस पास स्वस्थ की मिट्टी की आवश्यकता होती है पर्यावरण का ही हमारा जीवन का एक अंग है भोजली महोत्सव समिति तोरवा बिलासपुर के अध्यक्ष शंकर यादव ने बताए पर्यावरण नदी भी हमारे आस पास के जंगलों का एक संरक्षण पर्यावरण के बहुत ही की महत्व पूर्ण है।

भोजली महोत्सव समिति बिलासपुर के प्रमुख रूप शामिल हुए श्रीमति संतोषी भोई मोहन श्रीवास वार्ड पार्षद , संरक्षक गंगेश्वर सिंह उइके, सहदेव केवट सलाकार सुनील भोई कोषाध्यक्ष ,नंदकिशोर यादव सचिव, लोककलाकार संजय सिंह, सदस्य दिलीप श्रीवास सुरेश दास मानिकपुरी, समिति के सभी सदस्य।

# डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार आवेदन 31 जुलाई तक

**बिलासपुर**, 5 जून (देशबन्धु)। राज्य के प्रगतिशील किसानों को कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु छ.ग. शासन द्वारा प्रति वर्ष डॉ. खूबचंद बघेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

इस वर्ष पर भी प्रगतिशील किसानों से डॉ. खूबचंद बघेल पुरस्कार 2025 के तहत आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक है। इच्छुक कृषक आवेदन पत्र अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से नि:शुल्क प्राप्त कर एवं पूर्ण रूप से भरे आवेदन सहपत्रों सहित जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# महिलाओं में संघर्ष करने और सफल होने की अद्भुत क्षमता-प्रो. चक्रवाल

## सीयू में प्रिवेंशन ऑफसेक्सुअल हैरेसमेंट एक्ट एंड साइबर सिक्योरिटी विषय पर जागरुकता कार्यक्रम

**बिलासपुर**, 5 जून (देशबन्धु)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए. ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र एवं राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट एक्ट एंड साइबर सिक्योरिटी विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 04 जून, 2025 को रजत जयंती के हाल क्रमांक 1 में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी रहीं। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने की।

कार्यक्रम के संरक्षक एवं अध्यक्ष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि महिलाएं सबल और सशक्त होने के साथ ही ममत्व से परिपूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं में संघर्ष करने एवं सफल होने की अद्भुत क्षमता होती है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तित्व एवं उसकी सफलता




का श्रेय मातृशक्ति को जाता है। समाज को महिलाओं के सतत् प्रयास एवं संवेदनशीलता से प्रेरणा लेनी चाहिए।

मुख्य अतिथि बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने कहा कि दुनिया लगातार आगे बढ़ रही है ऐसे में हमें महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक समाज बनाने का प्रयास करना होगा। हम सभी का ऐसा प्रयास होना चाहिए जिससे महिलाओं हेतु कार्य क्षेत्र में अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो।

राम अवतार सिंह, पीपीएस, राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा का संदेश सभा में उपस्थित जनों तक पहुंचाया तथा कहा कि कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में महिलाओं के लिए बेहतर वातावरण का निर्माण हुआ है।

इससे पूर्व अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. शैलेन्द्र कुमार अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने दिया। कार्यक्रम की सह-समन्वयक एवं प्रभारी निदेशक, महिला अध्ययन केन्द्र डॉ. अर्चना यादव ने विषय प्रवर्तन किया। अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री एच.एन. चौबे ने धन्यवाद ज्ञापन तथा संचालन डॉ. शालिनी मेनन ने किया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग के सदस्यों सहित, विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण एवं अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# चारधाम की यात्रा पर दंपत्ति, मकान से वाहन और जेवरात ले भागे चोर

## पड़ोसियों की सूचना पर संज्ञान लिया पुलिस ने



कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। कोरबा में चोरों का इन्फार्मेशन सिस्टम इतना तगड़ा है कि उन्हें बहुत जल्द मालूम हो जाता है कि आसपास के कौन सा परिवार कहां गया है और कितने दिन बाद लौटेगा। इस आधार पर चोर गिरोह रेकी करने के साथ पूरी प्लानिंग के साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। सीएसईबी चौकी क्षेत्र में एक अधिकारी के मकान को टारगेट करते हुए चोरों ने वाहन और जेवरात सहित अन्य सामान पार कर दिया। चारधाम की यात्रा पर गए परिवार को इस बारे में जानकारी दे दी गई है।

खबर के अनुसार नगर निगम के रिहायशी क्षेत्र शिवाजी नगर में प्लॉट नंबर 269/10 में हुई। मकान मालिक मनोज कुमार पैकरा, जो रायपुर में मत्स्य विभाग में संचालक हैं, और उनकी पत्नी सुनीता पैकरा, जो कोरबा में शासकीय शिक्षिका हैं, वर्तमान में परिवार के साथ देहरादून-केदारनाथ में गर्मी की छुट्टियां बिताने गए हुए हैं। चोरों ने घर के आंगन में खड़ी आर्टिका कार और स्कूटी के साथ-साथ सोने-चांदी के जेवरात भी चुरा लिए। गुरुवार सुबह पड़ोसियों ने देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है और आंगन में खड़ी गाड़ियां गायब हैं। घर के अंदर अलमारियां टूटी हुई थीं और सामान बिखरा हुआ था। पड़ोसियों ने तुरंत मनोज कुमार पैकरा को फोन पर घटना की जानकारी दी। मनोज ने अपने साले राजेश कुमार कंवर को सूचित किया, जिन्होंने सिविल लाइन थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज की। राजेश ने बताया कि चोरों ने कार और स्कूटी की चाबियां घर से निकालीं और जेवरात भी ले गए। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस, क्राइम एस्कॉर्ट टीम, फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड 'बाघा' मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वायड ने घर के पीछे तक सेंट का पीछा किया, लेकिन पानी भरे क्षेत्र के कारण आगे नहीं बढ़ सका। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और जांच के लिए क्राइम स्क्वायड, फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की मदद ली जा रही है। कोरबा में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता है। इस घटना ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस से अपेक्षा की जा रही है कि वह तत्काल कार्रवाई कर चोरों को पकड़े और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करे।

### कैमरे लगे लेकिन किसी काम के नहीं

सबसे खास बात यह रही कि चोरी और अन्य मामलों का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के भरोसे रहती है। मनोज पैकरा के घर पर चोरी के मामले में आगे बढ़ने के लिए कैमरे के फुटेज खंगाले गए। मालूम चला कि आसपास में कई जगह कैमरे तो लगे है लेकिन वे शोपीस है। ये या तो खराब स्थिति में है अथवा इनका रिजल्ट नहीं मिल रहा है।

# एकल शिक्षकीय स्कूलों में नियुक्त होंगे डीएमएफ से अतिथि शिक्षक

## युक्तियुक्तकरण हुआ मापदंड के तहत : कलेक्टर




कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा सभी अतिशेष शिक्षकों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया है। जिले में अतिशेष शिक्षकों की कमी के कारण वर्तमान में केवल 90 प्राथमिक शाला एकल शिक्षकीय रह गए हैं। जिनकी सूची विभाग द्वारा शासन को भेजी जा रही है। जिससे शासन द्वारा इन विद्यालयों में निर्धारित माप दंड अनुसार शिक्षको की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ से इन एकलशिक्षकीय विद्यालय में शाला प्रारम्भ होने के साथ ही अतिथि शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी।

कलेक्टर अजीत वसंत ने यह जानकारी आज प्रेस कांफ्रेंस में दी। बताया गया कि यह प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ है। प्रक्रिया से जिले के पाली, पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्रों के अनेक प्राथमिक शालाओं में पहली बार दो शिक्षकों की व्यवस्था हुई है एवं जिले में कोई भी शाला शिक्षकविहीन नहीं रह गया है। जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में न्यूनतम 3 शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की गई है। प्रक्रिया से छात्र-शिक्षक अनुपात में कोई बदलाव नहीं आया है। साथ ही किसी शिक्षक की सेवा या पद की समाप्ति नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि जिले के एक ही परिसर में संचालित विभिन्न स्तर के शालाओं के समायोजन के उपरांत प्राथमिक शाला के 287 सहायक शिक्षक व 14 प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के 147 शिक्षक, 04 प्रधान पाठक 75 व्याख्याता अतिशेष रहे। काउंसिलिंग में 60 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षक, महिला, सीएससी, शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं शिक्षक को क्रमानुसार वरीयता अनुसार काउंसलिंग की गई। कॉउंसलिंग में दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षक व्यवस्था हेतु प्राथमिकता दी गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ दिनेश नाग, जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### कोहड़िया उद्यान में बिखरी हरियाली, मेयर ने बताया महत्व



कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस पर कोहड़िया उद्यान में नगर पालिक निगम एवं रोटरी क्लब कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम हुआ। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि वृक्ष धरा के भूषण है और वायु प्रदूषण को दूर करने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाने में अपनी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से वन संपदा की रखवाली करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में महापौर, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त विनय मिश्रा व वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित अन्य लोगों ने पौधे लगाए। कार्यक्रम के दौरान निगम के अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, कार्यपालन अभियंता एन.के.नाथ व तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष पारस जैन, संतोष जैन, प्रेम गुप्ता, राजेश सलुजा, रामकुमार राठौर, प्यारे लाल साहू, रथ चतुर्वेदी, आशीष द्विवेदी, नरेंद्र गोस्वामी, आशुतोष तिवारी, कपूरचंद पटेल, अरूण साहू, अभिषेक साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### मड़वारानी में 11 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य



कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस पर मड़वारानी क्षेत्र में 11 हजार पौधे लगाने का संकल्प लोगों ने लिया। जिला पंचायत कोरबा की सभापति (वन) सावित्री अजय कंवर के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम हुआ। काफी संख्या में लोग यहां उपस्थित थे जिन्होंने पौधे लगाए। उन्होंने तय किया कि इन पौधों की रक्षा भी की जाएगी। कार्यक्रम में जनपद सदस्य लक्ष्मीन कंवर, वन विभाग के सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी शुक्ला, फोरेस्ट गार्ड हरिनारायण बंजारे, सीएस कंवर, कपिल कंवर तथा पुरैना के सरपंच और नाबार्ड के प्रोग्राम ऑफिसर व सदस्य के साथ लखन गोस्वामी, महेन्द्र महतो, वीरेंद्र शुक्ला, संजीव शर्मा, फिरतन विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### पौधे बांटकर रोपने का काम किया स्काउट-गाइड न




कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के विकासखंड पदाधिकारियों तथा विद्यालयों की इकाइयों द्वारा पौधों का वितरण एवं पौधारोपण किया गया।

विकासखंड कोरबा की सचिव नमिता कड़वे द्वारा मुड़ापार स्थित बौद्ध विहार परिसर में पौधों का वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संयुक्त सचिव नोहर चन्द्रा द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय सेना के सेवानिवृत्त कैप्टन मुकेश अदलखा के मुख्य अभ्यागत में हुआ। इस दौरान श्रीमती लता बौद्ध, भानु यादव, जिला सचिव भरत सिंह वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) गनेशी सोनकर, डीओसी द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी, गाइड केप्टिन पूर्णिमा भट्टाचार्य, रोवर लीडर जगनाथ सिंह नेताम, फ्लॉक लीडर आसमा कुरैशी, जिला युवा समिति के अध्यक्ष पप्पू चन्द्रा सहित रोवर्स, रेंजर्स तथा अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। आम, नीम, जामुन, अमरुद, सीताफल, बेल, बादाम इत्यादि प्रजातियों के पौधों का वितरण करने के साथ ही इनका रोपण भी किया गया।

# पुनर्वास की सुविधा किए बिना विस्थापन बिल्कुल नहीं

## एसईसीएल के अधिग्रहित गांव चंद्रनगर पहुंचे जिलाधीश



कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। जब तक ग्राम चंद्रनगर (जटराज) के बसाहट के लिए पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना स्थल तैयार नहीं हो जाता है, तब तक विस्थापन के कार्य को शुरू नहीं होगी। परिसंपत्ति का मापन का कार्य भी साथ-साथ जारी रहेगा। इस व्यवस्था से भू-विस्थापितों की चिंता कुछ हद तक दूर हुई है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा अधिग्रहित ग्राम चंद्रनगर (जटराज) में एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा पुनर्वास के लिए तैयार किए जा रहे पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना स्थल का मुआयना कर अब तक के कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना स्थल पर योजना के अनुसार बनाए जा रहे प्लॉट तथा किए जा रहे कार्यों के अतिरिक्त सात मीटर के दो शाखा मार्ग अतिरिक्त बनाई जाए। अनुविभागीय अधिकारी को कहा गया कि विद्युत विभाग से बिजली की अग्रिम तथा बेहतर व्यवस्था कर नगर निगम से सीवरेज उपचार संयंत्र की स्थापना के लिए चर्चा की जाए। सामुदायिक भवन व आँगनबाड़ी स्थल का निरीक्षण कर पार्क तथा विद्यालय के लिए खेल मैदान के निर्माण के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि भू-विस्थापितों के लिए जो भी अच्छा हो सकें उसका प्लान पुनर्वास स्थल पर किया जाए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोहित सिंह, कटघोरा एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक, कुसमुंडा क्षेत्र की उपस्थिति भी उपस्थित थे।

# एसईसीएल ने मकान तोड़ा, दोषियों पर पुलिस करें कार्रवाई

## भू-विस्थापितों ने लगाए कई आरोप




कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। एसईसीएल गेवरा क्षेत्र द्वारा पिछले दिनों अधिग्रहित क्षेत्र में कार्यवाही की जिस पर कुछ लोगों ने सवाल खड़े किए। भू-विस्थापित उदयनारायण जायसवाल, संजय जायसवाल, राजेश जायसवाल व अन्य ने प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाया कि बिना मुआवजा दिए उन लोगों के मकान, बगीचे व अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। इस मामले में दोषियों पर भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्यवाही की जाए।

भू-विस्थापितों ने बताया कि अर्जित भूमि पर बने स्कूल, रिहायशी मकान एवं कामद गिरी उद्यान का मुआवजा निर्धारण एसईसीएल द्वारा सितंबर 2015 के बाद किया गया। आरोप है कि विस्थापित की संपत्ति में पेड़, कुआं, बोर का अतिरिक्त मुआवजा नहीं दिया गया और 29 मई को दोपहर लगभग 3 बजे एसईसीएल दीपका क्षेत्र प्रबंधन के अधिकारी सुशील साहू, रोशन मेश्राम एवं एसईसीएल दीपका क्षेत्र खदान में मिट्टी निकालने वाली कलिंगा कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित 3 जेसीबी लेकर तोड़-फोड़ कर डाली। यह कार्यवाही बिना सूचना के की गई। इससे परिवार को लाखों का नुकसान हुआ। प्रभावितों ने कहा कि तोड़-फोड़ में शामिल अधिकारियों व ठेका कर्मियों के लोगों पर कार्यवाही की जाए।

# यातायात में परेशानी, कई बाइक पर हुई कार्रवाई



कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। शहर के व्यस्त इलाकों में अवैध रूप से सड़कों के किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने बीती रात बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कई वाहनों को जब्त करने के साथ-साथ चालकों पर जुर्माना भी लगाया गया। यह कार्रवाई स्थानीय लोगों की शिकायतों और ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्थिति के आकलन के बाद की गई।

ट्रैफिक पुलिस की टीम ने पीएच रोड, टीपी नगर और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों को जब्त किया गया और संबंधित वाहन चालकों पर पेनाल्टी लगाई गई। कार्रवाई में एएसआई रामनारायण रात्रे, ईश्वरी लहरे, मनोज राठौर, हेड कांस्टेबल संतोष सिंह, नीतू श्रीवास्तव, सुभाष, आशीष, पवन, लखन, मेहमान कुर्रे, राम पाटिल, जितेश, लीलाधर चंद्र और अरुण दिलेश्वर की टीम शामिल थी। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध पार्किंग के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़कों पर अव्यवस्था को रोकने के लिए ऐसी कार्रवाइयां नियमित रूप से की जाएंगी। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें, ताकि यातायात में बाधा न आए और जुर्माने से बचा जा सके।

# घोघरा नाला में रेत का अवैध खनन, ट्रैक्टर पकड़ाया



कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। कटघोरा फॉरेस्ट डिवीजन के अंतर्गत केंदई रेंज में वन विभाग ने कार्यवाही की। घोघरा नाला में एक ट्रैक्टर चालक को रेत भरते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया और उसके वाहन को जब्त कर लिया गया। भारतीय वन अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में घोघरा नाला से रेत तस्कर बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने एक विशेष टीम गठित की। जब टीम ने घोघरा नाला में दबिश दी, तो वहां सुरेंद्र पुत्र लाल सिंह गोंड, निवासी ग्राम भदरा (छिनपुरी), को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेत भरते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में सुरेंद्र ने बताया कि वह मुरारीलाल जायसवाल के कहने पर राखड़ ईंट भट्ठे के लिए रेत का उत्खनन कर रहा था। जब वनकर्मियों ने रेत के उत्खनन और परिवहन के लिए दस्तावेज मांगे, तो सुरेंद्र कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सका।

इसके बाद वन विभाग ने ट्रैक्टर को तत्काल जब्त कर वन आवासीय परिसर मोरगा ले जाया गया। आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके आधार पर उसके और ट्रैक्टर मालिक मुरारीलाल जायसवाल के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की गई।

# आपदा मित्रों ने टीओटी प्रशिक्षण में लिया हिस्सा



कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। भारत सरकार गृह मंत्रालय के मार्ग निर्देशन में उड़ीसा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में भुनेश्वर उड़ीसा में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 15 अप्रैल से 5 मई 2025 तक किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के जिला कोरबा से 5 आपदा मित्र सूर्यकांत जोशी, चन्द्रभान जोशी, गुणवंत नायक, टोकन लाल राजवाड़े एवं निलेश साहू उक्त प्रशिक्षण में सम्मिलित थे। इस ट्रेनिंग में फायर सेफ्टी रेस्क्यू, वाटर रेस्क्यू, सीपीआर, सीबीआरएम, फिजिकल एसेसमेंट, आईएफडी, पेसेंट मूविंग एण्ड लिफ्टिंग होरिजेंटल एंण्ड वर्टिकल श्री लूप, स्लाइडर रेस्क्यू, बाढ़, भूकंप, सूनामी, भूस्खलन से बचने तथा फस्टेड के रूप में सुरक्षा करने, लाईन सर्च, हिलिन सर्च, डिजास्टर प्रिपेरेडनेस इत्यादि ट्रेनिंग दिया गया। जिला कोरबा में 300 आपदा मित्रों का नामांकन कर लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा में विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमें से उक्त 5 आपदा मित्र मास्टर ट्रेनर के रूप में भुनेश्वर उड़ीसा में प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं। अब ये मास्टर ट्रेनर के रूप में जिले में अन्य आपदा मित्रों को प्रशिक्षण देंगे।

# नत्थु यादव ने पद खत्म होने पर नाराजगी जताई



कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थु लाल यादव ने कहा कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से बड़ी संख्या में स्कूल बंद हो गए हैं और शिक्षकों के पद खत्म कर दिए गए हैं। रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था, 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है, इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल स्कूलों में 26 छात्र प्रति शिक्षक के रेशियों को बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है जिससे शिक्षकों के एक तिहाई पद खत्म हो जाएंगे। जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, कांग्रेस नेता श्यामसुंदर सोनी ने भी सरकार की नीति का विरोध किया है।

### पर्यावरण संरक्षण हर दौर की जरूरत : प्रमेन्द्र



कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी परमेन्द्र पाण्डेय ने कहा है कि प्रकृति और पर्यावरण तब ही स्वच्छ हो सकते हैं जब हमारा मन स्वच्छ होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यह प्रकृति हमारी विरासत है ना कि हमारी सम्पत्ति तो हमे इसका अच्छे से ख्याल रखने की आवश्यकता है।

# 8 लोगों का अतिक्रमण हटाया वन भूमि से



कोरबा-बांकीमोंगरा, 05 जून (देशबन्धु)। कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले बांकीमोंगरा क्षेत्र के वन भूमि पर अतिक्रमण कर बेजा कब्जा करने वालों के खिलाफ वन विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। यहां मुख्य मार्ग से लगे जंगल के भीतरी हिस्से में अतिक्रमण किए हुए आठ लोगों को पूर्व में बेजा कब्जा हटाने की नोटिस विभाग से जारी की गई थी लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसके उपरांत वन विभाग के अमले ने जेसीबी लगाकर सारे अतिक्रमण को तोड़ने की कार्रवाई बुधवार को अंजाम दिया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा विरोध भी किया जाता रहा लेकिन सख्ती के सामने विरोध काम नहीं आया और सारे अतिक्रमण हटा दिए गए।

हालांकि इस कार्य के दौरान बीच में जेसीबी का डीजल खत्म हो जाने से कुछ देर के लिए काम रोक दिया गया था लेकिन बाद में इसे पुनः अंजाम दिया गया।

# नान्हू राम पाल का निधन



कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। 55 वर्षीय नान्हू राम पाल का बीमारी से आज निधन हो गया। वे अपने पीछे भाई रामकरण पाल, पत्नी व पुत्र-पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार रोता- बिलखता छोड़ गए हैं। वे सत्यनारायण पाल (सत्या पाल) एवं विजय पाल के मामा थे। उनकी अंत्येष्टी प्रयागराज जिले के ग्राम हवाशाबाद में संपन्न हुई।

### एक्टिवा हटाने पर विवाद, मारपीट को लेकर अपराध दर्ज

कोरबा, 05 जून (देशबन्धु)। ट्रांसपोर्ट नगर में पॉम मॉल के समीप एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब एक्टिवा को रास्ते में खड़ा करने और उसे हटाने की बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। यह घटना गुरुवार शाम की हुई, जब एक पक्ष द्वारा रास्ते में खड़ी एक्टिवा को हटाने की मांग पर बहस शुरू हुई, जो जल्द ही तकरार और फिर मारपीट में बदल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चलने लगे, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना के संबंध में दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### जहरीली गैस के रिसाव से दहशत ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



रायगढ़ 05 जून (देशबन्धु)। लैलूंगा तहसील के रेगड़ी गांव में मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से चलती लिक्विड गैस टैंकर पलट गई, जिससे उसमें भरा हाइड्रोक्लोरिक एसिड लीक होने लगा। जहरीली गैस के रिसाव से गांव का माहौल दमघोंटू हो गया, ग्रामीणों को आंखों में जलन और सिर दर्द की शिकायतें होने लगीं।

प्रशासनिक लापरवाही से आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह चक्का जाम किया और डॉक्टरों की मांग की। लैलूंगा तहसीलदार शिवम पांडे के आश्वासन पर प्रदर्शन कुछ देर के लिए शांत हुआ, लेकिन शाम तक टैंकर नहीं हटाने पर ग्रामीणों ने दोबारा रास्ता जाम कर दिया। रिसाव के चलते गांव के जलस्रोत भी संदिग्ध हो चुके हैं। लोग भूखे-प्यासे हैं, किसी के घर चूल्हा तक नहीं जला। बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ रही है, लेकिन राहत और बचाव के कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं।

गांव वालों का कहना है कि घटना के कई घंटे बीतने के बावजूद टैंकर नहीं हटाया गया और ना ही गैस रिसाव को रोकने के लिए विशेषज्ञों को बुलाया गया। प्रशासन की घोर लापरवाही के खिलाफ ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की और पुनः चक्का जाम कर दिया।

ग्रामीणों की मांग है कि टैंकर को तत्काल हटाया जाए, प्रभावितों के इलाज के लिए डॉक्टरों की टीम भेजी जाए, गांव में राहत सामग्री पहुंचाई जाए, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो। रेगड़ी गांव में फिलहाल हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और ग्रामीण तब तक धरना जारी रखने की बात कर रहे हैं जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं।

फोटो...04,05 जेपीजी

### रायगढ़ में बढ़ते प्रदुषण को जनभागेदारी के बगैर खत्म नहीं किया जा सकता - राजेश त्रिपाठी





रायगढ़ 05 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में जिस गति से जल प्रदुषण वायु प्रदुषण ध्वनि प्रदुषण विगत कुछ वर्षों में फैला है जिसके कारण टीवी दमा खाज खुजली टी वी कैंसर फ्लोराइड के बीमारी सिलिकोसिस जैसी बीमारी से रायगढ़ के लोग ग्रस्त हो रहें हैं और सरकार जनप्रतिनिधि रायगढ़ में बढ़ते प्रदुषण के प्रति गंभीर दिखाई नहीं दे रहीं जहां एक तरफ हमारे घटते वन सिकुड़ती नदियां और शहर में फैलते कचरे के कारण लोगों की जिंदगी कम होती जा रही है वहीं आने वाले पीढ़ियों कों हम कौनसा रायगढ़ देकर जाने वाले जिससे आने बाली पीढिया स्वस्थ्य वातावरण में अपना सुरक्षित जीवन यापन कर सकें जहां बीमारी मुक्त समाज का निर्माण हो सके हम क्या अपनी आने वाली पीढ़ियों को हरा-भरा रायगढ़ बना कर नहीं दें सकते हैं और अगर हरा-भरा रायगढ़ बना कर रायगढ़ की अगली पीढ़ियों को देना है तो जनभागेदारी की जरूरत है जहां जनभागेदारी में सुंदर सुरक्षित वातावरण जहां शुद्ध पानी शुद्ध हवा बीमारी मुक्त रायगढ़ वन सकें आईए हम विश्व पर्यावरण दिवस 05ध06ध2025 को बेहतर सुंदर सुरक्षित पर्यावरण प्रदुषण मुक्त रायगढ़ के निमार्ण का संकल्प लें। और अपने आने बाली पीढ़ियों को सुंदर सुरक्षित पर्यावरण संरक्षण युक्त रायगढ़ दें सकें।

### छाल पुलिस की ग्राम मधुवनपारा में दबिश में अवैध महुआ शराब जब्त



रायगढ़ 05 जून (देशबन्धु)। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में ग्राम मधुवनपारा में की गई दबिश के दौरान भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बरामद की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

मिली सूचना के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली थी कि शिवनारायण श्रीवास नामक व्यक्ति ग्राम छाल मधुवनपारा स्थित अपने निवास के सामने अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री के लिए रखे हुए है। सूचना की तस्दीक कर तत्काल गवाहों के समक्ष दबिश दी गई, जहां आरोपी शिवनारायण श्रीवास पिता कमलेश्वर श्रीवास उम्र 31 वर्ष, निवासी बड़े देवगांव थाना सरिया, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (वर्तमान पता मधुवनपारा छाल, जिला रायगढ़) को मौके पर अवैध शराब के साथ पकड़ा गया ।

पुलिस ने उसकी तलाशी लेने पर 10 लीटर, 5 लीटर वाले प्लास्टिक जरिकेन तथा एक 2 लीटर वाली कोल्ड ड्रिंक बॉटल में करीब 14 लीटर महुआ शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत 1,400 है। टीआई मोहन भारद्वाज द्वारा आसपास चेक कराया गया, जहां शराब बनाने के पात्र और महुआ पास रखने के प्लास्टिक डिब्बे मिले जिसे मोके पर नष्ट किया गया । जब्त शराब को मौके पर पंचनामा के तहत जप्त कर आरोपी के विरुद्ध छाल थाना में आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59-क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आज न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया।

इस कार्रवाई में निरीक्षक मोहन भारद्वाज के साथ प्रधान आरक्षक शंकर क्षत्री, शंभू पाण्डेय, आरक्षक प्रबंध राठिया, उमेंद उरांव एवं गोविंद बनर्जी की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान को आगे भी इसी सख्ती से जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# सड़क हादसे में महिला सहित तीन की मौत

## मेला देखकर घर लौटते समय हुआ हादसा





रायगढ़ 05 जून (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में मेला देखकर घर लौटते समय अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत हो गई वहीं एक गंभीर हो गया है। मृतको को शव को अस्पताल भेजते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। उक्त हादसा घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला ग्राम छर्राटांगर जो कि रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया का गांव है। यहां श्रीहरि यज्ञ मेला चल रहा था और कल मेले के आखिरी दिवस यहां आसपास गांव से लगभग हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। यहां से मेला देखकर घर लौटते समय अलग-अलग सड़क हादसो में दो युवकों की मौत हो गई है वहीं एक गंभीर रूप से घायल है जिसे मेडिकल कालेज रायगढ़ भेजा गया है।

### एक बाईक में चार लोग थे सवार

गांव के ग्रामीणों ने बताया कि आज सुबह 6 बजे एक ही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 14 एमक्यू 4918 में चार लोग सुरेश कलंगा, गजानंद सारथी, विशाल कलंगा, सोहन कलंगा सवार होकर अपने घर जा रहे थे इसी बीच भेंड्रा पुलिया के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी। इस दौरान पत्थर से सिर टकरा जाने की घटना में गजानंद सारथी 17 साल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं विशाल कलंगा को गंभीर चोट आई है। बाकी दो अन्य युवकों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

### बाईक समेत पुल से नीचे गिरा जगदीश

इसी तरह मेला देखकर घर लौटते समय छर्राटांगर गांव के पास ही मोटर सायकल पुल से नीचे गिर जाने की घटना में बाईक चालक जगदीश राठिया 28 साल निवासी कांटाझरिया की मौके पर ही मौत हो गई।

### ये लोग हुए घायल

घरघोड़ा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायलों में जगदीश राठिया, ज्ञानेश राठिया, अनुराधा राठिया, पुरूषोत्तम, भोला सिदार, शिव प्रजा, पूर्णिमा चैहान, अनुराधा राठिया, अलका डनसेना, अमितेश शर्मा, मोनिका, इतवार राठिया, श्यामवती, सोनिया, बंशी राठिया, सलिमा किसपोट्टा, सोहन सिदार,सुरेश सिदार, विशाल सिदार, संजय चैहान, भीम सिंह के अलावा अन्य लोग शामिल है।

### घरघोड़ा में 12 घंटे में 28 लोग घायल

बीएमओ डॉ एस आर पैंकरा ने बताया कल रात 8 बजे से आज सुबह 8 बजे तक हमारे पास सड़क हादसों के कुल 28 मामले सामने आये हैं। जिसमें से एक को रायगढ़ रिफर कर दिया गया है। साथ ही दो लोगों की मौत हुई है। घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

### गाय से टकराकर बाईक सवार महिला की मौत

इसी तरह की तीसरी घटना में इंद्रजीत राठिया ने धरमजयगढ़ थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उसका छोटा भाई एंजिल राठिया 20 साल अपनी मां गुरबारी राठिया के साथ शादी समारोह में शामिल होनें खम्हार गए हुए थे। कल शाम 6 बजे के आसपास घर साजापाली लौटते समय जब वे खम्हार के अस्पताल के पास पहुंचे ही थे कि मोटर सायकल का एक गाय से जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में पीछे बैठी गुरबारी के सिर, नाक के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# एकताल में मवेशियों की तस्करी करते ओड़िशा के दो मवेशी तस्कर गिरफ्तार

## पिकअप वाहन जप्त आरोपियों पर पशु क्रूरता की कार्रवाई

रायगढ़ 05 जून (देशबन्धु)। थाना चक्रधरनगर पुलिस ने एकताल मेन रोड पर हुई सड़क दुर्घटना के बाद मौके से छह मवेशियों की अवैध तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा मवेशियों को क्रूरता पूर्वक वाहन में ठूंसकर ओड़िशा ले जाया जा रहा था।



घटना 03 जून को उस समय प्रकाश में आई जब थाना प्रभारी चक्रधरनगर को सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन क्रमांक व्क् 23 क् 0021 दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, जिसमें मवेशियों की तस्करी की जा रही थी। सूचना मिलते ही निरीक्षक अमित शुक्ला अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे, जहां दो व्यक्ति वाहन के पास संदिग्ध अवस्था में मिले। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम विजय टेटे पिता पितरूस टेटे उम्र 28 वर्ष निवासी कुसुमटोली, थाना कुतरा, जिला सुंदरगढ़ (ओडिशा) एवं फबियन केरकेट्टा पिता ज्वाकिम केरकेट्टा उम्र 29 वर्ष निवासी मगरकुंडा, थाना कुतरा, जिला सुंदरगढ़ (ओडिशा) बताया। पुलिस ने जब पिकअप वाहन की तलाशी ली तो उसमें 6 नग कृषक गौवंश पशु क्रूरतापूर्वक गले में रस्सी बांधकर ठूंसकर लदे पाए गए। आरोपियों द्वारा छत्तीसगढ़ से ओडिशा मवेशियों की अवैध तस्करी की जा रही थी। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन चालक की लापरवाही के चलते यह पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वाहन में लदे पशु और आरोपी सड़क किनारे घायल अवस्था में पाए गए। मामले की रिपोर्ट एकताल निवासी हिमांशु चैहान द्वारा थाने में दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर थाना चक्रधरनगर में धारा 4, 6, 10, 11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, धारा 3(5) ठछै तथा मोटरयान अधिनियम की धाराएं 184, 66 192 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। जप्त मवेशियों का मौके पर पशु चिकित्सक द्वारा परीक्षण कराया गया तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया है।

# पिछले 15 सालों से पर्यावरण की अलख जगा रहे गुलाम रहमान

## अपने जन्मदिन पर हर साल पौधरोपण कर उसकी देखभाल का लेते हैं संकल्प, औरों को भी करते हैं प्रेरित

रायगढ़ 05 जून (देशबन्धु)। शहर के मधुबनपारा निवासी गुलाम रहमान खान सामाजिक कार्यों के साथ पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में प्रयासरत रहते हैं। वे पिछले 15 सालों से पर्यावरण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। यह संयोग ही है कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के दिन उनका जन्मदिन भी पड़ता है। इसलिए वे अपने जन्मदिन को पर्यावरण के लिए समर्पित करते हुए न केवल पौधरोपण करते हैं, बल्कि उनकी सुरक्षा व देखभाल का भी संकल्प लेते हैं। वे पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए अपने परिजनों व मित्रों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करते हैं। इस साल भी 5 जून को अपने जन्मदिन पर वे पहाड़ मंदिर के पास स्थित मूक बधिर आश्रम में पौधरोपण कर वहां रहने वाले बच्चों को फल व मिठाई भेंट करेंगे। साथ ही वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रहने वाले बुजुर्गों की सेवा कर आशीर्वाद लेंगे।

मधुबनपारा निवासी गुलाम रहमान खान का कहना है कि पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। विशेषकर, वर्तमान समय में पौधरोपण करना और लगाए गए पौधों को पेड़ का रूप देना अत्यंत जरूरी हो गया है। रायगढ़ जैसे औद्योगिक जिला में जिस तरह से प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, वह चिंतनीय है। इससे बचने का एकमात्र



उपाय पौधरोपण ही है, तभी हम अपनी आगे आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण दे सकेंगे। उन्होंने सभी से आह्वान किया है कि अपने जन्मदिन या अन्य शुभ कार्यों के अवसर पर न सिर्फ पौधरोपण करें, बल्कि उनकी देखभाल कर एक पेड़ का रूप दें। उन्होंने बताया कि वे पिछले 15 सालों से पौधरोपण कर रहे हैं। आज उनके द्वारा लगाए गए पौधे वृक्ष बनकर हमें छाया दे रहे हैं। इसे देखकर मन को काफी सुकून मिलता है।

### ग्राम पंचायत सिरौली में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**एमसीबी,** 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत सिरौली, जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ की गरिमामयी उपस्थिति में जनपद सदस्य, सरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प लिया और ग्रामवासियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस विशेष अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को भी पौधे वितरित किए गए, जिससे वे अपने आवासों के समीप वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें।

# जिला स्तरीय समर कैंप का समापन

**कोरिया,** 5 जून (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कोरिया द्वारा आयोजित दस दिवसीय जिला स्तरीय समर कैंप का समापन समारोह मंगलवार को शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, बैकुंठपुर में संपन्न हुआ। यह समर कैंप 26 मई से 04 जून 2025 तक आयोजित किया गया था।

इस आयोजन का संचालन कलेक्टर के निर्देशन और जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। समापन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ब्रजराज गिरी, तथा विद्यालय के प्राचार्य श्री अमृत लाल गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कुल 120 छात्र-छात्राओं ने इस शिविर में भाग लिया। बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक और बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें तीन प्रमुख विधाएं शामिल थीं। भाषा कौशल विकास कक्षा में 35 छात्र-छात्राएं, शास्त्रीय नृत्य (कथक) में 25 छात्राएं, शतरंज प्रशिक्षण में 40 छात्र, विज्ञान प्रयोग आधारित 'करके सीखें' गतिविधि में 20 छात्र-छात्राएं शामिल थे। शिविर के अंतिम दिन सभी विधाओं में प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिससे विद्यार्थियों द्वारा सीखी गई बातों का मूल्यांकन किया गया। समापन समारोह में भाषा विकास के श्री केदारनाथ, श्रीमती




प्रीति खाखा, विज्ञान गतिविधि से श्रीमती अपर्णा मिश्रा, श्रीमती पूनम पांडे, नृत्य से श्रीमती लक्ष्मी बघेल, शतरंज से श्री मो. समीम, अंजुम, शैक्षिक समन्वयक से संजय यादव एवं संतोष मिश्रा सहित सहयोगी शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर समर कैंप में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि 'इस तरह के समर कैंप बच्चों में नई सोच, रचनात्मकता और कौशल विकास को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक, बौद्धिक और वैज्ञानिक गतिविधियों में भाग लेने का मंच मिलता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है।' उन्होंने शिक्षकों और आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को भी सफल समापन के लिए बधाई दी।

# महतारी वंदन योजना से हिन्देश्वरी के जीवन में आया बदलाव

**एमसीबी,** 5 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने प्रदेश की लाखों महिलाओं के जीवन में नया उजाला भर दिया है। इस योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाली 1,000 रुपये की मासिक सहायता राशि ने उन्हें न सिर्फ आर्थिक तौर पर सशक्त बनाया है, बल्कि स्वावलंबी बनने का हौसला भी दिया है। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की हिन्देश्वरी इंदु राजे की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है।



### हिन्देश्वरी इंदु राजे की सफलता की कहानी

जिले के चिरमिरी की निवासी हिन्देश्वरी इंदु राजे इस योजना से लाभान्वित होकर अपने जीवन में बदलाव लाने वाली एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं। पहले वे मितानिन के रूप में कार्य करती थीं, लेकिन कुछ कारणों से उनका यह काम छूट गया, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर हो गई। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली 1,000 रुपये की मासिक सहायता ने उनके जीवन में नया बदलाव लाया।

हिन्देश्वरी और उनकी माँ उषा देवी ने इस राशि को बचाकर एक छोटा होटल शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने इस पैसे से होटल के लिए कुर्सियाँ, टेबल और बर्तन खरीदकर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। आज उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है, और वे इस योजना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करती हैं।

# युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था होगी मजबूत- कलेक्टर

## शिक्षकों का संतुलित वितरण कर स्कूलों को मिलेगी गुणवत्ता शिक्षा

## शिक्षा में समानता और संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा

**कोरिया,** 5 जून (देशबन्धु)। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और संसाधनों के समुचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए कोरिया जिले में स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन ने अहम जानकारी साझा की।




जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि यह कदम शिक्षा में समानता, समावेशिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी पहल है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरुण मरकाम एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है, जबकि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में शिक्षकों की भारी कमी है। इससे वहां की शैक्षिक गतिविधियां और छात्रों का प्रदर्शन प्रभावित हो रहा है। इसी असंतुलन को दूर करने के लिए शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से गणित, भौतिकी, रसायन और जीवविज्ञान जैसे विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता अब ग्रामीण अंचलों में भी सुनिश्चित की जा रही है। इससे न केवल बच्चों को बेहतर शिक्षण मिलेगा, बल्कि छात्र-शिक्षक अनुपात भी संतुलित होगा। राज्य और जिले की स्थिति का विवरण देते हुए कलेक्टर ने बताया कि कोरिया जिले में 2 प्राथमिक शालाएं शिक्षकविहीन और 57 एकल शिक्षक स्कूल हैं। वहीं, 95 प्राथमिक और 75 पूर्व माध्यमिक शिक्षक जिले में अतिशेष हैं। इनका पुनः समायोजन कर शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं में पदस्थापना की जा रही है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया किसी भी प्रकार की कटौती नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य शिक्षा में सुधार लाना है। जिले में 145 में से एक भी स्कूल का समायोजन नहीं किया गया है। राज्य में भी केवल 241 स्कूलों का समायोजन किया गया है, जबकि 10,297 स्कूल यथावत संचालित रहेंगे। युक्तियुक्तकरण के लाभों को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि इससे विद्यार्थियों को बेहतर भवन, प्रयोगशाला, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही परिसर में मिल सकेंगी। साथ ही, बच्चों की ड्रॉपआउट दर में कमी, तीन बार प्रवेश प्रक्रिया से मुक्ति और पढ़ाई की निरंतरता सुनिश्चित होगी। प्रेस वार्ता के अंत में कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा -निर्देशों के अनुरूप यह परिवर्तन हो रहे हैं और इससे न केवल शिक्षा का बल्कि जिले के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कोरिया जिले में हुआ वृक्षारोपण

कोरिया, 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोरिया जिले के ग्राम पंचायत सरडी में वन विभाग के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में बैकुण्ठपुर के विधायक भईया लाल राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा तथा उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े के साथ जनपद पंचायत, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष, सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर नीम, आम, जामुन, मौलश्री, लाल चंदन जैसे पर्यावरण हितैषी वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े ने कहा, 'कोरिया की सुंदरता इसके घने जंगलों और पहाड़ियों में छिपी है। हमें इस प्राकृतिक धरोहर को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करना होगा। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत सभी नागरिक एक-एक पेड़ लगाएं और उसका पालन-पोषण करें।' कलेक्टर कहा, 'आज पूरी दुनिया पर्यावरण को लेकर गंभीर है। कोरिया जिला प्रकृति की अपार देन से भरपूर है जंगल, नदियाँ, पहाड़, स्वच्छ वायु।

## सार-संक्षेप

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने रोपणी में किया पौधारोपण




**सारंगढ़,** 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड में स्थित उद्यानिकी रोपणी पेंड्रावन में एक पेड़ मां के नाम थीम पर अपनी मां पदमा कन्नौजे के नाम पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर बिलाईगढ़ एसडीएम वर्षा बंसल,सीईओ जनपद पंचायत प्रतीक प्रधान, तहसीलदार सरसीवा आयुष तिवारी, रोपणी पेंड्रावन के अधीक्षक मुकुंद भगत उपस्थित थे।

### वन विभाग व राजस्व के संयुक्त प्रयासों से अवैध पेड कटाई पर लगाई जाएगी लगाम-एसडीओ गुप्ता



**सारंगढ़,** 5 जून (देशबन्धु)। सामान्य वन परिक्षेत्र के एसडीओ गुप्ता ने पत्रकारों के लगातार हो रही वृक्षों की अवैध कटाई व अवैध परिवहन के प्रश्न पर बताया कि वृक्षों के कटाई से सम्बंधित अनुमति देने कि कार्य राजस्व विभाग का है तथा यदि बहुमूल्य व प्रतिबंधित वृक्षों का अवैध परिवहन यदि किया जाता है तो उसमें वन विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही का प्रावधान है तथा इसके सम्बंध में आज कलेक्टर द्वारा भी निर्देशित किया गया है तथा अब यह प्रयास किया जाएगा कि राजस्व व वन विभाग की टीम बेहतर ढंग से समन्वय बनाकर कार्य करेगी और वृक्षों की नियम विरुद्ध कटाई व परिवहन पर सख्त कार्यवाही करते हुए वृक्षों व पर्यावरण को सरंक्षित करने का प्रयास किया जाएगा।वृक्षारोपण के प्रश्न पर एसडीओ गुप्ता मडम ने कहा है कि हम ऐसी जगहों पर वृक्षारोपण को प्राथमिकता दे रहे हैं जहाँ वृक्ष सुरक्षित रह सकें व इन्हें पानी इत्यादि समय पर मिल सके।

### निर्माण कार्य में चल रहा है भर्राशाही - पार्षद विष्णु यादव



जांजगीर चांपा । नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के वार्ड नंबर 06, 07, एवं 08 में राजीव सिंह के घर से ओंकार सिंह के घर तक 77 लाख रूपये की लागत से आरसीसी नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका निर्माण ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन किया जा रहा है। जिसकी मौखिक शिकायत वार्ड नंबर 06 एंव 07 के पार्षद विष्णु यादव और पार्षद प्रतिनिधि अमित यादव द्वारा पूर्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से किया गया था। शिकायत के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सहायक अभियंता ने ठेकेदार को समझाइश दिया था लेकिन ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार मापदंड निर्धारित नहीं किया गया है और भर्राशाही तरीके से नाली निर्माण किया जा रहा है, जिससे क्षुब्ध होकर वार्ड नंबर 07 के पार्षद विष्णु यादव के द्वारा आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी जांजगीर नैला एवं उच्च अधिकारियों को लिखित में शिकायत किया गया है।

### सील किए गए चैन माउंटेन का ताला तोड़कर रेत उत्खनन

#### रेत माफियाओं के हौसले बुलंद



जांजगीर, 05 जून (देशबन्धु)। बिर्रा-करही में जीवन दायनी कहे जाने वाली महानदी से रोजाना मशीन से खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन कर रेत माफियाओं के द्वारा धड़ल्ले से कारोबार किया जा रहा है। रेत माफियाओं को हौसले इतने बुलंद है कि वे सील किए गए चैन माउंटेन मशीन का ताला तोड़कर फिर से उत्खनन कर रहे हैं।

करही में खनिज विभाग व तहसीलदार की टीम द्वारा लिखित शिकायत पर मशीन सील की गई थी। मगर रेत माफिया अधिकारियों को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं, जिस दिन मशीन सील हुई है उस दिन को छोड़कर दूसरे दिन से ही ताला तोड़कर फिर से सील की गई मशीन से उत्खनन शुरू कर दिए हैं। जबकि देखरेख के लिए गांव के कोटवार को सुपुर्द किया गया था।

कोटवार द्वारा उत्खनन नहीं करने मना भी किया जा रहा है उसके बावजूद भी रेत उत्खनन जारी है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि रेत माफियाओं का हौंसला कितना बुलंद है। रेत के अवैध कारोबार में लगे माफिया जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के नाक के नीचे अवैध खनन और परिवहन कार्य को अंजाम दे रहे हैं।

लगातार हो रहे अवैध रेत के उत्खनन और परिवहन की वजह से जीवनदायनी महानदी के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। रेत तस्करो द्वारा लगातार महानदी के सीने को छलनी कर रेत का अवैध कारोबार किया जा रहा है।

### बाढ़ बचाव के संबंध में मॉकड्रील कल

जांजगीर, 05 जून (देशबन्धु)। 06 जून को प्रातः 10 बजे शिवरीनारायण स्थित महानदी के बाबाघाट में बाढ़ बचाव संबंधी मॉकड्रील किया जाएगा। मॉकड्रील में कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय सहित सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी तथा आमजन उपस्थित रहेंगे।

# अतिशेष शिक्षकों व व्याख्याताओं को जाना होगा जिले से बाहर

## कलेक्टर ने शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में ली प्रेसवार्ता

जांजगीर, 05 जून (देशबन्धु)। जिले में संचालित शासकीय विद्यालयों की गुणवत्ता सुधारने एवं संसाधनों के समुचित उपयोग हेतु शिक्षा विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस प्रक्रिया के तहत जरूरतमंद स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित कर ली गई है, जिससे अब जिले के दूरस्थ और ग्रामीण विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।



कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि जिले में युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत 436 सहायक शिक्षक, 196 उच्च वर्ग शिक्षक तथा 91 व्याख्याता अतिशेष पाए गए थे काउंसलिंग के पश्चात इनमें से 181 सहायक शिक्षक, 110 उच्च वर्ग शिक्षक तथा 35 व्याख्याताओं का पुनः समायोजन अलग-अलग स्तर पर किया जाना है। सहायक शिक्षकों की जिला स्तर पर, उच्च वर्ग शिक्षकों की संयुक्त संचालक स्तर पर एवं व्याख्याताओं की राज्य स्तरीय काउंसलिंग द्वारा की जाएगी। प्रेस वार्ता में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, एसडीएम सुब्रत प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज, सहायक संचालक जनसंपर्क जरीफ खान एवं सहायक प्रचार-प्रसार अधिकारी देवेन्द्र यादव सहित विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की भारी कमी

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में छात्रों की तुलना में अधिक शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की भारी कमी है। इससे बच्चों की पढ़ाई और परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहे थे। इस असंतुलन को दूर करने के लिए राज्य शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण की नीति लागू की गई है।

### 84 विद्यार्थियों के लिए 10 शिक्षक थे पदस्थ

कलेक्टर ने उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि विकासखंड बलौदा के प्राथमिक विद्यालय बालपुर में 109 छात्राओं पर केवल 1 शिक्षक कार्यरत थे। अब वहां 1 प्रधान पाठक और 3 शिक्षक पदस्थ किए जाएंगे। इसी प्रकार पामगढ़ ब्लॉक के डुडगा प्राथमिक विद्यालय में 129 छात्रों पर केवल 1 प्रधान पाठक थे, जो अब तीन अतिरिक्त शिक्षकों की सुविधा पाएंगे। वहीं दूसरी ओर पिसौद के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 84 विद्यार्थियों के लिए 10 शिक्षक पदस्थ थे, जो कि निर्धारित संख्या से कहीं अधिक है। इस प्रकार की असंतुलनपूर्ण स्थितियों को युक्तियुक्तकरण द्वारा संतुलित किया गया है।

### 67 शालाएं एकल थीं शिक्षकीय

कलेक्टर ने बताया कि जिले में 1 प्राथमिक शाला शिक्षकविहीन एवं 67 शालाएं एकल शिक्षकीय थीं। इन विद्यालयों में समुचित पुनः पदस्थापना कर दी गई है। जिले की 1339 शालाओं में से 1317 शालाएं यथावत संचालित होंगी, और केवल 22 शालाओं का समायोजन किया गया है, जिनमें छात्र संख्या अत्यंत कम है और पास में बेहतर विकल्प उपलब्ध हैं।

### क्लस्टर मॉडल को बढ़ावा

उन्होंने कहा कि क्लस्टर मॉडल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ही परिसर में संचालित विद्यालयों को समाहित किया जा रहा है, जिससे आधारभूत संरचनाएं मजबूत होंगी और शैक्षिक संसाधनों का साझा उपयोग संभव हो सकेगा।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्देशों के अनुरूप

कलेक्टर ने अंत में कहा कि यह प्रक्रिया शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्देशों के अनुरूप है। इससे विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित होगा, ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी, और छात्रों को एक ही परिसर में अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह कोई कटौती नहीं, बल्कि गुणवत्ता और समानता की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है।

### अतिशेष शिक्षक मुख्य तथ्य एक नजर में

(युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया जांजगीर-चांपा ज़िला)

सहायक शिक्षक- 436
उच्च वर्ग शिक्षक- 196
व्याख्याता-91
पुनः समायोजित शिक्षक
सहायक शिक्षक- 181 (जिला स्तर)
उच्च वर्ग शिक्षक- 110 (संयुक्त संचालक स्तर)
व्याख्याता- 35 (राज्य स्तर पर)
शालाओं की स्थिति
कुल शालाएं- 1339
यथावत संचालित-1317
समायोजित शालाएं-22
शिक्षकविहीन विद्यालय- 1
एकल शिक्षकीय विद्यालय- 67

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में वृहद स्तर पर हुआ वृक्षारोपण

## विधायक, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने किया ''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत पौधरोपण

जांजगीर, 05 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम विकासखंड नवागढ़ के ग्राम धुरकोट में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विधायक जांजगीर-चांपा व्यास कश्यप ने अपील की सभी नागरिक, स्कूली बच्चें पेड़ अवश्य लगाएं। पेड़ लगाने साथ ही उसकी देखभाल जरूर करें। कलेक्टर श्री महोबे ने आम का पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान में अधिक से अधिक नागरिकों को शामिल होने का आग्रह किया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करना बहुत जरूरी है और सबसे महत्वपूर्ण है लगाए गए पौधे का देखभाल एवं संरक्षण करना। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हम सभी अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाए ताकि भविष्य में आने वाले पीढ़ी को इन पौधो का लाभ मिल सके। इस दौरान आम, नील, अर्जुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, अधिकारी एवं नागरिकों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संपल्प भी लिया।

### विकासखण्ड स्तरीय वृहद वृक्षारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत के बलौदा के ग्राम पंचायत कुदरी में कुदरी बैराज हसदेव नदी के तट पर, जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत पोड़ी दल्हा में, जनपद पंचायत



बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत- कपिस्दा में, जनपद पंचायत पामगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मिलौनी में विकासखण्ड स्तरीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारीगण, स्व सहायता समूह के महिला सदस्य एवं आम नागरिकगण के द्वारा पौधारोपण किया गया।

### सतत रूप से चलेगा प्लांटेशन

आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय कार्यालय परिसरों, विद्यालय परिसरों एवं अन्य सुरक्षित स्थानों पर व्यापक रूप से पौधे लगाए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी ने पौधों की देखरेख का संकल्प लिया। ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत वृहद पौध रोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह क्षत्री, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं एवं नागरिक जन उपस्थित थे। सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, स्व सहायता समूह की महिलाओं ने एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण किया।

## ग्राम पंचायत भवन का ताला तोड़ अलमारी में रखे कागजात के साथ छेड़छाड़,सर्वर बॉक्स और कंप्यूटर को तोड़ा

### बम्हनीडीह जनपद के ग्राम पंचायत सिलादेही का मामला

जांजगीर, 05 जून (देशबन्धु)। बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिलादेही के ग्राम पंचायत भवन (सचिवालय) में 3 तारीख के रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़कर वहां अलमारी में रखे कागजात के साथ छेड़छाड़ करते हुए सर्वर बॉक्स और कंप्यूटर के साथ तोड़फोड़ कर दिया है जिसकी लिखित शिकायत सरपंच और सचिव ने थाना प्रभारी बिर्रा को की है,मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि बैठक करने पंचायत भवन पहुंचे तो पंचायत भवन का ताला टूटा हुआ था साथ ही अंदर अलमारी में रखे कागजात बिखरे हुए थे साथ ही कंप्यूटर और सर्वर बॉक्स को किसी अज्ञात लोगों द्वारा तोड़ दिया गया था जिसको देखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने तत्काल इस घटना की सूचना बिर्रा थाना प्रभारी को दीद्य सरपंच, सचिव द्वारा मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों को उक्त घटना की लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच करते हुए अपराधी ऊपर जल्द कार्यवाही करने बोला गया।



### गांव में चर्चा,पूर्व में हुए भ्रष्टाचार के सबूत मिटाने हुआ है यह घटना

ग्राम पंचायत सिलादेही के पंचायत भवन (सचिवालय) में हुए तोड़फोड़ और कागजात चोरी की घटना गांव सहित आसपास के क्षेत्र में आग की तरह फैल गई ,गांव के लोग आपस में चर्चा करने लगे है कि पूर्व में हुए लाखों करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के सबूत मिटाने के लिए ही इस घटना को अंजाम दिया गया है वरना चोर अगर चोरी करने पंचायत भवन क्यों जाएगा अगर चोर चोरी करने के नीयत से पंचायत भवन (सचिवालय) घुसा होता तो वहां रखे कंप्यूटर को साथ लेकर जाता ठ्ठ कि तोड़फोड़ कर छोड़ देता,और भी बहुत सारी ऐसी बातें गांव में होने लगी है जिसमें पूर्व में हुए पंचायत के लाखों करोड़ों के भ्रष्टाचार की बात कही जा रही है अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में क्या कार्यवाही करते है ।

### कागजात से छेड़छाड़ की शिकायत मिली है

पंचायत में हुए तोड़फोड़ और कागजात से छेड़छाड़ की शिकायत मिली है जांच जारी है कार्यवाही की जाएगी।

**कृष्णपाल सिंह**
**थाना प्रभारी बिर्रा**

## शासकीय जमीन पर बने मकान पर चला प्रशासन का बुलडोजर

### हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त कार्रवाई



जांजगीर, 05 जून (देशबन्धु)। बलौदा नगर के अंबेडकर चौक में शासकीय जमीन पर बने एक पुराने मकान को राजस्व विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त कार्रवाई कर गिरा दिया गया। यह मकान राम किशुन साहू का था, जो अपनी पत्नी और बेटे के साथ वर्षों से रह रहा था। जमीन पर कब्जे को लेकर मामला कोर्ट में चल रहा था। हाल ही में कोर्ट ने फैसला राम किशुन के खिलाफ दिया, जिसके बाद प्रशासन ने बेदखली का आदेश जारी किया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अमरनाथ श्याम, नगर पंचायत सीएमओ आरसी तिवारी, थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव और एसडीओपी प्रदीप सोरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ राजस्व अमला, जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर मौजूद थे। अधिकारियों ने पहले निकलवाया और उसे नगर सामान निकालते समय राम घर का सारा सामान बाहर पंचायत कार्यालय भेजवाया। किशुन, उसकी पत्नी और बेटे ने विरोध किया। पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई और उनके खिलाफ धारा 151, 107 और 116 के तहत कार्रवाई की गई। बाद में उन्हें जेल भेज दिया गया।

# लगन और धैर्य के साथ मेहनत करने से सफलता निश्चित मिलेगी - कलेक्टर

## आकांक्षा आवासीय विद्यालय में विद्यार्थियों से किया कलेक्टर ने संवाद



जांजगीर, 05 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज आकांक्षा आवासीय विद्यालय जांजगीर में जेईई एवं नीट की निःशुल्क कोचिंग के लिए कक्षा ग्यारहवीं में नव प्रवेशी विद्यार्थियों से कहा कि लगन और धैर्य के साथ कार्य करने से अवश्य सफलता मिलती है। आकांक्षा आवासीय विद्यालय के लिए चयनित बच्चों की क्लासेस आज से ही प्रारम्भ की गई है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित कर उनका मार्गदर्शन किया।

कलेक्टर ने कहा कि आकांक्षा आवासीय विद्यालय में आपको अपनी तैयारी के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यहाँ आपको बेहतर ढंग से पढ़ाई करनी है। आप सब अपने घर को छोड़कर जिस उद्देश्य के लिए यहाँ आये हैं। उसे पूरा करने के लिए जुट जायें। यहाँ आपको किसी भी प्रकार की असुविधा नही होगी। उन्होंने संस्था में बारहवी में अध्ययनरत बच्चों से भी उनके रिज़ल्ट एवं टेस्ट में परफ़ॉर्मेंस के बारे में उनसे पूछा और मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एसडीएम जांजगीर एवं नोडल अधिकारी सुब्रत प्रधान, समन्वयक दीपक कुमार यादव, प्रभारी प्राचार्य विक्रांत साहू एवं विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे।

सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में प्रवेश परीक्षा की निःशुल्क आवासीय कोचिंग के लिए जांजगीर चांपा जिले में जिला प्रशासन द्वारा आकांक्षा कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को 2 वर्ष का निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान किया जाता है। इसके अंतर्गत कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण जिले के छात्र छात्राओं के लिए प्रतिवर्ष मई माह में प्रवेश परीक्षा ली जाती है। जून माह से कक्षाएं प्रारंभ हो जाती है।

### 35 में 21 जेईई एडवांस के लिए हुए क्वालिफाइड

आकांक्षा आवासीय विद्यालय में प्राप्त कोचिंग के माध्यम से सत्र 2024-25 में 35 छात्र-छात्राओं ने जेईई मेन की परीक्षा दी और इनमें से 21 जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई हुए हैं। 5 विद्यार्थियों के 90 से अधिक परसेंटाईल है। 18 छात्र-छात्रा इस वर्ष 4 मई को आयोजित नीट परीक्षा में शामिल हुए है जिनका परीक्षा परिणाम आना बाकी है।

### अभिभावकों के साथ की गई काउंसलिंग

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के दिशा निर्देश पर आकांक्षा आवासीय कोचिंग संस्थान में सत्र 2025-26 में कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु प्रावीण्य (मेरिट), चयन सूची से चयनित छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग को आकांक्षा आवासीय विद्यालय, जिला पंचायत परिसर में की गई। जिसमे नव चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकों से पृथक पृथक चर्चा कर उन्हें विद्यालय की व्यवस्था, नियम, अध्यापन सहित अन्य जानकारी प्रदान की गई।

# पर्यावरण दिवस पर नपा ने 5 हजार पेड़ लगाने किया शुभारंभ

## ग्रीन सिटी क्लीन सिटी बनाने का हमने लिया है संकल्प अध्यक्ष कमल गर्ग

**खरसिया,** 05 जून (देशबन्धु)। खरसिया नगर पालिका क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त बनाने एवं ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के संकल्प के साथ नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के द्वारा अपने अध्यक्षीय कार्यकाल की दूसरी पारी प्रारंभ की गई थी।

इसी संकल्प को पूर्ण करने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र को हरा भरा रखने के लिए 5000 फलदार और छायादार वृक्ष लगाने का श्री गणेश नगर पालिका परिषद टाउन हॉल से किया गया।

काम की अधिकता की वजह से अध्यक्ष कमल गर्ग की तबीयत विगत दिनों खराब हो गई थी और उन्हें तीन से चार दिन हॉस्पिटल में रहना पड़ा अभी रायपुर में ही डॉक्टरों की देखरेख में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

इसलिए वह स्वयं इस कार्यक्रम में उपलब्ध नहीं हो सके पर उन्होंने अपने संदेश में खरसिया नगर को पर्यावरण अनुरूप एवं हरा भरा बनाने के अपने



संकल्प को दोहराते हुए नगर की देव तुल्य जनता से नगर में वृक्ष लगाने एवं वृक्षों की देखरेख करने का निवेदन किया है आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष अवध नारायण बंटी सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, नगर पालिका के पार्षद दीपक अग्रवाल, राधेश्याम राठौर, अरुण चौधरी, एवं अन्य पार्षदों सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रण भगत, इंजीनियर राजस्व अधिकारी विकास भोई, नगर पालिका के सभी अधिकारी कर्मचारी गायत्री केसरवानी, आनंद अग्रवाल, मनीष रावलानी एवं खरसिया नगर के नागरिकों की उपस्थिति रही

# भोगी यादव अधिवक्ता संघ के दूसरी बार अध्यक्ष बने

## सचिव युगल किशोर वैष्णव उपाध्यक्ष राजेंद्र डनसेना एवं कोषाध्यक्ष बने दिनेश राठौर

**खरसिया,** 05 जून (देशबन्धु)। अधिवक्ता संघ के चुनाव अधिवक्ता भोगीलाल यादव दूसरी बार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए मुख्य निर्वाचन अधिकारी एम एच साबरी ने निर्वाचन की घोषणा करते हुए बताया कि भोगी लाल यादव ने रूपेंद्र कुमार जायसवाल को तीन मतों से पराजित किया सचिव पद पर युगल किशोर वैष्णव ने राजकुमार पटेल को तेरह मतों से पराजित किया उपाध्यक्ष राजेंद्र डनसेना सह सचिव मनबोध चौहान कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश राठौर निर्वाचित हुए हैं।

भोगी लाल यादव दूसरी बार रूपेंद्र जायसवाल को पराजित करके अध्यक्ष बने हैं। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष भोगी लाल यादव ने कहा कि अधिवक्ता हितों और उनकी मदद के लिए के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा मेरे पिछले कार्यकाल में अधिवक्ताओं के लिए अनोखी कार्य किए गए थे



जिनमें प्रमुख रूप से अधिवक्ता कक्षा के लिए मुख्यमंत्री से 10 लाख रुपए पास करवाए गए थे इस बार भी अनेकों कार्य करवाए जाएंगे। भोगी लाल यादव के पर्यावरण दिवस पर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी नाग अध्यक्ष भोगीलाल एवं वकीलों ने किया वृक्षारोपण आज पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मीनाक्षी नाग एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष भोगी लाल यादव एवं उनकी पूरी टीम तथा सिविल न्यायालय एवं तहसील न्यायालय के सभी आगे दिखाओ की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया एवं धरती को हरा भरा रखना पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प लिया गया।

# देश विदेश

## ऑस्ट्रेलिया के सामने 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य से पीछे रहने का खतरा मंडराया : सीसीए

**सिडनी,** 5 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सामने 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य हासिल करना एक चुनौती बन सकता है। दरअसल ऑस्ट्रेलियाई सरकार के शीर्ष जलवायु परिवर्तन सलाहकार निकाय के प्रमुख ने चेतावनी दी है कि देश 2030 के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य हासिल करने में पीछे रह जाएगा। जलवायु परिवर्तन प्राधिकरण (सीसीए) के अध्यक्ष मैट कीन ने कहा कि संघीय सरकार 2030 तक ऑस्ट्रेलिया की 82 प्रतिशत बिजली नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल हो सकती है। सत्तारूढ़ लेबर पार्टी ने 2022 में नवीकरणीय लक्ष्य के लिए प्रतिबद्धता जताई है, उसी वर्ष उसने 2030 तक उत्सर्जन में 2005 के स्तर से कम से कम 43 प्रतिशत की कमी का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने की ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान के समकक्षों के साथ चर्चा, कहा

# आतंकवाद विरोधी साझेदारी को बढ़ाने में मजबूती से आगे बढ़ रहा भारत

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को ताजिकिस्तान और कजाकिस्तान के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय चर्चा की और भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट किया है। गुरुवार को दो दिवसीय चौथे भारत-मध्य एशिया संवाद में भाग लेने के लिए कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान के विदेश मंत्री नई दिल्ली आए हैं। भारत पूरे क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी और कट्टरपंथ विरोधी साझेदारी को बढ़ाने में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।



ताजिकिस्तान के विदेश मंत्री सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद से निपटने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ताजिकिस्तान के विदेश मंत्री सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन के साथ अच्छी बैठक हुई। हमारे क्षेत्र में आतंकवाद से मुकाबला करने की आवश्यकता पर सहमति हुई। इस दौरान उन्होंने गहन व्यापार, निवेश और संपर्क संबंधों सहित हमारे सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचार साझा किए।

विदेश मंत्री ने कजाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मूरत नूर्टलेउ से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के उनके रुख की सराहना की। दोनों पक्षों ने भारत और कजाकिस्तान के बीच रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की और मध्य एशियाई क्षेत्र के साथ संपर्क बढ़ाने पर विचारों को साझा किया।

विदेश मंत्री जयशंकर पांच मध्य एशियाई देशों से आए विदेश मंत्रियों के साथ बैठक की मेजबानी करेंगे। इसमें बख्तियार सैदोव (उजबेकिस्तान), राशिद मेरेदोव (तुर्कमेनिस्तान), झीनबेक कुलुबाएव (किर्गिजस्तान), सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन (ताजिकिस्तान) और मूरत नूरतुलेउ (कजाकिस्तान) शामिल हैं। इसमें सीमा पार से लगातार हो रही आतंकी घटनाओं को भी शामिल किया गया है।


उल्लेखनीय है कि यात्रा पर आए इन देशों के विदेश मंत्री गुरुवार को भारत-मध्य एशिया व्यापार परिषद की बैठक और शुक्रवार को भारत-मध्य एशिया वार्ता में भाग लेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद अपनी भारत यात्रा का समापन करेंगे। भारत-मध्य एशिया वार्ता जनवरी 2019 में समरकंद में शुरू की गई थी। यह भारत और मध्य एशिया के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करती है।

## संजय झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने की एस जयशंकर से मुलाकात



**नई दिल्ली।** पांच देशों की सफल यात्रा के बाद जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में विदेश दौरे पर गया सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल भारत लौट आया है। भारत लौटने के बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। इसकी जानकारी खुद विदेश मंत्री ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर दी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया और मलेशिया का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मिलकर बहुत खुशी हुई।

## अमेरिकी कांग्रेस की बैठक में भारत को 'पूर्ण समर्थन व एकजुटता' मिली : थरूर



**वाशिंगटन।** भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की और कहा कि आतंकवाद से लड़ने में भारत को उनसे पूर्ण समर्थन और एकजुटता मिली है। यह बात कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कही, जो प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास एक भी संदेहपूर्ण या नकारात्मक आवाज नहीं थी। इसके विपरीत, हमें जो मिला वह बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया थी। उन्होंने कहा कि भारत और आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई के प्रति पूर्ण समर्थन और एकजुटता थी और आतंकवाद के खिलाफ भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के प्रति पूर्ण समझ व्यक्त की गई। आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता का संदेश देने तथा ऑपरेशन सिंदूर के औचित्य को समझाने के अपने मिशन पर, टीम थरूर ने कांग्रेस के इंडिया कॉकस, सदन की विदेश मामलों की समिति के सदस्यों, जिनमें दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया उपसमितियों के दो अध्यक्ष शामिल थे, तथा छह सीनेटरों के एक समूह से मुलाकात की, जिनमें से पांच विदेश संबंध समिति के तथा एक खुफिया समिति के सदस्य थे। थरूर की बात को प्रतिनिधिमंडल से मिलने वाले कांग्रेस सदस्यों ने भी दोहराया। इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष, डेमोक्रेट प्रतिनिधि रो खन्ना ने एक्स पर पोस्ट किया 22 अप्रैल के हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी समूहों को खत्म करने के महत्व पर अमेरिका-भारत ने चर्चा की पहलगाम में 26 निर्दोष लोग मारे गए थे। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली।

## सुडोकू 6935


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | | | | 8 | | 6 |
| | | | | 3 | 8 | | 7 | |
| 5 | 8 | | | 9 | | | | |
| 9 | 7 | | 3 | | 1 | | 4 | 8 |
| 4 | | | | | | | | 5 |
| 6 | 1 | | 8 | | 9 | | 2 | 3 |
| | | | | 7 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 2 | 8 | | | | |
| 7 | | 4 | | | | 3 | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6935



**बायें से दायें:-**

१. अमृत (उर्दू)
४. पैरों के निशान
६. चाल, गति, (उर्दू)
७. तोड़फोड़, बरबादी
८. जंगली हाथी
१०. चुप, मौन (उर्दू)
११. क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१३. कदाचित (उर्दू)
१४. तरक्की
१५. चाल चलने वाल, धूर्त (उर्दू)
१७. धनुष (उर्दू)
११. अभिरुचि, एक देवी
२२. ठंड से कांपना
२४. बाल्यावस्था

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीवनयापन का साधन
२. सहयात्री (उर्दू)
३. दया करना (उर्दू)
४. पराधीन
५. एक प्रसिद्ध पक्षी
९. अपने शत्रु का नाश करने वाला
११. गर्भ (उर्दू)
१२. उचित वैध (उर्दू)
१३. राजा, सत्ताधारी
१४. भरोसेमंद
१५. चापलूस
१६. बचपन
१८. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१९. रोमांच, हर्ष
२०. जटिल, मुश्किल
२३. विख्यात

### वर्ग पहेली-6934

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बु | ल | २ बु | ल | | | ३ प्र | ति | ४ प | क्षी |
| झौ | | न | | ५ बु | लं | दी | | रि | |
| ६ व | र्द्ध | क | | ला | | ७ प | द | चि | न्ह |
| ल | | ८ र | ९ थ | वा | ह | क | | त | |
| | १० ब | | प | | | | ११ नृ | | १२ प |
| १३ ए | का | ए | क | | १४ अ | | १५ प | रा | स्त |
| | सु | | १६ ना | प | सं | द | | | रे |
| १७ नी | र | व | | | भ | | १८ ब | १९ र | खा |
| र | | | २० या | या | व | २१ र | | फ्ता | |
| २२ ज | ह | न्नु | म | | | २३ सा | धा | र | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 6 जून, 2025 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11**

### राशिफल

मेष - आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आज का दिन लाभदायक है। आर्थिक लाभ मिलेगा। लंबे समय के लिए निवेश कर सकेंगे। शरीर और मन से स्वस्थ रहेंगे। मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ खूब आनंद में दिन व्यतीत होगा।

वृषभ - विचारों की विशालता और वाणी का जादू दूसरों को प्रभावित और मंत्रमुग्ध करेंगे। लोगों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे। बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। पठन एवं लेखन में अभिरुचि बढ़ेगी।

मिथुन - आपका मन अनिर्णायक स्थिति में रहेगा। मन दुविधा में रहेगा। अधिक भावुकता भी मन को अस्वस्थ बनाएगी। माता के प्रति अधिक भावनात्मक रहेंगे। बौद्धिक चर्चा का प्रसंग उपस्थित होगा, लेकिन वाद-विवाद को टालें।

कर्क - आज काम की सफलता आपकी राह देख रही है। इस कारण आपका आनंद उत्साह दोगुना होगा। मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ मुलाकात और पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

सिंह - आपके दूर रहने वाले मित्र और स्नेहियों के साथ की गई बातचीत लाभप्रद रहेगी। सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। स्वादिष्ट भोजन से तृप्ति प्राप्त कर सकेंगे। वाणी से किसी का मन जीत सकेंगे।

कन्या - वैचारिक समृद्धि और वाणी की मोहकता से आपको लाभ होगा और आप सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर अपना काम निकाल सकेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन लाभदायक साबित होगा।

तुला - आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य में भी कमी रहेगी। मनमाना व्यवहार आपको मुसीबत में डाल सकता है। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी के साथ झगड़े-फसाद की आशंका है।

वृश्चिक - आज आपको बिजनेस में लाभ हो सकता हैं। समय आपके साथ है। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और बुजुर्गों से लाभ प्राप्त हो सकता है। लोगों से मेल जोल बढ़ेगा। यात्रा का अवसर मिल सकता है।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर - आपका आज का दिन मिश्रित फल देने वाला होगा। आप अपने व्यवसाय और काम में नए विचार अमल में लाएंगे। आज आप साहित्य में रुचि लेंगे। फिर भी आपको मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा।

कुंभ - नकारात्मक विचारों से मन में हताशा पैदा होगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना का अनुभव करेंगे। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े की संभावना है।

मीन - आज का दिन व्यापारियों के लिए काफी अच्छा है। व्यवसाय में भागीदारी करने के लिए भी शुभ समय है। साहित्य सृजन, कलाकार और कारीगर अपनी सृजनात्मकता निखार सकेंगे। आदर पाएंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# यूएन आर्थिक व सामाजिक परिषद के लिए भारत निर्वाचित

**संयुक्त राष्ट्र,** 5 जून (एजेंसियां)। भारत को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के लिए 2026 से शुरू होने वाले तीन साल के कार्यकाल के लिए चुना गया है। भारत को 187 में से 181 वोट मिले।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर कहा कि भारत विकास के मुद्दों को बढ़ावा देने और ईसीओएसओसी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने समर्थन देने वाले देशों और भारत के यूएन मिशन के राजनयिकों को धन्यवाद दिया। यह भारत का ईसीओएसओसी में कम से कम 18वां कार्यकाल होगा। भारत 2008 से 2020 तक चार कार्यकाल पूरे कर चुका है।

ईसीओएसओसी यूएन का मुख्य निकाय है, जिसमें 193 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व होता है। यह सतत विकास और आर्थिक मामलों पर काम करता है। इसमें 54 सदस्य हैं, जिनमें से एक-तिहाई हर तीन साल में बदलते हैं। इस साल 18 सीटों के लिए चुनाव हुआ। एशिया-प्रशांत क्षेत्र की चार सीटों के लिए भारत, चीन, लेबनान और तुर्कमेनिस्तान चुने गए। चीन को 180, लेबनान



■ 2008 से 2020 तक चार कार्यकाल पूरे कर चुका है भारत

और तुर्कमेनिस्तान को 183-183 वोट मिले।

पूर्वी यूरोप ग्रुप में यूक्रेन ने रूस को पछाड़ दिया, जिसके कारण उसे पहले मतदान में क्षेत्र की तीन सीटों में से एक सीट जीतने के लिए पर्याप्त वोट नहीं मिल पाए। ऐसे में उसे दूसरे चरण में हिस्सा लेना पड़ा। चूंकि क्षेत्र ने तीन सीटों के लिए कोई सूची नहीं बनाई थी, इसलिए तीन सीटों के लिए पांच उम्मीदवार थे। यूक्रेन 130, जबकि क्रोएशिया 140 वोटों के साथ पहले चरण में चुने गए, जिन्होंने दो-तिहाई वोट जीते।

## सूडान में मानवीय जरूरतें बढ़ीं : गुटेरस



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता के अनुसार, संघर्ष के कारण विस्थापन और हैजा के प्रसार के चलते सूडान में मानवीय आवश्यकताएं बढ़ती जा रही हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि अकेले खार्तूम राज्य में लगभग 9,700 लोग हाल ही में संघर्ष के कारण विस्थापित हुए हैं। दक्षिण कोर्डोफन में पिछले सप्ताह अल कुओज इलाके के डिबेबत शहर में भीषण झड़पों के कारण 9,000 से अधिक लोग पलायन कर गए। बुधवार को आईओएम के हवाले से उन्होंने कहा कि स्थिति अभी भी बहुत अस्थिर बनी हुई है। इसके साथ ही पिछले सप्ताह ही उत्तरी दारफुर राज्य के अबू शौक शिविर और एल फशेर कस्बे से लगभग 600 लोग विस्थापित हुए हैं।

## इंडोनेशिया में बैन होगी पानी की छोटी प्लास्टिक बोतलें

**जकार्ता,** 5 जून (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के टूरिस्ट आइलैंड बाली में एक लीटर से कम की पानी की बोतलों के प्रोडक्शन में रोक लगाने की योजना बनाई जा रही है, ताकि इस आइलैंड पर प्लास्टिक पॉल्यूशन को कम किया जा सके।



सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक बाली के अधिकारियों और कई प्रमुख बोतलबंद पानी उत्पादकों के बीच पिछले महीने बाली की राजधानी देनपसार में एक बैठक हुई। यहां गवर्नर आई वायन कोस्टर ने आधिकारिक तौर पर नई नीति की घोषणा की, जो अगले साल जनवरी में लागू होने वाली है। आई वायन कोस्टर ने जोर देकर कहा कि इस योजना को केंद्र सरकार का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि व्यवसायों को तुरंत अपना प्रोडक्शन बंद कर देना चाहिए और बचे हुए स्टॉक को बेच देना चाहिए। अगले साल तक, एक लीटर से कम की पानी की बोतलें अब बाली में नहीं बेची जाएंगी।

कोस्टर ने कहा कि आइलैंड में लगभग सभी लैंडफिल साइट्स पूरी क्षमता पर पहुंच गई हैं। इस कचरे में अधिकतर सिंगल-यूज प्लास्टिक, खासतौर पर पानी की बोतलें शामिल हैं। कोस्टर ने उम्मीद जताई कि यह नीति बाली को पर्यावरण के अनुकूल नीतियों को अपनाने में इंडोनेशिया के अन्य क्षेत्रों के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगी। उन्होंने कहा कि बाली अपनी संस्कृति और प्रकृति के लिए जाना जाता है।

# उत्तर कोरिया ने रूस को बिना शर्त समर्थन देने का किया ऐलान

**सोल,** 5 जून (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने कहा है कि वह यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को बिना शर्त समर्थन देंगे। साथ ही उन्होंने यह भी वादा किया कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच जो आपसी रक्षा संधि हुई है, उसके सभी नियमों को जिम्मेदारी से निभाया जाएगा। यह जानकारी उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने गुरुवार को दी। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से योनहाप ने बताया कि किम जोंग-उन ने यह बात उस समय कही जब उन्होंने पिछले दिन प्योंगयांग में रूस की सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगू से मुलाकात की।

रूस के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी सर्गेई शोइगू बुधवार को उत्तर कोरिया पहुंचे। उत्तर कोरिया और रूस के बीच सैन्य सहयोग लगातार बढ़ रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मदद के लिए रूस को सैन्य टुकड़ियां भी भेजी हैं, जो इस सहयोग का प्रमाण है। केसीएनए के अनुसार, बैठक के दौरान किम जोंग-उन ने कहा कि उत्तर कोरिया यूक्रेन से जुड़ी स्थिति सहित सभी अहम अंतरराष्ट्रीय मामलों पर रूस के रुख और उसकी विदेश नीति का बिना शर्त समर्थन करेगा। किम जोंग-उन ने यह भी कहा



■ उत्तर कोरिया व रूस के बीच लगातार बढ़ रहा है सैन्य सहयोग

कि उनका देश रूस के साथ हुई संधि के नियमों का पूरी जिम्मेदारी से पालन करेगा। उन्होंने यह बात उस रणनीतिक साझेदारी संधि का ज़िक्र करते हुए कही, जिस पर पिछले साल जून में प्योंगयांग में उन्होंने और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हस्ताक्षर किए थे।

वार्ता के दौरान दोनों देशों ने यूक्रेन को लेकर अपनी समान राय की पुष्टि की और यह संकल्प लिया कि वे आपसी रिश्तों को एक मजबूत और व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदलेंगे। रूसी समाचार एजेंसी तास ने बुधवार को रूसी सुरक्षा परिषद के हवाले से बताया कि किम जोंग-उन और सर्गेई शोइगू ने कुर्स्क के युद्ध क्षेत्र के पुनर्निर्माण की संभावनाओं पर बात की।

### आज का इतिहास

1674-छत्रपति शिवाजी महाराज का रायगढ़ के किले में राज्याभिषेक हुआ।
1699-16वाँ मुग़ल बादशाह आलमगीर द्वितीय का जन्म।
1748-पटियाला रियासत के महाराजा अमर सिंह का जन्म।
1879-भारत की आज़ादी के लिये संघर्ष करने वाले क्रान्तिकारियों में से एक उपेन्द्रनाथ बंधोपाध्याय का जन्म।
1891-'कन्नड कहानी के प्रवर्तक' और 'कन्नड की संपत्ति' के रूप में ख्याति प्राप्त कवि, कहानीकार, उपन्यासकार, नाटककार, अनुवादक और आलोचक मास्ति वेंकटेश अय्यंगार का जन्म।
1916-अमेरिका के ईस्ट क्लीवलैंड में महिलाओं को वोट का अधिकार दिया गया।
1919-फिनलैंड ने बोलशेविक के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1930-हिन्दी फिल्म अभिनेता सुनील दत्त का जन्म।
1939-भारत के प्रसिद्ध एथलीट गुरबचन सिंह रंधावा का जन्म।
1957-दर्शन के प्रसिद्ध विद्वान और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दर्शन विभाग के अध्यक्ष रामचंद्र दत्तात्रेय रानाडे का निधन।
1968-दिल्ली के सातवें मुख्यमंत्री तथा भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल का जन्म।
1981-बिहार की बाघमती नदी में एक ट्रेन गिर गई थी, जिससे लगभग 800 लोगों की मौत हो गई थी।
1988-भारतीय क्रिकेटर आजिंक्य रहाणे का जन्म।
1995-पाकिस्तान में बाल अपराधियों को कोड़े मारने अथवा उनकी फ़ांसी की सज़ा प्रतिबंधित की गई।
1997-बैंकॉक में भारत, बंगलादेश, श्रीलंका एवं थाईलैंड ने %बिस्टेक% नामक आर्थिक सहयोग समूह का गठन किया।

**मामला** सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने गाजा में युद्धविराम के मसौदा प्रस्ताव पर लगा वीटो पर जताई नाराजगी, कहा

# अमेरिका द्वारा वीटो लगाया जाना एक खतरनाक संदेश

**संयुक्त राष्ट्र,** 5 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गाजा में तुरंत युद्ध विराम और मानवीय सहायता पर लगी सभी पाबंदियों को हटाने की मांग करने वाला एक प्रस्ताव अमेरिका ने वीटो कर दिया है। सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा बुधवार को पेश किए गए इस मसौदा प्रस्ताव को परिषद के 15 में से 14 सदस्यों का समर्थन मिला, जबकि वीटो पावर वाले अमेरिका ने इसके खिलाफ मतदान किया। मसौदा प्रस्ताव में हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई, साथ ही गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश पर सभी प्रतिबंधों को तत्काल और बिना शर्त हटाने की मांग की गई थी।

■ मसौदा प्रस्ताव को परिषद के 15 में से 14 सदस्यों का मिला समर्थन

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के वीटो की सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने आलोचना की। चीन के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि फू कांग ने कहा कि चीन बुधवार के मतदान के परिणाम से बहुत निराश है। उन्होंने कहा कि मसौदा प्रस्ताव में गाजा के लोगों की सबसे जरूरी मांगें शामिल थीं और यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय की आवाज को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक बार फिर अपने वीटो अधिकार का दुरुपयोग किया, जिससे गाजा के लोगों की उम्मीद की किरण बुझ गई और 20 लाख से अधिक लोगों को



अंधेरे में छोड़ दिया गया। इसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सवालों का सामना करना होगा।

फू ने वोट के स्पष्टीकरण में कहा कि बुधवार का मतदान परिणाम एक बार फिर दर्शाता है कि गाजा में संघर्ष को रोकने में सुरक्षा परिषद की असमर्थता का मूल कारण अमेरिका द्वारा बार-बार बाधा डालना है, जिसने युद्धविराम के लिए परिषद के अनुरोध को कई बार वीटो किया है। साथ ही, इजरायल को बचाने के कारण परिषद द्वारा पारित कई प्रस्ताव प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि एक स्थायी सदस्य के वीटो से शांति की दिशा में बढ़ना नहीं रुक सकता। हम अमेरिका से आग्रह करते हैं कि वह सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सामना करे। साथ ही अपनी राजनीतिक गणनाओं को छोड़े और एक निष्पक्ष तथा जिम्मेदार रवैया अपनाए, ताकि परिषद सभी आवश्यक कदम उठा सके। ब्रिटिश संयुक्त राष्ट्र राजदूत ने कहा कि उनके देश ने मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

### सुडोकू 6935 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |

### दुनिया को जानें

## ऑस्ट्रेलिया ने 'सुपरबग' से निपटने के लिए शुरू की नई तकनीक

**सिडनी,** 5 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने स्टैफिलोकोकस ऑरियस, जिसे आमतौर पर गोल्डन स्टैफ के रूप में जाना जाता है। उससे निपटने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। सुपरबग से हर साल दुनिया भर में दस लाख से अधिक मौते होती हैं।

मेलबर्न स्थित पीटर डोहर्टी इंस्टीट्यूट फॉर इंफेक्शन एंड इम्युनिटी (डोहर्टी इंस्टीट्यूट) की जारी एक बयान में बताया गया कि उनकी विश्व की पहली पहल ने दिखाया है कि रियल टाइम जीनोम सीक्वेंसिंग गंभीर बैक्टीरियल संक्रमणों, जैसे स्टैफिलोकोकस ऑरियस (गोल्डन स्टैफ) से निपटने में प्रभावी है। यह तकनीक डॉक्टरों को बैक्टीरिया में दवा-प्रतिरोधी उत्परिवर्तनों को जल्दी पहचानने, मरीज के लिए सही और व्यक्तिगत उपचार चुनने, और एंटीबायोटिक प्रतिरोध के प्रसार को रोकने में मदद करता है। डोहर्टी इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने, सात स्थानीय अस्पतालों के साथ मिलकर पारंपरिक रूप से अस्पतालों की प्रयोगशालाओं बैक्टीरिया की पहचान के लिए मानक टेस्ट करते हैं। ये टेस्ट केवल यह बताते हैं कि बैक्टीरिया कौन सी प्रजाति का है, लेकिन यह नहीं पता चलता कि बैक्टीरिया ने एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ कितना प्रतिरोध विकसित किया है।

# खेल जगत

## एड्रियन ली रॉक्स बने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच

**नई दिल्ली।** एड्रियन ली रॉक्स ने घोषणा की है कि वह पंजाब किंग्स के साथ अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम में नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के रूप में शामिल होंगे, जो आईपीएल 2025 के उपविजेता रहे। जनवरी 2002 से मई 2003 तक भारतीय टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच रहने के बाद यह ली रॉक्स का भारतीय टीम के साथ दूसरा कार्यकाल होगा। अब वह भारतीय टीम में उस भूमिका में कदम रखेंगे, जो सोहम देसाई के हाल ही में जाने के बाद खाली हो गई थी। और इसके साथ ही पंजाब किंग्स के साथ मेरा 6 साल का सफर खत्म हो गया। इस सीजन में फाइनल तक का सफर तय किया। बस थोड़ा कम रह गया, और हां, इससे वाकई दुख हुआ। लेकिन मुझे टीम पर बहुत गर्व है, जिस तरह से हमने तैयारी की, जिस तरह से हमने खेला और जिस तरह से हमने अंत तक संघर्ष किया।



# अनकैप्ड भारतीय सूर्यवंशी, म्हात्रे, प्रियांश, निगम, राठी व अश्विनी पहली बार आईपीएल में छाए

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 5 मई (देशबन्धु)। दुनिया की सबसे महंगी और सम्मानित क्रिकेट लीग -इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-को 'भारतीय प्रतिभा लीग' भी यूं ही नहीं कहा जा रहा है। आईपीएल भारत के अनकैप्ड (अब तक भारत की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे की नुमाइंदगी न करने वाले) खासतौर पर अनजान भारतीय क्रिकेटरों को अलग अलग फ्रेंचाइजी में दुनिया भर के धुरंधर क्रिकेटरों के साथ और उनके खिलाफ खेलने का मौका देती है । इससे भारत के इन अनकैप्ड क्रिकेटरों को खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए जेहनी तौर पर तैयार करने में बहुत मदद मिलती है। आईपीएल 2025 मंगलवार का समापन इसके 18 वें संस्करण में आरसीबी के 18 वें प्रयास में पहली बार खिताब जीतने की अधूरी के साथ हुआ। 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी, 17 बरस के आयुष म्हात्रे, 23 बरस के बाएं हाथ के ही प्रियांश आर्य ने बल्ले से तथा लेग स्पिनर 20 बरस के विपराज निगम, 25 बरस के विग्नेश राठी तथा 23 बरस के बाएं हाथ के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार ने 2025 संस्करण में भारत के अनकैप्ड क्रिकेटरों के रूप में पहली बार ही आईपीएल में शिरकत करते हुए छाप छोड़ अपने सुनहरे भविष्य की उम्मीद जगाई।




### ऐसे पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं

**1. वैभव सूर्यवंशी:** राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए 14 साल के इस युवा खिलाड़ी ने 296.56 की औसत के साथ 252 रन बनाए। इस दौरान एक शतक भी शामिल था। सूर्यवंशी को सुपर 'स्ट्राइकर ऑफ द सीजन खिताब से भी नवाजा गया। उन्हें भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया है।

**2. दिग्वेश राठी:** दिग्वेश राठी का आईपीएल करियर भले ही विवादों से भरा रहा है, लेकिन उन्होंने इस सीजन 14 विकेट अपने नाम किए हैं।

**3. प्रियांश आर्या:** पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए इस युवा खिलाड़ी ने 17 मैच खेले, जिसमें 475 रन बनाए। इस दौरान प्रियांश के बल्ले से एक शतक और दो अर्द्धशतक आए।

**4. यश दयाल:** आरसीबी के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपनी वैरिएशन से सभी को प्रभावित किया। दयाल को नई गेंद और डेथ ओवर्स का माहिर गेंदबाज माना जाता है।
आईपीएल-222 में दयाल ने नौ मैच खेले, जिसमें 11 शिकार किए। आईपीएल-224 में दयाल ने 15 विकेट चटकाए। यही वजह रही कि मेगा ऑक्शन में दयाल को पांच करोड़ रुपये में रिटेन किया गया। उन्होंने इस सीजन 15 मुकाबलों में 13 विकेट अपने नाम किए।

**5. प्रभसिमरन सिंह:** आईपीएल-225 में पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए प्रभसिमरन ने 17 मुकाबलों में 16.53 की औसत के साथ 549 रन बनाए। इसमें चार अर्धशतक शामिल रहे। पिछले सीजन में प्रभसिमरन 334 रन जड़े थे। वह भारत के टॉप ऑर्डर को मजबूत कर सकते हैं।

# मेरी संवेदनाएं हर प्रभावित परिवार के साथ : सचिन तेंदुलकर

**बेंगलुरु,** 5 जून (एजेंसियां)। क्रिकेट के दिग्गज और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भयानक भगदड़ के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है, जिसमें 11 लोगों की जान चली गई और 33 अन्य घायल हो गए। इस घटना ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ऐतिहासिक पहली जीत के जश्न को एक दिल दहला देने वाली त्रासदी में बदल दिया। तेंदुलकर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में जो कुछ हुआ, वह दुखद से भी परे है। मेरी संवेदनाएं हर प्रभावित परिवार के साथ हैं। सभी के लिए शांति और शक्ति की कामना करता हूं। इससे पहले, भारत के पूर्व



स्पिनर हरभजन सिंह और सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इस त्रासदी पर शोक व्यक्त किया और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। हरभजन सिंह ने ट्विटर पर एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बेंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ की दुखद खबर, जिसके परिणामस्वरूप कई क्रिकेट प्रशंसकों की जान चली गई और

> इस घटना ने आरसीबी की ऐतिहासिक पहली जीत के जश्न को एक त्रासदी में बदल दिया : सचिन तेंदुलकर

कई घायल हो गए, इसने खेल की भावना पर एक काली छाया डाल दी है जो हमारे देश भर में लाखों लोगों को एकजुट करती है। हरभजन ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं इस अविश्वसनीय रूप से कठिन समय में उनके साथ एकजुटता से खड़ा हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। आकाश चोपड़ा ने भी इस भयावह घटना पर अपना दुख व्यक्त किया।

## बेंगलुरु में जो हुआ वो बहुत ही दुखद घटना : तिवारी



**हावड़ा।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने बेंगलुरु भगदड़ को लेकर दुख जताते हुए राज्य सरकार, आरसीबी मैनेजमेंट को निशाने पर लिया। पूर्व क्रिकेटर ने स्टेडियम में जश्न के आयोजन पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अनुभव की घोर कमी थी। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि जब 2012 में हम लोगों ने आईपीएल का खिताब जीता, उस वक्त पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दो दिनों का वक्त लिया। इसके बाद कार्यक्रम को अंजाम दिया गया। सबकुछ बहुत अच्छे से मैनेज हुआ। ऐसा इसीलिए हुआ क्योंकि, ममता बनर्जी को राजनीति का लंबा अनुभव है। लेकिन, जिस प्रकार से बेंगलुरु में हादसा हुआ है, लोगों की कीमती जान चली गई। इस घटना को देखकर तो ऐसा ही लगता है कि यहां अनुभव की कमी थी। राज्य सरकार हो या फिर आरसीबी टीम मैनेजमेंट इनकी जवाबदेही तो तय होनी चाहिए। गुरुवार को बातचीत के दौरान पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि बेंगलुरु में जो हुआ वो बहुत ही दुखद घटना है। कभी हम यह सोच भी नहीं सकते हैं, इस तरह की घटना हो जाएगी। वहां गए लोगों ने कभी नहीं सोचा होगा कि उनके साथ ऐसा कुछ होगा। तिवारी ने कहा कि जिस तरह से वहां घटना हुई है उसे लेकर मन में काफी गुस्सा है कि एक तरफ यह घटना हुई, दूसरी ओर जश्न जारी रहा।

# गनेमत ने तीसरे राष्ट्रीय ट्रायल में महिला स्कीट में हासिल किया शीर्ष स्थान



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। पंजाब की गनेमत सेखों ने भोपाल स्थित एम.पी. स्टेट अकादमी शूटिंग रेंज में बुधवार को आयोजित शॉटगन नेशनल सिलेक्शन ट्रायल 3 (टी3) में क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में अपना नंबर 1 स्थान फिर से हासिल किया। उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। हालांकि, दोनों खिलाड़ी फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनेमत 60 शॉट्स की निर्णायक श्रृंखला में 40वें शॉट पर बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 हिट्स हासिल किए, जबकि अभय ने 35 हिट्स के साथ फाइनल समाप्त किया। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुष वर्ग का खिताब शानदार प्रदर्शन के साथ जीता, उन्होंने फाइनल में 58 हिट्स लगाए। पंजाब के प्रतिभाशाली युवा भवतघ गिल (क्वालिफिकेशन स्कोर 119) 53 हिट्स के साथ रजत पदक विजेता रहे। वहीं, ओलंपियन और संयुक्त विश्व रिकॉर्ड धारक अंगद बाजवा ने 50 शॉट्स में 45 हिट्स के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग का खिताब राजस्थान की दर्शना राठौर ने 60 में से 50 हिट्स के साथ जीता, और दो ओलंपियन को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरियाणा की राइजा ढिल्लों ने 48 हिट्स के साथ रजत पदक जीता, जबकि दर्शना की राज्य साथी महेश्वरी चौहान ने 40 हिट्स के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी स्थान पर शुक्रवार (6 जून) से ट्रैप टी3 ट्रायल्स आयोजित किए जाएंगे।

> ■ ओलम्पियन अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुष वर्ग का खिताब शानदार प्रदर्शन के साथ जीता

# सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में सिंधु रोमांचक मुकाबले के बाद बाहर

> ■ मुकाबला काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन भारतीयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम किया

**जकार्ता,** 5 जून (एजेंसियां)। भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने गुरुवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 के क्वार्टर फाइनल में वापसी करते हुए जीत दर्ज की, जबकि पीवी सिंधु तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले के बाद दूसरे दौर में बाहर हो गईं। जकार्ता में 2023 के चैंपियन, सात्विक और चिराग ने डेनमार्क के रासमस केजर और फ्रेडरिक सोगार्ड के खिलाफ 68 मिनट के रोलरकोस्टर मुकाबले में अपनी मजबूत तेवर दिखाए। सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दुनिया की 22वें नंबर की



भारतीय जोड़ी ने दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी को 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। मुकाबला काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन भारतीयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। मैच की शुरुआत सात्विक और चिराग के लिए बैकफुट पर रही, क्योंकि डेनमार्क की जोड़ी ने शुरुआत में ही नियंत्रण हासिल कर लिया, नेट पर दबदबा बनाया और पहले गेम में भारतीयों को पछाड़ दिया। 6-10 से 10-10 की बराबरी पर आने के बावजूद भारतीय जोड़ी केजर और सोगार्ड को ओपनर जीतने से नहीं रोक पाई। दूसरे गेम में भारतीयों ने आक्रामकता और बेहतर प्लेसमेंट के साथ जवाब दिया, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी गलतियां करने लगे। 14-14 से भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच अंक लेकर बढ़त हासिल की और आखिरी समय में बढ़त हासिल करते हुए मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। तीसरे गेम में सात्विक और चिराग ने 5-1 की बढ़त बनाई, लेकिन डेनमार्क ने वापसी करते हुए 8-8 की बराबरी कर ली। मुकाबला रोमांचक रहा और डेनमार्क ने 20-19 के स्कोर पर मैच प्वाइंट हासिल कर लिया। लेकिन चिराग के निडर रिटर्न ने स्कोर बराबर कर दिया और सात्विक की शानदार सर्विस के बाद सटीक प्लेसमेंट ने रोमांचक जीत दर्ज की - और भारतीय बेंच पर जोरदार जश्न मनाया।

## सार संक्षेप

### 6 जून से इंग्लैंड-वेस्टइंडीज के बीच टी2 सीरीज

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच छह जून से टी2 सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। वेस्टइंडीज को हाल ही में संपन्न वनडे सीरीज में 3- से क्लीन स्वीप करने के बाद इंग्लैंड आगामी सीरीज में भी मजबूत नजर आ रही है। दोनों देशों के बीच पहला टी2 मुकाबला छह जून को चेस्टर-ली-स्ट्रीट पर खेला जाएगा। इसके बाद आठ जून को ब्रिस्टल में दूसरे मैच का आयोजन होगा। तीसरा मुकाबला 1 जून को साउथैम्प्टन में होगा। यह सीरीज नए टी2 कप्तान शाई होप के लिए पहला मिशन है। इस टीम में जेसन होल्डर की वापसी हुई है। इससे पहले होल्डर फरवरी 224 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में उतरे थे। इंग्लैंड टीम की कमान हैरी ब्रूक के हाथों में है। जोस बटलर जैसे अनुभवी खिलाड़ी टीम के साथ हैं, जबकि आदिल रशीद से भी टीम को काफी उम्मीदें होंगी।

### फिलहाल जोकोविच को थोड़ा कम आंका गया है: ज्वेरेव

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने के बाद, पिछले साल के फाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने तीन बार के रोलां गैरो चैंपियन से हार पर विचार किया और सर्बियाई महान खिलाड़ी को कम आंका गया खिलाड़ी कहा। 24 बार के प्रमुख चैंपियन जोकोविच, जिन्होंने क्ले-कोर्ट स्विंग की शुरुआत करने के लिए लगातार शुरुआती दौर में हार का सामना किया है, ने रिकॉर्ड 25वीं प्रमुख ट्रॉफी की तलाश में सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म फिर से हासिल किया है। छठी वरीयता प्राप्त सर्बियाई खिलाड़ी पेरिस में प्रमुख पसंदीदा के रूप में नहीं पहुंचे, लेकिन उन्होंने 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत हासिल करने और रिकॉर्ड 51वें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए एक शानदार प्रदर्शन किया। ज्वेरेव ने जोकोविच के बारे में कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि इस समय उन्हें थोड़ा कम आंका गया है।

# इंग्लैंड की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 143 रनों से हराया

> ■ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है

**लेस्टर (इंग्लैंड),** 5 जून (एजेंसियां)। एमी जोंस (129), टैमी बोमॉन्ट (106) की शतकीय और एमा लैंब (55) की अर्द्धशतकीय पारियों के ऐलिस कैप्सी (तीन विकेट), लिंसी स्मिथ और लॉरेन फाइलर (दो-दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 143 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। लेस्टर के ग्रेस रोड स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड की एमी जोंस और टैमी



बोमॉन्ट की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 202 रन जोड़े। 30वें ओवर में करिश्मा रामहैरक ने एमी जोंस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एमी जोंस ने 98 गेंदों में 20 चौकों की मदद से (129) रनों की पारी खेली। इसके बाद रामहैरक ने 40वें ओवर में टैमी बोमॉन्ट को आउट कर अपना और टीम का दूसरा विकेट लिया। टैमी बोमॉन्ट ने 109 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए (106) रन बनाये। कप्तान नेट सायबर ब्रंट (12), एमा लैंब (55), सोफिया डंकली (31) और ऐलिस कैप्सी ने (16) रन के योगदान इंग्लैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 366 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से करिश्मा रामहैरक और आलिया ऑलेन ने दो-दो विकेट लिये। ऐफी फ्लेचर और जैनिलिया ग्लास्गो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 367 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 61 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये । जायडा जेम्स (छह) और कप्तान शमैन कैंपबेल (19) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नियमित अंतराल पर वेस्टइंडीज के विकेट गिरते रहे। रीलेआना ग्रिमोंड (55), स्टेफानी टेलर (20), जैनिलिया ग्लास्गो (44), शबीका गजनबी (आठ), आलिया ऑलेन (शून्य), जाहजरा क्लैक्सटन (18), ऐफी फ्लेचर (आठ) और चेरी फ्रेजर (18) रन बनाकर आउट हुई। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम 45.4 ओवर में 223 रन पर सिमेट कर मुकाबला 143 रनों से जीत लिया।

# भारत के खिलाफ दूसरे मैच से टेस्ट वापसी कर सकते हैं जोफ्रा आर्चर

> ■ आर्चर पिछले चार वर्षों से किसी भी प्रथम श्रेणी मुकाबले में नहीं खेले

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर अगले महीने भारत के खिलाफ एजबस्टन में होने वाले दूसरे टेस्ट में खेलने की दौड़ में शामिल हैं। यह जानकारी इंग्लैंड के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने दी, बशर्ते वह आगामी 15 दिनों में चेस्टर-ली-स्ट्रीट में ससेक्स बनाम डरहम के मुकाबले में अपनी फिटनेस साबित कर दें। 30 वर्षीय आर्चर पिछले चार वर्षों से किसी भी प्रथम श्रेणी मुकाबले में नहीं खेले हैं। इस दौरान उन्हें कई बार चोटों का



सामना करना पड़ा, जिनमें उनके परेशान करने वाले दाएं कोहनी की एक से अधिक बार सर्जरी और पीठ में स्ट्रेस फ्रेक्चर शामिल है। उन्हें इस हफ्ते भारत ए के खिलाफ इंग्लैंड लायंस के लिए दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी के लिए चुना गया था, लेकिन आईपीएल में फील्डिंग करते समय अंगूठे में लिगामेंट चोट लगने के कारण वह बाहर हो गए। हालांकि अब वह वापसी के करीब हैं, और इंग्लैंड आगामी आठ महीनों में बेहद अहम टेस्ट क्रिकेट सीजन की ओर बढ़ रहा है जिसमें भारत के खिलाफ पांच घरेलू टेस्ट और एक विदेशी एशेज दौरा शामिल है। ऐसे में चयनकर्ता उन्हें एक बार फिर टीम में शामिल करने को लेकर उत्सुक हैं। राइट ने कहा कि आर्चर भी काफी अच्छा कर रहे हैं। योजना यह है कि वह ससेक्स की सेकेंड टीम के लिए कुछ मैच खेलें और वहीं से लोडिंग शुरू करें। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो वह दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे।

# रोनाल्डो के बेहतरीन गोल से फाइनल में पुर्तगाल

**नेशंस लीग**

> ■ फ्लोरियन विर्ट्ज ने 48वें मिनट पर मैच का पहला गोल दागकर जर्मनी को 1-0 से लीड में ला दिया

**म्यूनिख,** 5 जून (एजेंसियां)। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के निर्णायक गोल से पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग सेमीफाइनल में जर्मनी को 2-1 से हरा दिया। इसी के साथ मेजबान टीम की पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। ओलावृष्टि के कारण 10 मिनट की देरी के बाद, जर्मनी ने जल्दी ही लय पकड़ ली। लियोन गोरेट्जका ने शुरुआत में डियोगो कोस्टा को परखा, जबकि डेब्यूटेंट निक वोल्टमेड ने एलेक्जेंडर पावलोविच के



साथ मिलकर एक और मौका बनाया।

हालांकि, पुर्तगाल ने जल्द ही लय पकड़ ली। पेड्रो नेटो की तेज रफ्तार ने बार-बार जर्मन डिफेंस को एक्सपोज किया और रोनाल्डो ने गोलकीपर मार्क-आंद्रे टेर स्टेगन को दो बार परखा। यह टेर स्टेगन की चोट से वापसी के बाद पहला मैच था। फ्लोरियन विर्ट्ज ने 48वें मिनट पर मैच का पहला गोल दागकर जर्मनी को 1-0 से लीड में ला दिया। फ्रांसिस्को कॉन्सेइकाओ, जो कुछ मिनट पहले ही मैदान पर आए थे, उन्होंने शानदार सिंगल स्ट्राइक के साथ मैच का रुख पलटा। 63वें मिनट पुर्तगाल ने भी अपना खाता खोलते हुए मैच 1-1 से बराबरी पर ला दिया। जर्मनी को यहां से संभलने का मौका नहीं मिला। ब्रूनो फर्नांडीस और नूनो मेंडेस के बीच एक शानदार वन-टू ने जर्मन बैकलाइन को तितर-बितर किया और मेंडेस के लो क्रॉस को रोनाल्डो ने गोल में बदला। इसी के साथ रोनाल्डो 40 साल और 119 दिन की उम्र में जर्मनी के खिलाफ गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जर्मनी अब रविवार को तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ खेलेगा, जबकि पुर्तगाल फाइनल खेलेगा। मैच गंवाने के बाद जर्मनी के कोच जूलियन नेगल्समैन ने कहा कि यह निश्चित रूप से हाल के दिनों में हमारा सबसे कमजोर प्रदर्शन था। हमने हमेशा पूरे दृढ़ विश्वास के साथ अटैक नहीं किया। पुर्तगाल जैसी टीम के खिलाफ अगर आप बदलाव में बहुत धीमे हैं, तो आपको दंडित किया जाएगा।



# वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियन बन सकती है साउथ अफ्रीकी टीम : एडेन मार्करम

> ■ इस टीम ने क्रिकेट में कोई भी बड़ा सीनियर पुरुष खिताब नहीं जीता है

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। साल 2025 में कई टीमों ने अपना ट्रॉफी जीतने का सपना पूरा किया है। 11 जून से लॉर्ड्स के मैदान पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल शुरू होगा। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम को उम्मीद है कि खिताबी मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने पर प्रोटियाज इस ट्रेंड को जारी रखेंगे। होबार्ट हरिकेंस और



रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु जैसी क्रिकेट टीमों ने पहली बार बिग बैश लीग और इंडियन प्रीमियर लीग ट्रॉफी जीती है। फुटबॉल में पेरिस सेंट जर्मेन, क्रिस्टल पैलेस, बोलोग्ना एफसी, टोटेनहम हॉटस्पर और न्यूकैसल यूनाइटेड एफसी ने भी ट्रॉफी जीतने का सिलसिला शुरू किया है। यह दक्षिण अफ्रीकी टीम के लिए एक शुभ संकेत है। इस टीम ने क्रिकेट में कोई भी बड़ा सीनियर पुरुष खिताब नहीं जीता है। मार्करम ने आईसीसी डिजिटल से कहा कि जाहिर है कि हम एक टीम के रूप में कई सालों से खिताब का पीछा कर रहे हैं। सभी फॉर्मेट में, हमने संभवत: थोड़ा सुधार किया है और इसे जीतने की संभावना है। अगर हम टेस्ट मैच के पांच दिनों में खुद को जीतने की स्थिति में ला पाते हैं, तो इसके लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 4.50 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.96 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.65 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.37 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.35 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 1.41 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.06 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.63 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.57 प्रतिशत |
| मारुति | 0.34 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,000 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,04,675 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत-किर्गिस्तान द्विपक्षीय निवेश संधि लागू

- **नई बीआईटी 12 मई 2000 को लागू किए गए पहले के समझौते की जगह लेगी**
- **किसी भी देश के निवेशकों के हितों को बढ़ावा देना व उनकी रक्षा करना है बीआईटी का उद्देश्य**



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और किर्गिस्तान के विदेश मामलों के मंत्री जीनबेक कुलुबेव मोल्दोकानोविच के गुरुवार को यहां दोनों देशों के बीच प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने तथा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) से जुड़े दस्तावेजों के आदान प्रदान के साथ ही बीआईटी प्रभावी हो गई। भारत सरकार और किर्गिस्तान सरकार के बीच 14 जून, 2019 को बिश्केक में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) आज यानी 5 जून 2025 से लागू हो गई। यह नई बीआईटी 12 मई 2000 को लागू किए गए पहले के समझौते की जगह लेती है, जो दोनों देशों के बीच निवेश की सुरक्षा में निरंतरता सुनिश्चित करती है।

भारत-किर्गिस्तान बीआईटी द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और एक सुरक्षित और पूर्वानुमानित निवेश वातावरण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बीआईटी का उद्देश्य दूसरे देश के क्षेत्र में किसी भी देश के निवेशकों के हितों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है। इसमें सतत विकास पर जोर दिया गया है। संपत्तियों की एक सांकेतिक समावेश सूची और परिसंपत्तियों की एक विशिष्ट बहिष्करण सूची के साथ उद्यम आधारित परिभाषा जो निवेश की विशेषताओं जैसे पूंजी की प्रतिबद्धता, लाभ या मुनाफे की उम्मीद, जोखिम की धारणा को भी स्पष्ट करती है और मेजबान देश के विकास के लिए महत्व रखती है।

स्थानीय सरकार, सरकारी खरीद, कराधान, सरकारी प्राधिकरण के प्रयोग में आपूर्ति की जाने वाली सेवाएँ, अनिवार्य लाइसेंस से संबंधित मामलों को इस संधि से अलग रखा गया है ताकि ऐसे मामलों में सरकार के पास पर्याप्त नीतिगत स्थान बना रहे। बीआईटी निवेश के उपचार के मुख्य तत्वों को परिभाषित करने का प्रयास करता है, जैसा कि प्रथागत अंतरराष्ट्रीय कानून में पाया जाता है। इसके अलावा, बीआईटी राष्ट्रीय स्तर पर निवेश, अधिग्रहण और हस्तांतरण पर प्रावधानों के माध्यम से एक संतुलित रूपरेखा सुनिश्चित करता है। सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) दायित्व ने अतीत में निवेशकों को मेजबान राष्ट्र द्वारा संपन्न अन्य संधियों से अनुकूल मूल प्रावधानों को चुनिंदा रूप से 'आयात' करने की अनुमति दी है।

बीआईटी से एमएफएन खंड को हटा दिया गया है। बीआईटी में दो प्रकार के अपवाद शामिल हैं- सामान्य अपवाद और सुरक्षा अपवाद। सामान्य अपवाद में अन्य बातों के अलावा, पर्यावरण की सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करना और सार्वजनिक नैतिकता तथा सार्वजनिक व्यवस्था की रक्षा करना शामिल है।

## भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता शीघ्र किए जाने के पक्ष में रोमानिया

**नई दिल्ली।** भारत में रोमानिया की राजदूत सेना लतीफ ने भारत के दोनों देशों के व्यवसायी समुदाय से प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द अंतिम रूप देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार में विशाल संभावनाएं छुपी हैं। सुश्री लतीफ यहां बुधवार रात भारत में रोमानिया के द्विपक्षीय वाणिज्य मंडलों के संघ (यूबीसीसीआर) की ओर से आयोजित एक व्यावसायिक सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। यह पहली बार है जब रोमानिया के उद्योगों को भारत में इतने बड़े पैमाने पर लाया गया है, वाइन और कनेक्शनरी से लेकर उच्च तकनीक और हेल्थकेयर क्षेत्र तक हम यहां अपना व्यवसाय कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल व्यापार नहीं, बल्कि विचारों का आदान-प्रदान, संयुक्त उद्यम और साझा प्रगति है। इस अवसर पर सांसद पुट्टा महेश कुमार ने कहा कि भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

# भारत-इटली मिलकर काम करने के लिए तत्पर : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और एक साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। यह बयान केंद्रीय मंत्री गोयल की दो दिवसीय आधिकारिक इटली यात्रा के दौरान आया है, जिसमें वह भारत और इटली के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो तजानी से शानदार रात्रिभोज की मेजबानी पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने आगे कहा कि उन्हें एक प्रतिष्ठित सभा को संबोधित करने और भारत-इटली के बीच आर्थिक संबंधों को गहरा करने पर सार्थक चर्चा करने का सौभाग्य मिला।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि ब्रेशिया में पिनाकोटेका टोसियो मार्टिनेंगो म्यूजियम ने वास्तव में समग्र अनुभव को समृद्ध किया। उत्कृष्ट कला से घिरा माहौल खूबसूरती के साथ सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है, जिसे हमारे दोनों देश बहुत महत्व देते हैं। हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने इससे पहले कमर्शियल लाइटिंग के एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्लेयर आईगुन की सीईओ लॉरा टारक्विनियो और उनकी टीम से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हमने स्मार्ट लाइटिंग सॉल्यूशन के लिए भारत में उपलब्ध निवेश के अपार अवसरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

केंद्रीय मंत्री ने कई अन्य टॉप इटली सीईओ से मुलाकात की और चर्चा की कि वे निरंतर विकास के लिए भारत के इनोवेशन इकोसिस्टम का सर्वोत्तम तरीके से कैसे लाभ उठा सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग टेक कंपनी पोग्गीपोलिनी एस.पी.ए. के सीईओ मिशेल पोग्गीपोलिनी से मुलाकात की।

# सोने की कीमत 1,400 रुपए से अधिक बढ़ी, चांदी 1.04 लाख रुपए के पार



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को तेजी देखने को मिली और 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 98,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 1.04 लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 1,416 रुपए बढ़कर 98,163 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि बुधवार को 96,747 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 89,917 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,620 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 73,622 रुपए हो गया है, जो कि पहले 72,560 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सोने के साथ चांदी की कीमत में भारी इजाफा देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में चांदी की कीमत 3,695 रुपए बढ़कर 1,04,675 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,00,980 रुपए प्रति किलो थी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि डॉलर में कमजोरी के कारण सोने में उछाल दर्ज किया गया और चांदी 12 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

# रेलवे ने टिकट बुकिंग में बनाया रिकॉर्ड



- **22 मई को प्रति मिनट बुक की गई 31,814 टिकट**
- **टिकट बुकिंग के लिए 2.5 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी को किया निष्क्रिय**

**नई दिल्ली,** 5 जून (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे ने बताया कि 22 मई को प्रति मिनट 31,814 टिकट बुक की गई हैं। रेलवे के इतिहास में टिकट बुकिंग का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह आंकड़ा रेलवे के टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म की क्षमता को भी दिखाता है। इसके अलावा रेलवे ने बताया कि अनधिकृत ऑटोमेटेड बुकिंग पर कार्रवाई करते हुए उसके एआई संचालित सिस्टम ने टिकट बुकिंग के लिए 2.5 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी को निष्क्रिय कर दिया है।

रेल मंत्रालय ने बयान में बताया कि निष्पक्षता और दक्षता को और बढ़ाने के लिए, नए यूजर प्रोटोकॉल जारी किए जाएंगे। रेलवे ने कहा कि जिन यूजर्स ने आधार के जरिए ऑथेंटिकेशन नहीं किया होगा, वे एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी), तत्काल और प्रीमियम तत्काल की टिकट पंजीकरण के तीन दिन बाद बुक कर पाएंगे। वहीं, आधार-वेरिफाइड यूजर्स बिना किसी देरी के टिकट को बुकिंग कर सकते हैं।

रेलवे ने बताया, एवरेज डेली यूजर लॉगिन वित्त वर्ष 2023-24 में 69.08 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 82.57 लाख हो गया है, जो 19.53 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जबकि इसी अवधि में एवरेज डेली टिकट बुकिंग में 11.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इसके अतिरिक्त ई-टिकटिंग की हिस्सेदारी अब कुल रिजर्व टिकट बुकिंग में 86.38 प्रतिशत हो गई है।

भारतीय रेलवे ने अपने टिकटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का बड़े स्तर पर डिजिटल ओवरहाल किया है। अत्याधुनिक एंटी-बॉट सिस्टम की तैनाती और एक प्रमुख सीडीएन सेवा प्रदाता के साथ एकीकरण के माध्यम से रेलवे ने बेईमान एजेंटों द्वारा अनधिकृत ऑटोमेटेड बुकिंग पर काफी हद तक अंकुश लगाया है और रियल यूजर्स के लिए वेबसाइट की पहुंच में सुधार किया है। नई प्रणाली ने सभी बॉट ट्रैफिक को प्रभावी रूप से कम कर दिया है, जो तत्काल के पहले पांच मिनट के दौरान पीक पर होता है। इस अवधि के दौरान कुल लॉगिन प्रयासों में बॉट ट्रैफिक का हिस्सा 50 प्रतिशत तक होता है।

## सार संक्षेप

### सुदर्शन वेणु टीवीएस मोटर के अध्यक्ष नियुक्त

**बेंगलुरु।** ऑटोमोटिव कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी ने श्री सुदर्शन वेणु को कंपनी का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की गुरुवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से वेणु की नियुक्ति को मंजूरी दी है। यह नियुक्ति निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान कंपनी की निरंतर वृद्धि और रणनीतिक विकास में उनके अनुकरणीय योगदान के सम्मान में की गई है। 25 अगस्त, 225 से वेणु को अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि उसके वर्तमान अध्यक्ष सर राल्फ स्पेथ ने निदेशक मंडल को सूचित किया है कि वे आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कंपनी के निदेशक के रूप में पुनः नियुक्ति की मांग नहीं करेंगे। परिणामस्वरूप, वे 22 अगस्त, 225 को वार्षिक आम बैठक के समापन पर कंपनी के अध्यक्ष पद से हट जाएंगे।


### अडानी समूह का कर भुगतान 29 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडानी की विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी अडानी समूह ने वित्त वर्ष 224-25 के दौरान कर और अन्य भुगतानों के रूप में कुल 74 हजार 945 करोड़ रुपए का योगदान दिया है, जो इसके पिछले वित्त वर्ष के 58 हजार 14 करोड़ रुपए की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि यह आंकड़ा समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकारों को मिला है। इसमें से 28 हजार 72 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष कर, 45 हजार 47 करोड़ रुपए अप्रत्यक्ष कर और 818 करोड़ रुपए अन्य योगदान के रूप में शामिल हैं। समूह की सात प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन, अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडानी पावर, अडानी टोटल गैस और अंबुजा सीमेंट्स ने स्वतंत्र वार्षिक रिपोर्टों में यह जानकारी साझा की है। इनके अलावा एनडीटीवी, एसीसी और सांघी इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों के कर भुगतान को भी इस आंकड़े में शामिल किया गया है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का ऋण वितरण में उछाल

**मुंबई।** निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 224-25 में अपने ग्राहकों को पारंपरिक बीमा पॉलिसियों के विरुद्ध 9 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण वितरित किए हैं, जो इसके पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। कंपनी ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि इस सुविधा के माध्यम से 42 हजार 7 से अधिक ग्राहकों ने आकस्मिक वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फंड प्राप्त किया, जबकि उनका दीर्घकालिक जीवन बीमा निवेश भी सुरक्षित बना रहा। 'पॉलिसी के विरुद्ध ऋण' की सुविधा से ग्राहक अपनी पॉलिसी के सरेंडर मूल्यांकन के 8 प्रतिशत तक ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

# शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी




- **सेंसेक्स 0.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,442.04 अंक पर**
- **निफ्टी 0.53 प्रतिशत उछलकर 24750.90 अंक पर बंद**

**मुंबई,** 5 जून (एजेंसियां)। अमेरिका-चीन व्यापार तनाव बढ़ने से डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में गिरावट की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 443.79 अंक अर्थात 0.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,442.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 130.70 अंक यानी 0.53 प्रतिशत उछलकर 24750.90 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 0.39 प्रतिशत चढ़कर 45,679.87 अंक और स्मॉलकैप 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,210.44 अंक हो गया। इस दौरान बएसई में कुल 4129 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2257 में लिवाली जबकि 1725 में बिकवाली हुई वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2973 कंपनियों के शेयरों में से 1738 में तेजी जबकि 1144 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। बीएसई में तेल एवं गैस और ऑटो को 0.05 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.51, सीडी 0.73, ऊर्जा 0.30, एफएमसीजी 0.26, वित्तीय सेवाएं 0.43, हेल्थकेयर 0.88, इंडस्ट्रियल्स 0.60, आईटी 0.35, दूरसंचार 0.27, यूटिलिटीज 0.38, बैंकिंग 0.11, कैपिटल गुड्स 0.42, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.09, धातु 0.42, पावर 0.31, रियल्टी 1.79, टेक 0.33, सर्विसेज 1.09 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.45 प्रतिशत चढ़ गए। विश्व बाजार का रुझान भी सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.28, जर्मनी का डैक्स 0.38, हांगकांग का हैंगसेंग 1.07 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत मजबूत रहा। हालांकि जापान के निक्केई में 0.51 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 198 अंक की तेजी के साथ 81,196.08 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,983.73 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, इसके बाद हुई भारी लिवाली की बदौलत दोपहर तक यह 81,911.13 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 80,998.25 अंक के मुकाबले 0.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,442.04 अंक पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 24,620.20 अंक की तुलना में 0.53 प्रतिशत उछलकर 24,750.90 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में इटरनल 4.50, पावरग्रिड 1.96, आईसीआईसीआई बैंक 1.65, रिलायंस 1.37, अडानी पोर्ट्स 1.35, अल्ट्रासिमको 1.12, सन फार्मा 1.08, आईटीसी 0.72, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.60, एचडीएफसी बैंक 0.52, एलटी 0.49, एचसीएल टेक 0.36, इंफोसिस 0.20, भारती एयरटेल 0.19, नेस्ले इंडिया 0.16प्रतिशत शामिल रहा। वहीं, इंडसइंड बैंक 1.41, एक्सिस बैंक 1.06, बजाज फिनसर्व 0.63, बजाज फाइनेंस 0.57, मारुति 0.34, कोटक बैंक 0.33, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.27,टीसीएस 0.25, एशियन पेंट 0.25, एनटीपीसी 0.20, टाटा स्टील 0.09 और एसबीआई के शेयर 0.04 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# मई में खाद्य मुद्रास्फीति कम होने से घर में पकाई गई शाकाहारी-मांसाहारी थाली हुई सस्ती



- **सालाना आधार पर 6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज**

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। क्रिसिल की रिपोर्ट में गुरुवार को बताया गया कि उच्च आधार प्रभाव के कारण प्रमुख सब्जियों की कीमतों में तेज गिरावट की वजह से मई में घर में पकाई गई शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमत में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

शाकाहारी थाली की कीमत मासिक आधार पर स्थिर रही, जबकि मांसाहारी थाली की कीमत में पिछले महीने 2 प्रतिशत की कमी आई। 'रोटी राइस दर' (आरआरआर) रिपोर्ट के अनुसार, मई में टमाटर की कीमतें 33 रुपए प्रति किलोग्राम से 29 प्रतिशत गिरकर 23 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गईं। बीते वर्ष पैदावार को लेकर चिंताओं के कारण कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई थी।

प्याज और आलू की कीमतों में क्रमशः 15 प्रतिशत और 16 प्रतिशत की गिरावट आई है। बीते वर्ष पश्चिम बंगाल में फसल को हुए नुकसान और बेमौसम बारिश के कारण आलू की कीमतों में उछाल आया था। इसी तरह महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण रबी की फसल के कम रकबे और उपज के कारण प्याज की कीमतों में उछाल आया था। घर पर थाली तैयार करने की औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित इनपुट कीमतों के आधार पर की जाती है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अधिकांश दालें सस्ती व अन्य जिंसों के भाव स्थिर



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव तथा अधिकांश दालें गिर गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 46 रिंगिट की गिरावट लेकर 3900 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.25 सेंट लुढ़ककर 46.56 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 150 रुपए, दाल चना 150 रुपए और मूंग दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# केंद्र ने एसईजेड मानदंडों को बनाया आसान



- **सरकार ने दी सेमीकंडक्टर व इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील**

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील दी है। इसके तहत कंपनियों को विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में छोटे भूखंडों पर कारखाने स्थापित करने की अनुमति दी गई है, जिससे प्रवेश की लागत कम होगी। इन इकाइयों को निर्यात के अलावा घरेलू बाजार में अपने उत्पाद बेचने की भी अनुमति होगी।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी गैजेट नोटिफिकेशन के अनुसार, विशेष रूप से सेमीकंडक्टर या इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स बनाने के लिए एसईजेड में कारखानों के लिए न्यूनतम भूमि की आवश्यकता को पहले की 50 हेक्टेयर से घटाकर 10 हेक्टेयर कर दिया गया है। इसी तरह, मल्टी-प्रोडक्ट एसईजेड में, न्यूनतम भूमि की आवश्यकता को पहले की 20 हेक्टेयर से घटाकर 4 हेक्टेयर कर दिया गया है। यह नियम गोवा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, सिक्किम, लद्दाख, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप, दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली में लागू होगा।

आसान किए गए मानदंड सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले मॉड्यूल सब एसेंबली, कई दूसरे मॉड्यूल सब-एसेंबली, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड्स, लिथियम-आयन बैटरी सेल, मोबाइल और आईटी हार्डवेयर कंपोनेंट्स, हियरेबल्स और वियरेबल्स सहित कई अन्य क्षेत्रों पर लागू होंगे। विशेष आर्थिक क्षेत्र (संशोधन) नियम, 2025 के तहत ये बदलाव 3 जून को लागू हुए हैं। यह कदम वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच देश में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने की सरकार की रणनीति का हिस्सा है। देश में स्मार्टफोन और इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में जोरदार वृद्धि के साथ हाल के वर्षों में भारत में चिप्स की मांग बढ़ी है। सरकार द्वारा 3 जून को अधिसूचित विशेष आर्थिक क्षेत्र (संशोधन) नियम, 2025 भी निर्माताओं को तैयार माल को स्थानांतरित करने या बेचने के लिए अधिक स्वायत्तता प्रदान करते हैं। आसान किए गए नियमों के तहत, कंपनियां अब या तो भारत से सीधे माल निर्यात कर सकती हैं या आवश्यक करों का भुगतान कर देश में उन्हें बेच सकती हैं। वे अपने माल को उसी या किसी अन्य एसईजेड में एक मुक्त व्यापार और भंडारण क्षेत्र में या एक कस्टम बॉन्डेड वेयरहाउस में भी ले जा सकते हैं, जो सरकारी नियंत्रण के तहत एक विशेष भंडारण है। इससे कंपनियों को अपने इन्वेंटरी का प्रबंधन करने और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए अधिक फ्लेक्सिबिलिटी मिलती है। इसके अलावा, एसईजेड में स्थित सेवा प्रदाता अब आयात के अलावा घरेलू बाजार से कच्चा माल, पूंजीगत सामान, घटक और उपभोग्य वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

# कोचिंग संचालकों को यातायात नियमों का पूर्णतया पालन के दिए गए कड़े निर्देश

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने लिया कोचिंग संचालकों एवं प्रबंधकों का विशेष बैठक



**बिलासपुर,** 5 जून (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में बिलासपुर जिले में संचालित समस्त कोचिंग संचालकों के साथ आवश्यक बैठक चेतना भवन में रखी गई थी जिसमें समस्त कोचिंग संचालकों को कोचिंग संस्थान में आने वाले छात्र-छात्राओं, टीचिंग स्टाफ एवं अन्य सहयोगी स्टाफ की संख्या एवं उनके अनुरूप कोचिंग संस्थान के सम्मुख खड़ी होने वाली दुपहिया वाहन एवं कार आदि वाहनों की समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा दी गई।

सभी कोचिंग संचालकों को कोचिंग संस्थान के सामने सुरक्षा गार्ड तैनात करने हेतु निर्देशित किया गया। ऐसे कोचिंग संस्थान जो मुख्य मार्ग पर स्थित है उनकी संस्था में आने वाले वाहन मुख्य मार्ग अथवा ड्रॉप एंड गो में वाहन खड़ी ना करें इस संबंध में प्रमुखता से सभी कोचिंग संस्थानों को समझाइस एवं हिदायत दी गई। समय-समय पर संस्था के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी तथा उनके अनुपालन हेतु प्रत्येक कोचिंग संस्थान में यातायात के पाठशाला के तहत सेमिनार आयोजित करके प्रत्येक छात्र-छात्राओं को यातायात के प्रति उनके दायित्वों के संबंध में समय-समय पर जागरूक किये जाने एवं जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के द्वारा कोचिंग संस्थान में पर्याप्त पार्किंग की सुविधा नहीं हो तो कुछ वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु समस्त उपस्थित संचालकों को निर्देशित की गई वहीं कोचिंग के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं कार आदि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट के उपयोग हेतु भी निर्देशित किया गया। इस दौरान समस्त कोचिंग संस्थान के संचालकों को यह हिदायत दिया गया कि कोचिंग संस्थान शैक्षिक संस्था के साथ-साथ एक अत्यंत ही आदर्श स्थापित करने वाली निकाय है जिसके प्रत्येक शब्दों की अपनी अहमियत होती है और वह युवाओ के भविष्य निर्माण के अहम केंद्र हैं ऐसे में उनके द्वारा दी गई समस्त निर्देशों के परिपालन छात्र-छात्राओं के एक नैतिक दायित्व का बोध कराते हैं। अत: कोचिंग संस्थान में विषयो से सम्बंधित अध्यापन के साथ-साथ समय-समय पर यातायात नियमों की जानकारी हेतु यातायात से संबंधित सेमिनार एवं व्याख्यानमाला का आयोजन किए जाने हेतु सभी कोचिंग संस्थानों को समझाइस दी गई।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा छात्र छात्राओं एवं युवाओं को किसी भी प्रकार के असामाजिक गतिविधियों एवं आपराधिक पृष्ठभूमि के कृत्यों से बचने हेतु हिदायत देने एवं नैतिक रूप से प्रेरित करने हेतु समस्त कोचिंग संचालकों को हिदायत दी गई ताकि जिले में युवा वर्ग से संबंधित अपराधिक घटनाएं होती हैं वह कहीं भी परिलक्षित ना हो।

इस दौरान समस्त कोचिंग संचालकों को कोचिंग के सामने पार्किंग के समक्ष यातायात नियमों से संबंधित विभिन्न धाराओं के तहत जुर्माना राशि का उल्लेख करते हुए फ्लेक्सिया एवं बोर्ड लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही लेक्चर हाल में ब्लेक बोर्ड या स्क्रीन बोर्ड के बगल में यातायात नियमों से संबंधित तालिका लगाया जाना चाहिए ताकि प्रत्येक छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को वाहन चालान के दौरान यातायात नियमों की समुचित जानकारी हो तथा उसके उल्लंघन पर दंडात्मक प्रक्रियाओं की भी जानकारी हो सके।

प्राय: देखने मे आता है कि कई कोचिंग संस्थानों में नाबालिक छात्र-छात्राएं भी वाहनों का उपयोग कर कोचिंग संस्थान जाते हैं अत: ऐसे छात्र-छात्राओं को नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं चलाने हेतु कोचिंग के माध्यम से निर्देशित किए जाने हिदायत दी गई। साथ ही उनके माता-पिता अभिभावकों को नाबालिक बच्चों को वाहन देकर कोचिंग संस्थान नहीं भेजने अपितु विधिवत रूप से पात्र वाहन चालकों के माध्यम से बच्चों को कोचिंग संस्थान भेजने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, डीएसपी शिवचरण परिहार, रक्षित केंद्र निरीक्षक भूपेंद्र गुप्ता एवं जिले के विभिन्न कोचिंग के संचालक एवं प्रबंधक गण अधिकाधिक संख्या में उपस्थित थे सभी के द्वारा सर्वसम्मति से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन किए जाने के संबंध में अपनी अपनी सहमति प्रदान किया गया।

# चाकू से हमला कर हत्या का प्रयास आरोपी उड़ीसा में गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 5 जून (देशबन्धु)। होली त्यौहार के दिन चाकू मारकर हत्या का प्रयास करने वाले फरार आरोपी को सकरी पुलिस ने उड़ीसा के संबलपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है।

– घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि द 14- मार्च 2025 को प्रार्थी करन ध्रुव पिता राजू ध्रुव उम्र 19 वर्ष निवासी अटल आवास सकरी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि होली त्यौहार के दिन वह अपने दोस्तों के साथ अटल आवास सकरी में होली खेल रहे थे इसी दौरान आरोपी करन बंजारे तथा उसके साथी आकर जबरन झगड़ा विवाद करने लगे और आरोपी करन बंजारे द्वारा अपने पास रखे हुए चाकू से आहत कान्हा मानिकपुरी पिता संतोष मानिकपुरी उम्र 19 वर्ष निवासी अटल आवास सकरी * के गले मे वार कर गंभीर चोट पहुंचाया गया प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 296,351(2),115(2), बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया आहत को घटना दिनांक को श्री कृष्णा हॉस्पिटल बिलासपुर एवं नागपुर अस्पताल मे भर्ती कराकर उपचार कराया गया, उपचार करने वाले डाक्टर का मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त किया गया जिसमे आहत के चोट को धारदार हथियार से मार कर आहत के गले मे गंभीर चोट पंहुचा कर हत्या का प्रयास किये जाने पर प्रकरण मे धारा 109(1) 3(5) बी एन एस जोड़ी गई। विवेचना के दौरान आरोपी करन बंजारे घटना के बाद से अपने घर से फरार हो गया था. सकरी पुलिस द्वारा लगातार आरोपी की पतासाजी की जा रही थी ।पतासाजी के दौरान थाना प्रभारी सकरी निरीक्षक प्रदीप आर्य को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि करन बंजारे वर्तमान मे सम्बलपुर मे रह कर ऑटो चला रहा है. सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक निमितेश सिंह परिहार के मार्गदर्शन मे टीम तैयार कर उप निरीक्षक हेमंत आदित्य एवं आरक्षक सुनील सिंह क्रमांक 808 को आरोपियों की गिरफ़्तारी हेतु सम्बलपुर रवाना किया गया. जो काफ़ी परिश्रम के बाद फरार आरोपी करन बंजारे पिता रमेश बंजारे निवासी अटल आवास सकरी को सम्बलपुर ओड़िसा मे रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर बिलासपुर लाया गया। पूछताछ पर अपराध करना स्वीकार किया।,आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त चाकू एवं घटना समय मे पहने हुए कपडे जप्त किया जाकर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# बिलासपुर को प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प लेंगे - डॉ. अंजू शुक्ला

**बिलासपुर,** 5 जून (देशबन्धु)। आज, विश्व पर्यावरण दिवस पर डी.पी. विप्र ऑटोनॉमस महाविद्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन रखा गया जिसका विषय था पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक मुक्त बिलासपुर डी.पी. विप्र आटोनॉमस महाविद्यालय के प्रशासन समिति के अध्यक्ष श्री अनुराग शुक्ला जी एवं प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस आज मनाया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना हुआ हैं।




परि जो हमारे चारों ओर है आवरण जो हमें चारों से घेरे हुए हैं। अत: पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ होता है चारों ओर घेरे हुए। पर्यावरण का विकास सर्वप्रथम 18वीं शताब्दी में अलेक्जेण्डर को माना जाता है। भारत में पर्यावरण विज्ञान का जनक प्रो. नामदेव मिश्रा को माना जाता है वे वनस्पति शास्त्री और पर्यावरणविद थे। पर्यावरण हमारे चारों ओर वह वातावरण है जो हमारे जीवन को प्रभावित करता है। इसमें हवा, मिट्टी, पानी, जानवर और मानव निर्मित संरचनाएँ शामिल है। डॉ. शुक्ला ने 2025 का थीम प्लास्टिक का नष्ट करना है के संबंध में कहा कि प्लास्टिक से बनने वाली कारखानों को बंद करना उचित होगा तभी प्लास्टिक मुक्त कर पाने में हम सफल होंगे। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी गई जिसमें प्रमुख रूप से बिलासपुर को प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प भी शामिल था। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एम.एस. तम्बोली एवं राष्ट्रीय सेवा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण दुबे ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मनीष तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यूपेश कुमार का योगदान सक्रिय रूप से रहा। इस अवसर पर डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. आभा तिवारी, प्रो. निधीश चौबे, डॉ. रश्मि शर्मा, प्रो. दीपक तिवारी, प्रो. रूपेन्द्र शर्मा, सगराम चन्द्रवंशी, तोरण यादव तथा एन.सी.सी, एन.एस.एस. के छात्र हैल्सियन कांत, उपेन्द्र, कुणाल, डिकेश, आकांक्षा, गुंजन, अमिषा, अंशिका, पूजा, नवनीत, मोहनेश, एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित थे। यह आयोजन एक सामाजिक आंदोलन के रूप में सामने आया जिसमें समाज में व्याप्त विभिन्न प्रदूषण को मुक्त करके स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मतिष्क का विकास कर देश को आगे बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला एवं श्री सगराम चन्द्रवंशी के द्वारा पौधा रोपण किया गया।

# सड़क किनारे अवैध रूप से खुले में पेट्रोल बेचने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई



**बिलासपुर,** 5 जून (देशबन्धु)। शनिचरी गोल बाजार में ज्वलनशील पदार्थ से लगे भीषण आग के परिप्रेक्ष्य में थाना क्षेत्र में अवैध ज्वलनशील पदार्थ रखने एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सरकण्डा निरी. निलेश पाण्डेय के दिशा निर्देशन में टीम तैयार कर क्षेत्र में अवैध पेट्रोल बिक्री करने वाले लोगों पर नजर रखा जा रहा था ।गुरुवार को पेट्रोलिंग दौरान आरोपी बबलू श्रीवास एवं गगन यादव निवासी रपटा चौक चांटीडीह द्वारा अलग-अलग ठेला में अवैध रूप से पानी बॉटल में पेट्रोल भरकर खुलेआम बिक्री करते हुये मिले जिनकी पृथक-पृथक तलाशी पर आरोपी बबलू श्रीवास के कब्जे से 5 लिटर 240 एमएल पेट्रोल एवं आरोपी गगन यादव के कब्जे से 5 लिटर 60 एमएल पेट्रोल बरामद हुआ जिसे विधिवत् जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस के धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

# युक्तियुक्तकरण से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी-कलेक्टर




**बिलासपुर,** 5 जून (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मंथन सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा की ।इस दौरान उन्होंने युक्तियुक्तकरण के औचित्य बताया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अब एक भी स्कूल शिक्षक विहीन अथवा एकलशिक्षकीय नहीं रहे, इससे शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी। बच्चों को शिक्षकों की मांग करने के लिए कलेक्ट्रेट नहीं आना पड़ेगा।

कलाकार संजय अग्रवाल ने बताया कि युक्तियुक्तकरण का काम पूरी तरह से पारदर्शी हुआ है। पहले स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया गया इसके बाद अतिशेष शिक्षकों को शिक्षकविहीन स्कूलों में ट्रांसफर किया गया ।बिलासपुर जिले के कोटा के खपराखोल, कुसुमखेडा, मस्तूरी के सबरियाडेरा लोहर्सी और तखतपुर के डिलवापारा आदिवासी बैगा बाहुल्य ग्राम है। यहां के स्कूल शिक्षक विहीन थे। यहाँ के स्कूलों में 02-02 शिक्षक दिये गये है। इसी प्रकार एकल शिक्षकीय पूर्व माध्यमिक शाला चितवार (तखतपुर). जैतपुर (मस्तूरी), तरवा व नगोई (कोटा) में 03-03 शिक्षक की व्यवस्था की गई है। शिक्षकविहीन शाला शास. हाईस्कूल कुकुदा (मस्तूरी) में 05, सैदा (तखतपुर) में 04, कुकुर्दीकला (मस्तूरी) में 03 शिक्षक दिये गये है। शहर के भीतर पूर्व माध्यमिक शाला तारबहार (बिल्हा) में 11 शिक्षक पदस्थ थें, जबकि छात्रों को दर्ज संख्या मात्र 142 है। ऐसे अतिशेष शिक्षकों को अन्यत्र शालाओं पदस्थापना दी गई है। जब कलेक्टर संजय अग्रवाल से पूछा गया कि इस युक्तियुक्तकरण के बाद स्कूल के बच्चे कलेक्टर के दरवाजे में शिक्षक मांगने तो नहीं आएंगे ? इस पर उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं है। इसलिए ऐसी नौबत नहीं आएगी। किसी भी गांव के बच्चों को उनके स्कूल में शिक्षक नहीं होने की शिकायत नहीं होगी। प्रेसवार्ता में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, संयुक्त संचालक शिक्षा आरएन आदित्य, डीईओ अनिल तिवारी आदि उपस्थित थे।

## फ़ॉरेस्ट विभाग की टीम को जान से मारने की धमकी देने वाले लकड़ी चोर गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 5 जून (देशबन्धु)। वन विभाग की टीम के द्वारा छापामारी की कार्यवाही के दौरान आरोपियों के द्वारा गली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाला गया है । रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया गया । जिस पर श्रीमती अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्रीमती नुपूर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन पर आरोपियों 01. भुरूवा उर्फ अंधियार सिंह गोंड पिता गोविंद सिंह उम्र 55 वर्ष 02. सकून बाई गोंड पति टमपाल सिंह गोंड उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सेमरिया थाना कोटा को विधिवत गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**NECC**

| 06.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 535 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 550 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लिया संरक्षण का संकल्प




## पर्यावरण के रक्षक बने स्काउट्स एवं गाइड्स

**बिलासपुर,** 5 जून (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला मुख्य आयुक्त चंद्रप्रकाश बाजपेयी, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट डॉ. अनिल कुमार तिवारी के आदेशानुसार एवं राज्य संगठन आयुक्त स्काउट विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पंडित देवकीनंदन उच्चतर माध्यमिक शाला में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने अधिक से अधिक पेड़ लगाना और उसे सुरक्षित रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी/पदेन जिला आयुक्त स्काउट डॉ अनिल कुमार तिवारी ने किया व अपने आसपास के वातावरण को साफ रखना एवं प्लास्टिक से उपयोग हो रहे समान कम से कम उपयोग करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक राज्य आयुक्त स्काउट भूपेंद्र शर्मा ने भू संरक्षण हेतु वृक्षारोपण करने का सन्देश दिया।। प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें पर्यावरण की महत्ता का बोध कराता है और यह जागरूकता फैलाता है कि हम सभी को मिलकर अपनी प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना थीम पर स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने पेंटिंग, निबंध, भाषण, रंगोली एवं स्लोगन के प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं पर्यावरण को बचाने के लिए अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बिलासपुर के द्वारा पुरस्कार एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

## एसएसपी व बिलासपुर पुलिस ने किया वृक्षारोपण



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा पुलिस ग्राउंड में वृक्षारोपण किया गया, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत जिला में पदस्थ सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारी को पेड़ अनिवार्य रूप से लगाने हेतु निर्देशित किए । वर्तमान समय में पेड़ की कटाई,बढ़ती आबादी, बढ़ती वाहन संख्या,डामरीकरण कंक्रीट, प्रदूषण आदि के कारण वातावरण में दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है जो भविष्य में काफ़ी खतरनाक साबित हो सकता है इस समस्या को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार, प्रशासन, पुलिस और सामाजिक संस्थाएं लगातार इस दिशा में प्रयासरत हैं कि इस समस्या का समाधान किया जा सके। प्रति वर्ष वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है और सभी को वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित, प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह आईपीएस द्वारा जिला में चलाया जा रहे चेतना अभियान के तहत एक अभियान के रूप में बिलासपुर जिला के नागरिक और पुलिस स्टाफ पेड़ लगाकर अपनी फोटो बिलासपुर पुलिस के व्हाट्सऐप इंस्टा फेसबुक आदि में डाल कर पुलिस चेतना मित्र बनें , लोगो को पुलिस से जुड़ने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने हेतु जागरूक करने के लिए बिलासपुर पुलिस लोगो को आमंत्रित कर रही है।

## पर्यावरण संरक्षण की ओर एक कदम



पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुल सचिव भुवन सिंह राज थे, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नीम, आम, करंज, गुलमोहर जैसे छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी विभागों के प्रमुख, अधिकारी, कर्मचारी व शोधार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुल सचिव श्री राज ने कहा कि पर्यावरण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी का सामूहिक दायित्व है कि हम धरती को हरा-भरा रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। पौधारोपण इस दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

## एक पेड़ मां के नाम में जुड़े जिला सहकारी बैंक के कर्मी-दुबे

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के द्वारा सेवा सहकारी समिति सेमरताल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाया गया।




आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बैंक के नोडल अधिकारी आशीष दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) के दृष्टिकोण के साथ जुड़ते हुए हम सभी को एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया है। इस नई पहल का लक्ष्य 5 जून से 30 सितंबर के बीच अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान भावनात्मक प्रतिध्वनि को पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ जोड़ता है, जो वृक्षारोपण को एक व्यक्तिगत और राष्ट्रीय मिशन में बदल देता है। उन्होंने कहा कि पेड़ माँ की तरह, जीवन, देखभाल और सुरक्षा प्रदान करते हैं। हमें भी इस अभियान में भाग लेकर जुड़ना चाहिए। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष यशवंत सिंह ठाकुर, शाखा प्रबंधक देवदत्त साहू, समिति प्रबंधक राजेंद्र साहू, कमलेश गुप्ता और समिति कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रकृति समस्त जगत के लिए ईश्वर की देन

प्रकृति समस्त जगत के लिए ईश्वर की देन है और प्रकृति सदैव मानव को देती ही रही है। प्रकृति के अन्दर वायु, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, नदियां, सरोवर, झरने, समुद्र, जंगल, पहाड़, खनिज आदि और न जाने कितने ही तरह-तरह के प्राकृतिक संसाधन आते हैं। इन सभी से हमें सांस लेने के लिए शुद्ध हवा, पीने के लिए पानी, भोजन आदि जो जीवन के लिए नितान्त आवश्यक हैं प्रकृति हमें उपलब्ध कराती है। प्रकृति से हमें जीवन जीने का उमंग मिलती है।



इसलिए प्रतिदिन हम प्रकृति का शुक्रिया जरूर करें। प्रकृति हमें वही लौटाती है जो हम प्रकृति को देते हैं। उक्त वक्तव्य विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन सेवाकेंद्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा। उन्होंने बताया कि विज्ञान भी यह स्वीकार करता है कि हमारे विचारों में एनर्जी होती है परंतु अध्यात्म सदियों से सिखाता आया है कि हमारी हर सोच एक बीज के समान होता है। जिसका प्रभाव सकारात्मक है तो शक्तिशाली होता है या नकारात्मक सोच है तो वह कमजोर होता है। जब हमारे मन में तनाव, क्रोध, अशांति, चिंता व भय के नकारात्मक वाइब्रेशन होते हैं तो वह धीरे-धीरे प्रकृति में हवा पानी मिट्टी को असंतुलित कर देता हैं। जैसे जहरीली गैस वायुमंडल को प्रदूषित करती है।

## एसईसीएल में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान का हुआ शुभारंभ

एसईसीएल मुख्यालय आडिटोरियम में विश्व पर्यावरण दिवस सोल्लासपूर्ण मनाया गया। इस अवसर पर प्रारंभ में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक तथा विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों- कर्मचारियों की उपस्थिति में पर्यावरण ध्वज फहराया उपरांत कोल इण्डिया कॉरपोरेट गीत बजाया गया।



इस अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में एसईसीएल के प्रयासों को संकलित करती पर्यावरण दर्पण का विमोचन मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन द्वारा सभी उपस्थितों को पर्यावरण प्रतिज्ञा दिलवाई गई। साथ ही पर्यावरण विषय पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का मंचन अग्रज नाट्य दल द्वारा किया गया जिसने सभी का मन मोह लिया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने उपस्थितों को पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमें दैनंदिन जीवन में प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना चाहिए साथ ही यदि हमारे द्वारा यदि प्लास्टिक का उपयोग किया भी जा रहा है तो वेस्ट प्लास्टिक को रीसाईकिल कर पुन: उपयोग किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज एसईसीएल मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन, निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना-परियोजना), एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन, उपाध्यक्षागण श्रीमती हसीना कुमार, श्रीमती विनिता जैन, महाप्रबंधक (पर्यावरण) बीके जेना, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा औषधीय, फलदार पौधों व विविध पौधों का रोपण प्रशासनिक भवन स्थित प्रांगण में किया गया। आज से शुरू हुए अभियान के तहत एसईसीएल ने मुख्यालय सहित छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न संचालन क्षेत्रों में 1 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

## रेलवे जीएम ने मधुवन उद्यान में किया वृक्षारोपण




महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तरुण प्रकाश के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया ।इसके अंतर्गत वृक्षारोपण सहित पर्यावरण संरक्षण जागरूकता से संबन्धित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

नवीन अधिकारी विश्राम गृह के पास स्थित मधुवन उद्यान में वृहद वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को संरक्षित और पोषित करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक इस वृहद वृक्षारोपण अभियान का महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने वृक्षारोपण कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल एवं मुख्यालय के उपस्थित समस्त विभागाध्यक्षों एवं मंडल के अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया । इस दौरान लगभग 500 फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया 7 वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्काउट एंड गाइड, नागरिक सुरक्षा संगठन, स्कूल के बच्चे, सेंट जॉन एम्बुलेंस के स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिये ।

कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए ऊर्जा का संरक्षण, प्लास्टिक का कम उपयोग, अपशिष्ट को कम करने और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने जैसे स्थायी आदतों को अपनाने जाने की बात कही ।

पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 22 मई से 04 जून 2025 तक पूरे पखवाड़े के दौरान पर्यावरण संरक्षण से संबन्धित अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत अनेक 12 कार्यशाला, 180 सार्वजनिक जागरूकता अभियान और सोशल मीडिया अभियान चलाया गया । इस अभियान के अंतर्गत 08 प्लास्टिक कलेक्शन ड्राइव चलाकर स्टेशनों पर स्थापित प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों की कार्यस्थिति एवं रखरखाव की समीक्षा की गई । स्टेशनों पर विशेष अभियान चलाकर सभी केटरिंग स्टाल की जाँच की गई । इसके साथ ही स्टॉल संचालकों व विक्रेताओं को सिंगल उपयोग प्लास्टिक कार्यान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये ।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771